सूर्योदय 7:18 सूर्यास्त 5:45

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.4 न्यू | 15.0 अधि |
| धर्मशाला | 3.2 न्यू | 20.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,246 |
| निफ्टी | 25,585 |
| सोना | 1,48,000 |
| चांदी | 3,02,600 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 20 जनवरी 2026 | 7 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 24, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# हिमाचल में 30 अप्रैल से पहले होंगे पंचायत चुनाव

## हमीरपुर में कैंसर केयर सेंटर होगा स्थापित, 250 पद मंजूर

## शिमला से दिल्ली-धर्मशाला के बीच शुरू होंगी हवाई उड़ानें

## प्रदेश में भर्तियां, निवेश और आधारभूत ढांचा होगा मजबूत

## रिटायर्ड राजस्व अधिकारियों व कर्मियों को री-अंगेज करने का फैसला

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की अहम बैठक में राज्य से जुड़े कई बड़े और दूरगामी फैसलों पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लोकतांत्रिक प्रक्रिया, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रदेश की कनेक्टिविटी जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का फोकस साफ तौर पर लंबित मामलों को निपटाने और प्रशासनिक व्यवस्था को रफ्तार देने पर रहा।

कैबिनेट बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव 30 अप्रैल से पहले करवा दिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से बनी अनिश्चितता को समाप्त करते हुए कैबिनेट ने अदालत के आदेशों के अनुरूप चुनाव कराने का फैसला लिया। इससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक संस्थाओं का गठन समय पर हो सकेगा और पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी। बैठक में हवाई सेवाओं को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। शिमला से दिल्ली और शिमला से धर्मशाला के लिए नियमित फ्लाइट सेवाएं शुरू करने को मंजूरी दी गई। एलायंस एयर के करार की अवधि समाप्त होने के कारण यह सेवाएं पिछले कई महीनों से बंद थीं। फ्लाइट सेवाएं दोबारा शुरू होने से प्रदेश की राजधानी और प्रमुख पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।



शिमला में सोमवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पटवारी के लिए मानदेय तय

**कैबिनेट** ने री-अंगेज किए जाने वाले राजस्व अधिकारियों के लिए मासिक मानदेय भी तय किया। तहसीलदार को 70 हजार रुपए, नायब तहसीलदार को 60 हजार रुपए, कानूनगो को 50 हजार रुपए और पटवारी को 40 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने राजस्व विभाग में सात पद तहसीलदार के भरने की भी स्वीकृति प्रदान की।

कैबिनेट ने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर रेजिडेंसी पॉलिसी में संशोधन को भी मंजूरी दी। इसके तहत 66 प्रतिशत पद इन-सर्विस डॉक्टरों से और 33 प्रतिशत पद डायरेक्ट रिक्रूटमेंट के माध्यम से भरे जाएंगे। यदि किसी श्रेणी में योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं, तो पदों का आपसी समायोजन किया जा सकेगा। इससे सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने में मदद भी मिलेगी।

कैबिनेट बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े मामलों पर भी निर्णय लिया गया। डिमार्केशन, तकसीम और इंतकाल जैसे लंबे समय से लंबित मामलों के निपटारे के लिए सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को री-अंगेज करने की मंजूरी दी गई। रिटायरमेंट के बाद इन अधिकारियों और कर्मचारियों को तय मानदेय पर सेवाएं दी जाएंगी। कैबिनेट ने डॉ. राधाकृष्णन सरकारी मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने का फैसला किया। वहीं, सामाजिक सुरक्षा (पेंशन और भत्ता) नियम, 2010 में संशोधन को मंजूरी दी गई।

कैबिनेट ने विभिन्न विभागों में पद सृजन और भरने, असिस्टेंट स्टाफ नर्स भर्ती की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष करने, एम्स बिलासपुर परिसर में आठ नए ब्लॉक बनाने और हिमाचल प्रदेश औद्योगिक निवेश नीति 2019 को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाने जैसे फैसले लिए।

### धर्मशाला के नड्डी में बनेगी एशिया की सबसे बड़ी लेंथ ईको एडवेंचर जिप लाइन

**कांगड़ा** जिले के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए लंबित दो मुख्य परियोजनाओं को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्थानीय विधायक केवल पठानिया के प्रयासों और मुख्यमंत्री के साथ बेहतर संबंधों के चलते आखिरकार इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने से यहां की जनता को बड़ा तोहफा मिला है। पठानिया के प्रयासों से विधानसभा शाहपुर क्षेत्र में 6 मेगावाट खोली-2 प्रोजेक्ट को शुरू करने और विख्यात पर्यटन स्थल नड्डी क्षेत्र में 7.41 करोड़ से एशिया की सबसे बड़ी लेंथ ईको एडवेंचर जिप लाइन प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल गई है। इन दोनों प्रोजेक्टों को लंबे समय से विधायक पठानिया जनता के बीच विधानसभा शाहपुर क्षेत्र में लगाने की बात करते थे। विधायक ने जनता से इन दोनों प्रोजेक्टों को लगाने के वादे किए थे। सोमवार को शिमला में हुई कैबिनेट की बैठक में आखिरकार इन दोनों प्रोजेक्टों को केबिनेट में स्वीकृति मिल गई है।

### पेट्रोल-डीजल सेस मंजूर

**मंत्रिमंडल** ने अनाथों और विधवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल पर पहली बिक्री के समय सेस लगाने के लिए अध्यादेश लाने को मंजूरी दी। सरकार के अनुसार यह सेस उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगा, जबकि इससे सामाजिक योजनाओं के लिए स्थायी वित्तीय संसाधन सुनिश्चित होंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 26 घंटे से अनशन पर



**एजेंसी, प्रयागराज।** माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 26 घंटे से अनशन पर हैं। पालकी यात्रा रोकने के विरोध में वे पुलिस द्वारा छोड़े गए स्थान पर ठंड में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करेंगे। शंकराचार्य ने प्रण लिया कि हर माघ मेले में प्रयागराज आएंगे, लेकिन शिविर में नहीं रहेंगे, फुटपाथ पर ही व्यवस्था बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### हाईकोर्ट का सेंगर की सजा पर रोक से इनकार

**एजेंसी, उन्नाव।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में कुलदीप सेंगर की 10 साल की सजा निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल और पांच अन्य को भी 10 साल की सजा हुई। पीड़ित परिवार ने जमानत का विरोध किया। इससे पहले सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने अस्थायी बेल दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रोका। (अनंत ज्ञान)

### अब 'लोहिया नगर' कहलाएगा अंबेडकर नगर का अकबरपुर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंबेडकरनगर का अकबरपुर अब लोहिया नगर के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह संघटिया तिराहा अब भारत रत्न अटल बिहारी चौक के नाम से जाना जाएगा। मुगल शासक अकबर से जुड़ा नाम अब अकबरपुर नगर पालिका और रेलवे स्टेशन से हटाए जाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की हालिया बोर्ड बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें इन स्थानों का नाम समाजवादी विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया के नाम पर रखने की सहमति बनी। (अनंत ज्ञान)

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**एजेंसी, किश्तवाड़।** आतंकियों की तलाश के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रविवार को मुठभेड़ हुई, जिसमें 8 जवान घायल हुए, जिनमें से हवलदार गजेंद्र सिंह इलाज के दौरान शहीद हो गए। मुठभेड़ के दूसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, जंगलों में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 2-3 आतंकी छिपे हैं। सेना, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की टीमें ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से तलाशी में लगी हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिझड़ी पंचायत का दावा: बेहतर हुआ काम, मगर लोग खुश नहीं -पेज 2
- प्रदेश में किसानों की जमीन से बेदखली को बंद करे सरकार -पेज 5
- पर्यटन से सरकारें मालामाल, टैक्सी चालक बेहाल -पेज 6
- बंगाणा स्कूल में इनडोर परिसर का कार्य अधूरा -पेज 10
- सोलन-सिरमौर में सूख रही लहसुन मटर की फसलें -पेज 12


# चांदी पहली बार 3 लाख के पार

## एक महीने में 2 लाख से बढ़कर 3 लाख हुई कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चांदी की कीमत सोमवार को 10,000 रुपए की जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड तीन लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई है, जबकि सोना भी 1,900 रुपए उछलकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के चलते चांदी के दाम में जबरदस्त तेजी देखी गई। सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर हुआ जो तीन लाख रुपए से ऊपर का पहला बंद भाव है। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपए अधिक है। विशेषज्ञों ने कहा कि कीमती धातुओं की मांग में निरंतर वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे सोना और चांदी दोनों के दामों में लगातार तेजी दर्ज की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष चुना जाना तय, औपचारिक ऐलान आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बिहार के युवा नेता और पूर्व मंत्री नितिन नबीन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बदलाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

भाजपा की राष्ट्रीय संगठन टीम का जल्द पुनर्गठन किया जाएगा, जिसमें खास तौर पर युवा नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। नई टीम में ज्यादातर नेताओं की उम्र 55 साल से कम हो सकती है। नितिन नबीन के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है, जिससे वह सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। अगर नॉमिनेशन प्रक्रिया योजना के मुताबिक पूरी होती है, तो नबीन मंगलवार को 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, लद्दाख/श्रीनगर।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे दोनों क्षेत्रों में लोग दहशत में आ गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। स्थानीय मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने बताया कि भूकंप सुबह 11 बजकर 51 मिनट पर आया। इसका केंद्र लद्दाख क्षेत्र के लेह इलाके में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर दर्ज किए गए, जबकि इसकी गहराई 171 किलोमीटर बताई गई है। भूकंप के झटके लद्दाख के अलावा जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तीव्रता से महसूस किए गए। प्रशासन के अनुसार अब तक कहीं से किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)




## स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों में टक्कर, 39 की मौत



**एजेंसी, मैड्रिड।** स्पेन के रेल इतिहास में आज का दिन एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर से पूरा यूरोप हिल गया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 39 हो गई है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है और मलबे की स्थिति को देखते हुए हताहतों का आंकड़ा और भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब दो आधुनिक हाई-स्पीड ट्रेनें एक ही ट्रैक पर विपरीत दिशा से आ गईं। टक्कर इतनी प्रचंड थी कि ट्रेनों के अगले हिस्से पूरी तरह पिचक गए और कई डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़ कर पटरी से दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। (अनंत ज्ञान)

**कवायद** पानी का हुआ टेंडर, बिजली के टेंपरेरी कनेक्शन के प्रयास

# सीयू की कक्षाएं देहरा में शिफ्ट करने की तैयारी

अनंत ज्ञान




**राजेश कुमार, धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी को देहरा कैंपस में शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। देहरा कैंपस में पानी के लिए पेयजल योजना हेतु टेंडर हो चुका है। वहीं, सीयू प्रशासन बिजली के लिए टेंपरेरी कनेक्शन लेने के प्रयास में जुटा हुआ है।

निर्माण एजेंसी ने भी मार्च-अप्रैल माह में निर्माण कार्य पूरा होने की बात कही है। सीयू प्रशासन देहरा कैंपस में कक्षाएं शिफ्ट करने को पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में जितनी जल्दी बिजली की व्यवस्था हो जाएगी, सीयू को देहरा शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### मार्च-अप्रैल तक निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना

गौरतलब है कि पीएमओ से भी सीयू के देहरा कैंपस को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है, जो कि भेज दी गई है। बिना बिजली, पानी के देहरा कैंपस में कक्षाएं शुरू करना संभव नहीं है, ऐसे में जहां पानी का टेंडर हो चुका है, वहीं सीयू प्रशासन अस्थायी बिजली कनेक्शन को प्रयासरत है, जिससे कि इस वर्ष जल्द से जल्द देहरा में कक्षाएं शुरू की जा सकें।

टीचिंग स्टाफ का बैकलॉग समाप्त हो गया है और सीयू के नॉन-टीचिंग स्टाफ के सभी पद भर दिए गए हैं। वहीं, टीचिंग स्टाफ का बैकलॉग लगभग खत्म हो गया है, कुछ एक पद हैं, जो रह गए हैं। सीयू एचपी, देश का ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने 95 फीसदी पद भर दिए हैं।



> सीयू कैंपस देहरा में शिफ्ट होने का मार्च में तय किया था। पानी की व्यवस्था के लिए टेंडर हो चुका है, जबकि बिजली का टेम्परेरी कनेक्शन मांगा है, क्योंकि उसका पैसा आठ करोड़ रुपए भी सरकार ने जमा करवाने हैं, इस संबंध में आग्रह किया है, जितनी जल्दी हो जाएगा, सीयू को देहरा कैंपस में शिफ्ट कर दिया जाएगा। सीयू प्रशासन शिफ्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है।
>
> **प्रो. सत प्रकाश बंसल, वाइस चांसलर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश**




# मनरेगा के स्वरूप को बदलना पंचायतों व ग्रामीणों के साथ धोखा: सुमन भारती



ब्राहलरी में मनरेगा जनसंवाद के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन भारती। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मनरेगा विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित ग्रामीणों को रोजगार का अधिकार देने के लिए कानून बनाया था। आज दुर्भाग्यवश इस योजना को उसके मूल स्वरूप से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत हमीरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती की अध्यक्षता में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ब्राहलरी में 'पंचायत प्रतिनिधियों व मनरेगा मजदूरों के साथ संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमन भारती ने कहा कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ बदले की भावना से कार्य कर रही है और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा के मूल स्वरूप, गांधीवादी विचारधारा और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर गांव में अपनी लड़ाई जारी रखेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता कमला देवी, पंचायत प्रधान अर्जुन, वार्ड सदस्य सुमना कुमारी, मुकेश कुमार, सेवानिवृत्त एएसआई जोगिंदर सिंह, एएसआई चुन्नी लाल, सेवानिवृत्त सूबेदार सोम दत्त, सूबेदार राकेश, अवनीश, पूर्व प्रधान अमनदीप, सुरेश सहित कई उपस्थित रहे।

# बिझड़ी पंचायत का दावा: बेहतर हुआ काम, मगर लोग खुश नहीं

पंचायतनामा — गांव की गुफ्तगू से राजधानी की राजनीति तक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** तहसील मुख्यालय पर स्थित बिझड़ी ग्राम पंचायत विकास की पटरी पर कितना खरा उतर पाई है? इस पर एकमत नहीं है। इसलिए यहां के ग्रामीण अब नगर पंचायत का दर्जा चाहते हैं, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि यहां विकास को पटरी पर मानते हैं। उनका कहना है कि इस पंचायत में बहुत कुछ किया गया है। 30 लाख के आसपास विकास पर ही खर्च गया है। इसमें कई गांव बेहतर स्थिति में आ गए हैं और कुछ में थोड़ी दिक्कतें हैं, क्योंकि सरकारी भूमि यहां कम है। इसलिए पार्किंग की व्यवस्था अब यहां पर सबसे ज्यादा मुंह फुला कर खड़ी है। 'अनंत ज्ञान' ने इस पंचायत के प्रतिनिधियों और अन्य ग्रामीणों से विकास पर चर्चा की। पंचायत का दावा है कि बेहतर काम हुआ है, लेकिन ग्रामीण इससे खुश नहीं हैं।

## पूर्व प्रधान सुरेश शर्मा ने विकास पर उठाए सवाल



**दुकानदार** और पूर्व प्रधान सुरेश शर्मा कहते हैं कि विकास हमने यहां देखा नहीं है। कहते हैं यहां शौचालय भी बने हैं, लेकिन कहां हैं? हमें मालूम नहीं। गंदे पानी की नालियों से निजात दिलाने के लिए यहां जितना काम होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया है। साफ सफाई के हिसाब से भी इस पंचायत में उतना काम नहीं हुआ, जो पंचायत को करना चाहिए था। अब यदि यही स्थिति रहनी है तो फिर इसे नगर पंचायत ही बना दिया जाए। ताकि बजट भी ज्यादा मिले और इसकी दशा दिशा भी सुधर जाए।

## पंचायत सचिव बोले- आबादी 5000 और वार्ड 9



**पंचायत** के सचिव नरेंद्र शर्मा बताते हैं कि यह इस ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत है जिसकी तकरीबन 5000 की आबादी है और इसके 9 वार्ड हैं आठ रिवेन्यू विलेज हैं मगर तीन और यूपी गांव भी हैं जो अभी रिवेन्यू विलेज तो नहीं है, लेकिन इस हिसाब से इस पंचायत में वह जुलाई 2023 से कार्यरत हैं। सरकारी सिस्टम को जिस इमानदारी के साथ पूरा करने का संकल्प रहता है। उस पर उन्होंने खरा उतरने का प्रयास किया गया है। 15वें वित्त आयोग में इस वक्त तक 30 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। और विधायक निधि से तकरीबन 12 लाख का खर्चा हुआ है। एक पुस्तकालय का भी निर्माण हुआ है। विकास में यहां कोई कमी छोड़ी नहीं गई है। और ऐसा लगता है कि जितना पैसा यहां खर्च किया गया है, पूरे ब्लॉक में शायद सबसे ज्यादा होगा।

## पंचायत प्रधान संजय शर्मा ने विकास व स्वच्छता के कामों का दिया ब्यौरा

**पंचायत** प्रधान संजय शर्मा का कहना है कि विकास के रास्ते ढूंढने पड़ते हैं। वे पहले यहां उप प्रधान भी रहे हैं और इस बार सही मायने में फोकस स्वच्छता पर किया गया है। थोड़ा बहुत काम बचा है। कुआं चौक के पास 700 मीटर नाले को पक्का कर दिया गया है। आगे का काम भी जारी है। तीन सार्वजनिक शौचालय बनाए गए बाजार में। दो और शौचालय एक भुनाणी और एक लखो गांव में बनाया गया। सबसे अहम एक बायपास रोड संघिया-दा-टियाला तक लगभग तैयार हो गया है। कुछ हिस्सा बचा है। वह भी बहुत जल्दी तैयार होगा। इससे वरठीं की तरफ जाने वाले लोगों को बहुत फायदा होगा। उन्हें यहां बाजार में जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। संजय कहते हैं कि एक शमशान घाट का निर्माण भी हुआ, लेकिन उसमें लोगों ने आर्थिक रूप में बहुत मदद की। वे यह भी बताते हैं कि गंदगी को रिहायशी इलाके से खत्म करने का जो लक्ष्य रखा गया था, उसमें काफी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि लोगों का एटीट्यूड यहां बेहतर है और उन्होंने हर कदम पर पंचायत के विकास में अपना सहयोग देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।



## पूर्व सैनिक राकेश ने वार्ड विकास का दिया विवरण



**पंचायत** के सदस्य पूर्व सैनिक राकेश कुमार इस पंचायत के वार्ड नंबर एक से निर्विरोध पंचायत के सदस्य बने थे। उनके मुकाबले में कोई खड़ा ही नहीं हुआ था और वह चाहते हैं कि एक बार फिर अपने इसी वार्ड का पंचायत सदस्य के रूप में काम करने का मौका मिले क्योंकि इस बार उन्होंने सड़क सुविधा से इस अपने वार्ड को चारों तरफ से जोड़ा है। तीन पेयजल की मुख्य लाइनें डलवा कर पानी की समस्या को भी हल करवाया है। एचआरटीसी की तीन बसें भी अपने इस गांव से लिंक करवाई हैं। वह कहते हैं कि यदि फिर से मौका पंचायत के लोगों ने दिया, तो रही सही कसर भी पूरी कर दी जाएगी।

## राकेश भाना ने साफ-सफाई पर असंतोष जताया



**केमिस्ट** की दुकान करने वाले राकेश भाना भी बाजार में गंदगी और ट्रैफिक व्यवस्था से खुश नहीं है। उनका कहना है कि स्ट्रीट लाइटें जलती नहीं हैं। लाल स्टेडियम का रंग रूप बदला जाना चाहिए था। उसमें कमी रही है, टॉयलेट्स की कमी है। बाजार में ज्यादा कुछ हुआ नहीं है। यही उनकी नाराजगी है। सीवरेज का थोड़ा बहुत काम हुआ है, लेकिन ज्यादा होना चाहिए था। सरकार को भी यहां के विकास पर ज्यादा फोकस करना चाहिए था। क्योंकि यह बहुत बड़ा बाजार है। यहां तहसील भी है, इसलिए यहां से होकर जाने वालों की भीड़ लगी रहती है। आने वाले समय में निश्चित रूप में अगर यही स्थिति रहे, तो फिर नगर पंचायत बन जानी चाहिए। ताकि दूसरे कस्बों की तरह यहां का भी प्रॉपर विकास हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक 22 जनवरी को गीता भवन नादौन में प्रातः 11 बजे होगी। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने यहां जारी प्रैस बयान में दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला कांग्रेस हमीरपुर के अध्यक्ष सुमन भारती बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि मनरेगा बचाओ अभियान के तहत केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के विरोध में नादौन कांग्रेस कमेटी गांव-गांव में विधानसभा नादौन में अभियान चलाएगी उस बारे रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में नादौन कांग्रेस कमेटी के सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता व कांग्रेस विचारधारा वाले पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### खेल-खेल में सीखीं तनाव प्रबंधन की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कन्या स्कूल नादौन आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने तनाव मुक्त रहने की बारीकियों को खेल-खेल में सीखकर काफी राहत महसूस की है। 'परीक्षा पर चर्चा' के तहत आयोजित कार्यक्रम में छठी कक्षा की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं को समझाना कि परीक्षा कोई डर नहीं, बल्कि एक उत्सव है। छात्राओं ने संदेश दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाकर परीक्षा के तनाव को आसानी से कम किया जा सकता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राज कुमारी ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस प्रसूति से प्रेरणा लेते हुए परीक्षा बारे तनाव मुक्त रहना चाहिए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी नवाजे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भड़ोली के सभागार में राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पहले विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए चयन प्राप्त किया था। मुख्य अतिथि प्रो. शशि कुमार धीमान ने विज्ञान में रुचि और युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिक्षकों और विशेषज्ञों की भी विशेष उपस्थिति रही।

### बचत को बनाएं अपने जीवन का अंग: चंदेल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नाबार्ड के सौजन्य से संचालित वितीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत कांगड़ा सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक शाखा लंबलू द्वारा विकास खंड हमीरपुर की ग्राम पंचायत बोहणी के गांव गुदवीं में सोमवार को वितीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक सुभाष चंदेल ने इस अवसर पर लोगों को बताया कि अपराध एवं भ्रष्टाचार आदि असामाजिक समस्याएं घोर रूप लेती जा रही हैं। उन्होंने लोगों को इन समस्याओं के बारे में लोगों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि बचत को अपने जीवन का अंग बनाएं। उन्हांने बताया कि आर्थिक धोखा और घोटाला वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई समस्या है। इससे बचने के लिए हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार नंबर, पिन नंबर और ओटीपी को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर बैंक की ओर से सोहन शर्मा, तिलक राज, ग्रामीणों में वार्ड सदस्य सत्या देवी, सुखदेव, ज्ञान चंद, राम चंद रांझा राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बचत भवन की दुकान की नीलामी 30 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्थित बचत भवन की ऊपरी मंजिल पर बाजार की तरफ नवनिर्मित दुकान को आधे बरामदे सहित मासिक किराये के आधार पर नीलाम किया जाएगा। दुकान की नीलामी की प्रक्रिया 30 जनवरी को सुबह 11 बजे बचत भवन में पूर्ण की जाएगी। इसका न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया बीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उपायुक्त के सहायक आयुक्त और जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन 29 जनवरी सायं 5 बजे तक उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए इसी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# भोरंज में केंद्रीय मुख्याध्यापक के बिना चल रहे 9 राजकीय प्राथमिक विद्यालय

अनंत ज्ञान

◆ संघ ने शिक्षा उप निदेशक हमीरपुर से किया वरिष्ठता सूची जारी करने का आग्रह

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड भोरंज द्वारा जिला हमीरपुर में केंद्रीय मुख्याध्यापकों की लंबित पदोन्नतियों को लेकर एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबे समय से पदोन्नति न होने के कारण जिले के कई प्राथमिक विद्यालयों में उत्पन्न शिक्षकीय संकट पर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक में बताया गया कि जिला हमीरपुर के भोरंज खंड के लगभग 9 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में केंद्रीय मुख्याध्यापकों की भारी कमी है, जिससे विद्यालयों का शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय मुख्य अध्यापकों की पदोन्नति वर्षों से लंबित है, जिसके चलते अनेक स्कूल बिना केंद्रीय मुख्य शिक्षकों के चल रहे हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि कई शिक्षक बिना पदोन्नति के सेवानिवृत हो चुके हैं। इस संयुक्त बयान में खंड भोरंज प्रधान राजेन्द्र कुमार, अभिषेक ठाकुर महासचिव, शशि पाल कोषाध्यक्ष, राजेश धीमान वरिष्ठ उपप्रधान, जिला हमीरपुर, संदीप कुमार, सुनील कुमार वरिष्ठ उपप्रधान, खंड भोरंज तथा रजनीश ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ ने उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, हमीरपुर एवं विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि शीघ्र अतिशीघ्र केंद्रीय मुख्य अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी की जाए, ताकि प्राथमिक पाठशालाओं का कार्य सुचारू रूप से चल सके। पदाधिकारियों ने शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर व विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि शीघ्र आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। ताकि सभी पाठशालाओं को केंद्रीय मुख्य शिक्षक मिल सकें और पाठशालाओं के सभी काम सुचारू रूप से चल सकें।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## फंड आवंटन में मनमानी के खिलाफ विक्रमादित्य के समर्थन में राजेंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले सेवानिवृत्त शिक्षाविद् राजेंद्र वर्मा ने राज्य और केंद्र से प्राप्त फंड के मनमाने आवंटन के खिलाफ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य के बयानों का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों के कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारी राज्य के हितों की अनदेखी कर व्यक्तिगत या बाहरी प्राथमिकताओं के लिए धन का वितरण कर रहे हैं, जिससे स्थानीय विकास प्रभावित हो रहा है। वर्मा ने अधिकारियों से अपील की कि वे हिमाचल के अनूठे मूल्यों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संसाधनों का पारदर्शी और न्यायपूर्ण आवंटन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फंड आवंटन की कड़ी निगरानी, स्थानीय कैडर अधिकारियों को प्राथमिकता और जनता की भागीदारी से ही राज्य का विकास सुरक्षित और सरकारी विश्वास मजबूत होगा। वर्मा ने जनता से सहयोग करने और जागरूक रहने का आह्वान भी किया।

# कलंझड़ी देवी में 35 वर्षों बाद मित्रता और क्रिकेट का ऐतिहासिक संगम

अनंत ज्ञान



मैच के दौरान फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब कलंझड़ी देवी के सदस्य। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के कलंझड़ी देवी क्षेत्र में सोमवार को एक भावनात्मक और ऐतिहासिक अवसर देखने को मिला, जब फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब कलंझड़ी देवी के सदस्य लगभग 35 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः एकत्रित हुए। इस ऐतिहासिक पुनर्मिलन ने न केवल पुरानी यादों को ताजा किया, बल्कि क्रिकेट और सच्ची मित्रता की भावना को भी जीवंत कर दिया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ एवं पूर्व खिलाड़ी अशोक राज, विजय चौहान, विजय बहल, विनोद कुमार, राजेश कुमार, रोकेश कुमार, जसपाल, देश राज, किरण कुमार, नरेश चौहान, सोनू राज, कमल गुरदेव सिंह, रतन चंद, मिलाप चंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि यही वह क्लब है जिसने वर्ष 1985 से 1992 के स्वर्णिम काल में क्षेत्रीय क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई थी और अनेक प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में ट्रॉफियां जीतकर कलंझड़ी देवी का नाम रोशन किया था। इस पुनर्मिलन के दौरान क्लब के पूर्व खिलाड़ी, जो वर्तमान में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, एक-दूसरे से गले मिले, पुरानी यादों को साझा किया और अपने संघर्ष, उपलब्धियों व मित्रता के सुनहरे पलों को ताजा किया।

इस अवसर पर कलंझड़ी देवी के निकट स्थित क्रिकेट मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। उम्र के अंतर और समय की दूरी के बावजूद खिलाड़ियों का जोश, टीम भावना और क्रिकेट के प्रति प्रेम देखते ही बनता था। क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब केवल एक खेल संस्था नहीं, बल्कि अनुशासन, भाईचारे और युवा सशक्तिकरण का एक मजबूत मंच रहा है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो सत्र, जलपान एवं भविष्य में नियमित मिलन और क्रिकेट गतिविधियों को जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल खेल के प्रति समर्पण का प्रतीक बना, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि सच्ची मित्रता और खेल की भावना समय की सीमाओं से परे होती है।

## भाजपा ने शुरू किया विकसित भारत जी-राम-जी योजना का अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को विशेष जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की, जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) और प्रधानमंत्री की विकसित भारत जी-राम-जी योजना पर आम जनता को जानकारी देने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूचियों की शुद्धता बनाए रखने के लिए अनिवार्य है और इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और कुछ अन्य दल इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। प्रदेश शोध प्रकोष्ठ संयोजक कांशीराम भारती ने घुसपैठियों के खतरे की ओर ध्यान दिलाया। पंचायत राज प्रकोष्ठ के संयोजक विनोद ठाकुर ने विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन तक रोजगार सुनिश्चित करने की बात कही और विपक्ष पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में बड़सर विधायक, पूर्व विधायक और कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा गांव-गांव जाकर इस योजना पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।

## तूखानी गांव के विकास में इंजीनियर राजेश बन्याल ने किया अहम योगदान



तूखानी गांव में इंजीनियर राजेश बन्याल व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ बाबा बालकनाथ मंदिर में गुफा के रास्ते का चौड़ा निर्माण श्रद्धालुओं को मिली सुविधा

**बड़सर।** इंजीनियर राजेश बन्याल ने अपने गृह गांव तूखानी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमीरपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल में बीटेक करने के बाद वे देश-विदेश या सरकारी सेवा में बड़ी कमाई कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने गांव और प्रदेश को चुना। उन्होंने स्व-रोजगार से कई लोगों को रोजगार दिया और गांव में काम की एक कमेटी भी बनाई।

राजेश बन्याल ने बड़सर क्षेत्र में पार्क का निर्माण, पक्की सड़क सुविधा और मुक्तिधाम की व्यवस्था कराई। बाबा बालक नाथ मंदिर में गुफा के सामने रास्ता चौड़ा करने का प्रस्ताव पारित कर कार्य का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिली।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के निर्देश पर उन्हें हिमुडा का डायरेक्टर बनाया गया। उन्होंने बड़सर में हिमुडा कॉलोनी, नए प्रोजेक्ट और 'हिम चंडीगढ़' जैसी योजनाओं से प्रदेश के विकास में नई पहचान स्थापित की।

## बूथ स्तर पर सदस्य बनाने का 80 प्रतिशत लक्ष्य पूरा: पटाकू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री तिलक राज पटाकू ने जिला हमीरपुर के सभी 9 मंडलों का टीम सहित दौरा किया और जनता से फीडबैक ली। उन्होंने बताया कि दौरे के दौरान पाया कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है। विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। यह बात उन्होंने नादौन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय चौधरी,ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम चौधरी व चौधरी राजीव सिंह, प्रदेश प्रवक्ता पुरषोतम भटट,जिला महामंत्री चंद्र शेखर,सुरेश कुमार,राजेश चौधरी तथा मीडिया प्रभारी एडवोकेट वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। पटाकू ने कहा कि जिला के दौरे का मुख्य उद्देश्य मोर्चा को बूथ स्तर पर मजबूत करना, जी राम जी योजना बारे जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मोर्चा ने बूथ स्तर पर लोगों को जोड़ने का लक्ष्य 80 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है और शेष शीघ्र ही पूरा करके भाजपा को मजबूत करने के लिए मोर्चा अहम भूमिका निभाएगा।

## बचत भवन में 25 को मनाया जाएगा मतदाता दिवस समारोह: गंधर्वा राठौड़

अनंत ज्ञान

◆ जागरुकता कार्यक्रम के साथ नए मतदाताओं को मिलेंगे मतदाता पहचान पत्र

**हमीरपुर।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय समारोह 25 जनवरी को बचत भवन में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने सोमवार को निर्वाचन विभाग, अन्य विभागों तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करके जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आयोग की स्थापना की हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर वर्ष 2011 में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने की परंपरा आरंभ की गई थी। इस बार 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए निर्वाचन आयोग ने 'माई इंडिया, माई वोट-सिटीजन एट द हर्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी' थीम निर्धारित किया है। उपायुक्त ने निर्वाचन विभाग और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों को जिला स्तरीय समारोह के लिए इसी थीम पर आधारित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तैयार करने और समारोह में अधिक से अधिक युवा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समारोह में मतदाताओं को शपथ भी दिलाई जाएगी तथा नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि जिला के अलावा उपमंडल स्तर और प्रत्येक बूथ स्तर पर भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। बैठक में निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार किशोरी लाल ठाकुर ने जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## चिट्टा बेचने वाले हैं मौत के सौदागर: नवीन शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चिट्टे पर चोट अभियान के अंतर्गत सर्वजन कल्याण सभा द्वारा प्राइवेट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है जो न केवल एक व्यक्ति तक सीमित है बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है और हमारे देश व प्रदेश के युवा ही नशे कि इस गंभीर समस्या को जन जागरण अभियान चलाकर रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू करने जा रहे हैं जिसमें युवाओं को नशे की कुरीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। नवीन शर्मा ने कहा कि नशा व खासकर चिट्टा आजकल पूरे समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है जिसके दुष्परिणाम बहुत ही भयावह हैं। नवीन शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को लड़ना केवल संस्थाओं की ही जिम्मेदारी नहीं है बल्कि समाज के हर व्यक्ति, प्रबुद्ध जन ,अभिभावक , महिलाएं और युवाओं की सामूहिक जिम्मेवारी है। नवीन शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान के अंतर्गत संस्था के सदस्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जाकर युवाओं को जागरूक करेंगे व पंचायत स्तर पर जाकर महिला मंडलों युवा मंडलों के सदस्यों के साथ भी संवाद करके इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को चिट्टे के खिलाफ लड़ाई लड़ने की शपथ दिलाई गई।

## स्विफ्ट चैट ऐप में चेकआउट फीचर में किया जाए सुधार

अनंत ज्ञान

◆ छुट्टी के समय ऑनलाइन हाजिरी में आ रही दिक्कत

**हमीरपुर।** स्विफ्ट चैट ऐप में चेकआउट फीचर में तत्काल सुधार किया जाए। संघ ने कहा कि स्विफ्ट चैट एप पर चेकआउट के समय बार-बार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिसके कारण छुट्टी के बाद ऑनलाइन हाज़िरी करने में शिक्षकों को विलंब हो रहा है। चेक आउट के लिए स्कूल लोकेशन में ही उनको आधा घंटा तक रुकना पड़ रहा है। इसलिए शिक्षकों की सुविधा हेतु विद्या समीक्षा केंद्र इस तकनीकी समस्या को दुरुस्त करें। राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य समग्र शिक्षा अभियान परियोजना निदेशक को इस बारे मांग पत्र भेजा है। संघ ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत लंबित 50 प्रतिशत अनुदान शीघ्र जारी करने की मांग उठाई है।संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक सेमिनार आयोजित करना उपयुक्त नहीं है, क्योंकि इस समय नियमित कक्षाओं की पढ़ाई चल रही है और सेमिनार के कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है।

संघ ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों को 5 दिन के प्रशिक्षण पर जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु खंड स्तर पर ही व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से अपील की है कि कक्षा 9 से जमा दो प्री-बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल शीघ्र तय किया जाए ताकि शिक्षक एवं विद्यार्थी समय पर अपनी तैयारी कर सकें।

**बैठक** कामगारों के बच्चों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा की पूरी फीस भी देगा कामगार कल्याण बोर्ड

# फिजिकल वेरिफिकेशन में 15 प्रतिशत कामगार अपात्र: कंवर

अनंत ज्ञान



कामगार कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर व अन्य। अनंत ज्ञान

◆ प्रदेश के सभी विकलांग बच्चे सुख आश्रय योजना में होंगे शामिल

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर प्रदेश के श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ त्रैमासिक बैठक कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बोर्ड में पंजीकृत लगभग 4.76 लाख कामगारों की फिजिकल वेरिफिकेशन और ई केवाईसी की प्रक्रिया जारी है, ताकि अपात्र लोगों को बाहर किया जा सके तथा पात्र कामगारों को बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि अभी तक प्रदेश भर में लगभग 19,480 कामगारों की फिजिकल वेरिफिकेशन की गई है, जिनमें 2975 लोग अपात्र पाए गए हैं। यानि अभी तक 15 प्रतिशत से अधिक लोग अपात्र निकले हैं। सभी पंजीकृत कामगारों की वेरिफिकेशन के बाद अपात्र लोगों का आंकड़ा काफी चौंकाने वाला हो सकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बीओडी की बैठक में श्रमिकों, एकल महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के हित बहुत बड़े निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कामगारों की ई-केवाईसी हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से करने, इन्हें पेंशन स्कीम से जोड़कर सभी पेंमेंट्स ई-समोसा पोर्टल से करने के निर्देश दिए हैं।

कामगारों को हिमकेयर योजना से भी जोड़ा जाएगा और इसके कार्ड के सभी खर्चे बोर्ड द्वारा वहन किए जाएंगे। कामगारों के बच्चों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए सालाना 1.20 लाख रुपए तक की मदद की जाती थी। अब बोर्ड सरकारी संस्थान में अध्ययनरत इन बच्चों की पूरी फीस बोर्ड देगा। नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी दिव्यांग बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत लाने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि बोर्ड के लगभग चार हजार लाभार्थी श्रमिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की है। इनमें विधवा और अन्य एकल नारियों को मकान निर्माण के लिए मिलने वाली 3-3 लाख रुपये की राशि की पहली किश्त भी शामिल थी। प्रेसवार्ता से पहले, सभी जिलों के श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान नरदेव सिंह कंवर ने फिजिकल वेरिफिकेशन और ई-केवाईसी की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी हर हफ्ते 3 दिन कार्यालय में ई-केवाईसी और 3 दिन फील्ड में फिजिकल वेरिफिकेशन करें। जिला के कार्यालयों में अगर रेगुलर कर्मचारियों की कमी है तो बोर्ड के मुख्यालय से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# अस्पतालों में भरोसेमंद इलाज की गारंटी : सीएम

## कहा-100 करोड़ रुपए की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की जनता को सस्ती ही नहीं, बल्कि असरदार और भरोसेमंद दवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाने का संकेत दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करना पड़ेगा। सरकार का फोकस इस बात पर है कि प्रदेश के हर नागरिक को अपने ही राज्य में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और दवाओं की गुणवत्ता को लेकर लोगों के मन में कोई शंका न रहे।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार जल्द ही लगभग 100 करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगी। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रतिष्ठित और भरोसेमंद दवा निर्माता कंपनियां भी भाग लें, ताकि सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध करवाई जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। सरकार का मानना है कि अच्छी दवाएं ही प्रभावी इलाज की बुनियाद होती हैं और इसी से जनता का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास मजबूत होता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी साफ किया कि दवाएं अब बिचौलियों के बजाय सीधे दवा निर्माता कंपनियों से खरीदी जाएंगी। इससे न केवल दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, बल्कि सप्लाई चेन भी पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ड्रग्स एक्ट में संशोधन करने से भी सरकार पीछे नहीं हटेगी। वर्तमान सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है, ताकि प्रदेशवासियों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को भी निर्देश दिए कि जन औषधि और अन्य दवा दुकानों के लिए दवाइयां अधिकृत डीलरों के बजाय सीधे दवा कंपनियों से ही खरीदी जाएं। उन्होंने दो टूक कहा कि राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन जनता का पैसा केवल जनहित और लोककल्याण के कार्यों पर ही खर्च किया जाना चाहिए।


स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### जनहित सर्वोपरि, गुणवत्ता से नहीं कोई समझौता

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के इस फैसले से साफ संदेश जाता है कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। गुणवत्तायुक्त दवाओं की सीधी खरीद से जहां मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा, वहीं सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की साख भी और मजबूत होगी, जिससे आम आदमी का भरोसा और विश्वास दोनों बढ़ेंगे।

# चिकित्सकों व स्वास्थ्य संस्थानों को असाधारण सेवाओं पर मिला सम्मान

- पीटरहॉफ में सीएम सुक्खू ने किया सम्मानित
- स्वास्थ्य अधोसंरचना में बड़े सुधार, रोबोटिक सर्जरी पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित प्रतिष्ठित डॉक्टर्स अवार्ड 2025 समारोह की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में समाचार पत्र केवल सूचनाओं तक सीमित नहीं हैं। समारोह में प्रदेश और देश के नामी चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य संस्थानों को उनके समर्पण और असाधारण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर समाज की रीढ़ हैं और कठिन परिस्थितियों में भी मानवता की सेवा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। एआईएमएसएस चमियाना में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हो चुकी है और अब तक 120 से अधिक सफल सर्जरी की जा चुकी हैं। वर्ष 2026 की शुरुआत तक प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में यह सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

### संवेदनशील प्रशासन व भविष्य की योजनाएं

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष ओपीडी स्लॉट, डॉक्टरों की नई भर्तियां, रेजिडेंट डॉक्टरों के ड्यूटी आवर्स में सुधार और स्टाइपेंड में बढ़ोतरी जैसे कदम उठाए गए हैं। साथ ही, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने ठोस पहल की है, जिससे प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## 234 दिनों तक ड्यूटी से गैरहाजिर होने पर प्रवक्ता को अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्कूल शिक्षा निदेशालय ने अंग्रेजी विषय के एक प्रवक्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 234 दिनों तक बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के मामले में विभाग ने प्रवक्ता को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सजा सुनाई है। इस संबंध में आदेश सोमवार को जारी किए गए।

विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित प्रवक्ता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दहन, जिला सिरमौर में तैनाती के दौरान 1 जून 2022 से 30 नवंबर 2023 के बीच अलग-अलग समय पर लंबे समय तक गैरहाजिर रहे। नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए सीसीएस नियमों के तहत विभागीय जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। प्रवक्ता पर लगभग 4.13 लाख रुपये के वित्तीय गबन के आरोप भी लगे हैं। इस मामले में अलग से विभागीय कार्यवाही जारी है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुशासन और नियमों का पालन अनिवार्य है और लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## भाजपा ने संगठनात्मक लोकतंत्र को किया सुदृढ़: संजीव कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान राज्य से पहुंचे पार्टी नेताओं की उपस्थिति ने एक बार फिर भाजपा के मजबूत संगठनात्मक ढांचे और आंतरिक लोकतंत्र को रेखांकित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि नेतृत्व चयन की यह प्रक्रिया पारदर्शी, अनुशासित और पूरी तरह लोकतांत्रिक परंपराओं पर आधारित है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि संगठन पर्व भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है, जो यह साबित करता है कि पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि विचारधारा और कैडर पर आधारित लोकतांत्रिक संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक जिम्मेदारियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया से तय होती हैं।

## एचपीएमसी केंद्रों पर अव्यवस्था, रात 2 बजे से कतारों में बागवान : बरागटा

अनंत ज्ञान

- बागवानी व्यवस्था पर सवाल सामग्री पूरी तरह से गायब

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता चेतन बरागटा ने एचपीएमसी केंद्रों की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सेब बागवान पहले ही आर्थिक दबाव में हैं और एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब के बदले मिलने वाली बागवानी सामग्री अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्प्रे ऑयल, खाद, चपाटिया पेस्ट, ब्लाइटॉक्स, कीटनाशक, बोर्डो मिक्सचर और स्प्रे मशीनें, जो पहले आसानी से मिल जाती थीं, आज केंद्रों से नदारद हैं। इससे बागवानों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

चेतन बरागटा ने कहा कि गुम्मा एचपीएमसी केंद्र के बाहर बागवान रात दो बजे से कतारों में खड़े हैं। इसके बावजूद यह साफ नहीं है कि सामग्री कब आएगी, कितनी आएगी और किन बागवानों को मिलेगी। विभाग की ओर से न तो कोई सार्वजनिक सूचना जारी की गई है और न ही वितरण को लेकर कोई पारदर्शी व्यवस्था दिख रही है। इससे असमंजस और आक्रोश दोनों बढ़ रहा है।



### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का सेब बागवानों से कोई सरोकार नहीं

**चेतन** बरागटा ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह अव्यवस्था शिक्षा मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में देखने को मिल रही है। इससे क्षेत्र के साथ उपेक्षा का संदेश जा रहा है। चेतन बरागटा ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का सेब बागवानों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बागवान किसी विशेष रियायत की नहीं, बल्कि अपने हक और सम्मानजनक व्यवहार की मांग कर रहे हैं और सरकार को तुरंत पारदर्शी व्यवस्था बनाकर आवश्यक सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए।

## रामपुर बुशहर में 23 को अप्रेंटिस पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से एम/एस औरो टेक्सटाइल्स, साई रोड बद्दी जिला सोलन) के लिए अप्रेंटिस के 100 पदों को भरने हेतु 23 जनवरी 2026 को उप रोजगार कार्यालय रामपुर बुशहर में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 26 वर्ष रखी गई है। पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे सभी अनिवार्य दस्तावेजों और अपना रिज्यूमे साथ लेकर 23 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे उप रोजगार कार्यालय रामपुर बुशहर में उपस्थित हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन उम्मीदवारों का पंजीकरण नहीं है।

# विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में खुलकर उतरे कार्यकर्ता

## होलीलॉज में गूंजे समर्थन के नारे, शक्ति प्रदर्शन कर दिया कड़ा संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजनीति में उस वक्त नई सरगर्मी दिखी, जब पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह के एक बयान के बाद उठे विवाद ने शक्ति-प्रदर्शन का रूप ले लिया। शिमला स्थित होलीलॉज में जुटी भीड़ केवल समर्थन जताने नहीं आई थी, बल्कि यह बताने आई थी कि प्रदेश की राजनीति में भावनाओं, विश्वास और जनसरोकारों की अपनी एक अलग भाषा होती है। नारे, तख्तियां और चेहरों पर भरोसे की चमक यह संकेत दे रही थी कि यह मामला सिर्फ बयान तक सीमित नहीं रहा।

जानकारी के अनुसार विवाद के दौरान कांग्रेस के भीतर मतभेद भी सामने आए। कुछ मंत्रियों और विधायकों ने संयम की सलाह दी, जिससे यह साफ हुआ कि पार्टी में इस मुद्दे पर एकराय नहीं है। वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के खुले समर्थन ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को और तेज कर दिया। यह स्थिति दर्शाती है कि पार्टी के अंदर विचारों की विविधता है, लेकिन बहस के केंद्र में राज्य के हित को रखा जा रहा है।

होलीलॉज में जुटे समर्थकों ने यह संदेश देने की कोशिश की कि विक्रमादित्य सिंह अकेले नहीं हैं। युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यदोपति ठाकुर सहित कई नेताओं ने कहा कि यह जमावड़ा किसी के विरोध में नहीं, बल्कि अपने प्रिय नेता के समर्थन में है। समर्थकों का मानना है कि हिमाचल के मुद्दों को मुखरता से उठाने की वजह से ही मंत्री को जनता का भरोसा हासिल है।


होलीलॉज में विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### विक्रमादित्य सिंह बोले-हिमाचल प्रदेश के हित सर्वोपरि

**समर्थकों** को संबोधित करते हुए पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके लिए प्रदेश का हित सबसे ऊपर है। उन्होंने अपने पिता, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए भरोसा दिलाया कि सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया जा रहा है। सड़कों के निर्माण, संसाधन जुटाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में प्रयास जारी हैं और मुख्यमंत्री के निर्देशों को जमीन पर उतारना उनकी प्राथमिकता है।

# मोदी सरकार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 83 .82 करोड़ की 17 सड़कें की मंजूर : अनुराग

अनंत ज्ञान

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा उनके हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत ₹83.82 करोड़ की 17 सड़कें कीं मंजूर किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया है।

अनुराग ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल के हितों का सदा खास ख्याल रखा है व यहां विकास परियोजनाओं की कमी नहीं आने दी। यह हर्ष का विषय है कि मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-i1 बैच-1 के अंतर्गत ₹83.82 करोड़ की 17 सड़क कार्य (53.71 किमी.) की स्वीकृति दी है। गत दिनों कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर मैंने हिमाचल प्रदेश के लिए पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों की मांग की थी जिसे सहर्ष स्वीकारते हुए उन्होंने राज्य के सामाजिक व आर्थिक विकास के दृष्टिगत ₹83.82 करोड़ की 17 सड़कें मंजूर कर दीं। मेरे संसदीय क्षेत्र की 23 बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करने के इस अभिनंदनीय कार्य के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हृदय तल से आभारी हूं।



अनुराग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बिलासपुर सदर में लिंक रोड सोलग से जुरासी, भराथू से जंगल झलेड़ा, नेरी से बारनू घंसेर तुनिघाट रोड, श्रीनैनादेवी में भतेर से कंफ़रा लिंक रोड, हमीरपुर में गाहरा से लुहारणा वाया दुखरल लिंक रोड, पुरली रोड बरोटा जंगलेहड़ खड्ड लिंक रोड, देहरा में सप्रू से गारडहट हरिपुर वाया कोरा ग्राना, बनखंडी खेरियां रोड बरगोटियाँ दा बेहरा गांव वाया पादेरवासी लिंक रोड, टिप से जसेहर लिंक रोड, नगरोटा सूरियां में सकरी से गलुआ वाया महेंद्रू बल्ला लिंक रोड, रैत में भलेड़ डारिनी खुर्द लिंक रोड, धर्मपुर में रोपड़ीबागफल लिंक रोड, दयोल से ग्वैला लिंक रोड, बाग लिंक रोड, मझियार लिंक रोड, ऊना में चौली से बगरोह लिंक रोड व नानवीं आबादी मोहम्दन लिंक रोड की मंजूरी दी गई है।

अनुराग ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी ने पीएमजीएसवाई को वर्ष 2000 में ग्रामीण इलाकों में स्थित बस्तियों को हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान की सोच के साथ शुरू किया था। अटल जी की इस सोच को मोदी ने आगे बढ़ाने का कार्य किया।

## कागजी फैसलों से जनता को भ्रमित कर रही सरकार : सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने मंत्रिमंडल बैठक के बाद कांग्रेस मंत्रियों के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लंबी घोषणाओं और आंकड़ों के सहारे जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में दर्जनों एजेंडे गिनाने से शासन सफल नहीं होता, असली कसौटी ज़मीन पर काम दिखाना है, जिसमें सरकार पूरी तरह विफल रही है।

सुरेश कश्यप ने स्वास्थ्य, राजस्व और विकास योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि पद सृजन और नई परियोजनाओं की बातें सिर्फ काग़ज़ों तक सीमित हैं, जबकि अस्पतालों में स्टाफ की कमी, प्रशासनिक अव्यवस्था और आर्थिक संकट जस का तस है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के फैसले प्रेस नोट तक सिमट कर रह गए हैं और भाजपा इन खोखले दावों को जनता के सामने उजागर करती रहेगी।

## 86वां पीठासीन अधिकारी सम्मेलन शुरू, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर होगा मंथन

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने की साझा पहल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उत्तर प्रदेश विधान सभा की मेजबानी में 86वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के अध्यक्ष कुंवर मानवेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना तथा हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां सहित देशभर के विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व पूर्वाह्न 10 बजे विधान मण्डलों के सचिवों के 62वें सम्मेलन का भी शुभारम्भ हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधान सभा के सचिव यशपाल शर्मा ने भाग लिया।

सम्मेलन के उद्घाटन से पहले उत्तर प्रदेश विधान सभा के समिति कक्ष संख्या 18 में स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। स्थायी सदस्य के रूप में कुलदीप सिंह पठानिया ने बैठक में सहभागिता की और सम्मेलन में चर्चा के लिए लाए जाने वाले विषयों को अंतिम रूप दिया गया। समिति ने पारदर्शी, कुशल एवं नागरिक-केन्द्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग, दक्षता बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक शासन को सुदृढ़ करने के लिए विधायकों की क्षमता निर्माण, और जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही जैसे विषयों को चर्चा के लिए शॉर्टलिस्ट किया। इन विषयों पर 20 और 21 जनवरी को आठ सत्रों में विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।



### लखनऊ विवि दौरे के साथ आत्मीय स्मृतियां व शुभकामनाएं

**सम्मेलन** से पहले कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को ताजा करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा किया और वहां बिताए महत्वपूर्ण पलों को याद किया। स्थायी समिति की बैठक के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना का आत्मीय आतिथ्य सत्कार के लिए आभार जताया और सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सम्मेलन के दौरान कुलदीप सिंह पठानियां सत्रों का संचालन भी करेंगे और 20 व 21 जनवरी को चयनित विषयों पर अपना संबोधन देंगे।

# राज्यपाल ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा संस्थान में बीए-बीएससी-बीकॉम पाठ्यक्रमों का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर के नोगली स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा महाविद्यालय में सोमवार को उस समय विशेष वातावरण देखने को मिला, जब प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के आगमन पर संस्थान प्रबंधन, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम स्नातक पाठ्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों ने राज्यपाल का फलों से तोल कर स्वागत किया, जो क्षेत्र की परंपरा और आत्मीयता का प्रतीक बना।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणात्मक शिक्षा का प्रसार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थानों की पहचान केवल इमारतों से नहीं, बल्कि वहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से होती है। उन्होंने शिक्षक प्रशिक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय परंपरा के अनुरूप प्रशिक्षण से ही विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्य विकसित हो सकते हैं। राज्यपाल ने गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के मार्गदर्शन में गुरु की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को संस्कार, नैतिकता और अपने महापुरुषों से जुड़ने का अवसर देती है। उन्होंने नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए कहा कि हिमाचल को सुरक्षित भविष्य देना है तो युवाओं को नशे से दूर रखना होगा। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने राज्यपाल को सम्मानित कर संस्थान की गतिविधियों और नए पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा गरीब विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की बात कही। प्रधानाचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रामायण आधारित नृत्य नाटिका सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर 'असेसमेंट फॉर लर्निंग' पुस्तक का विमोचन, उत्कृष्ट विद्यार्थियों व समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।


पाठ्यक्रमों का शुभारंभ करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल। अनंत ज्ञान

**प्रदर्शन** मुक्त व्यापार समझौते से सेब बागवानी पर गहराया संकट, बागवानों की बढ़ाई बेचैनी

# शिमला में सड़कों पर उतरे किसान-बागवान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** केंद्र सरकार द्वारा न्यूज़ीलैंड के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते ने राज्य के सेब उत्पादक किसानों की नींद उड़ा दी है। बागवानों का कहना है कि आयात शुल्क घटने से विदेशी सेब देश के बाज़ारों में सस्ते दामों पर बिकेंगे, जिससे हिमाचल की पारंपरिक सेब बागवानी गहरे संकट में फंस जाएगी। उनका दावा है कि इससे प्रदेश के हज़ारों परिवारों की आजीविका और सेब आधारित अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रहार होगा।

इसी कडी में अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर से आए किसान और बागवान शिमला पहुंचे और छोटा शिमला स्थित सचिवालय का घेराव किया। भारी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों के कारण क्षेत्र में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती उत्पादन लागत और घटते दामों ने उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि किसानों को भूमि देने और उनके अधिकार सुरक्षित करने के लिए अब तक कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। दूसरी ओर बड़े परियोजनाओं के नाम पर उपजाऊ ज़मीन छीनी जा रही है और सेब के पेड़ों की कटाई हो रही है। प्रभावित किसान वर्षों से मुआवज़े और पुनर्वास के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। सेब उत्पादक संघ के नेताओं ने कहा कि आयात को बढ़ावा देकर सरकार देश की खेती और बागवानी को विदेशी बाज़ारों के हवाले कर रही है। उनका कहना है कि न्यूज़ीलैंड और अन्य देशों से आने वाला सस्ता सेब हिमाचल के बागवानों की कमर तोड़ देगा, जबकि उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। इसी कारण बागवानों को सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज़ बुलंद करनी पड़ रही है।


छोटा शिमला सचिवालय के बाहर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते सेब बागवान व किसान। अनंत ज्ञान

### ठोस कदम न उठाने पर होगा आंदोलन तेज : चौहान

**संजय** चौहान ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। उन्होंने ऐलान किया कि किसान शांतिपूर्ण तरीके से श्वेत दिवस मनाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे और यह संघर्ष सचिवालय तक सीमित न रहकर गांव-गांव तक पहुंचेगा। साथ ही दुग्ध उत्पादकों और बागवानों के बकाया भुगतान को प्रत्येक माह की पहली तारीख तक सुनिश्चित करने की मांग भी दोहराई गई।

**कार्यालय स्वामी विवेकानंद युवा मण्डल रैली डाकघर समोह तहसील झंडूत्ता जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश**

स्वामी विवेकानंद युवा मण्डल वर्ष 2025-26 हेतू जिला परिषद मद से स्वीकृत वाध्य यंत्रों का वितरण जिला परिषद वार्ड बैहना जट्टा के अंतर्गत करवाना चाहता हैं जिस हेतू निविदा आमंत्रित की जा रही है इच्छुक निविदाता अपनी निविदा दिनांक 26/1/2026 से पूर्व अपनी निविदा कार्यलय स्वामी विवेकानंद युवा मण्डल मे जमा करवा सकते है।

प्रधान/सचिव स्वामी विवेकानंद युवा मण्डल



# राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2026

WINTER CARNIVAL MANALI

## राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2026

### आभार



कमलेश वर्मा (परी)
प्रभारी, कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 9736075360
मो. 8629897600

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



एम बोकटापा
प्रतिनिधि, मनाली
मो. 98161-34623



की सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं


## राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मनोज लारजे
अध्यक्ष, नगर परिषद मनाली



करुण भरमोरिया
कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद मनाली







## मनु गुड्स कैरियर ऑटो मैक्सिमो ऑपरेटर यूनियन मनाली
की ओर से सभी मनालीवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं



प्यारु राम
अध्यक्ष, मनु गुड्स कैरियर ऑटो मैक्सिमो ऑपरेटर यूनियन मनाली



यशपाल
महासचिव, मनु गुड्स कैरियर ऑटो मैक्सिमो ऑपरेटर यूनियन मनाली



## मुख्यमंत्री के मनाली आगमन व राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.

WINTER CARNIVAL MANALI



गौतम ठाकुर
वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मनाली



## शरदोत्सव आयोजन समिति मनाली
की ओर से
राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल मनाली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

WINTER CARNIVAL MANALI



सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.



भुवनेश्वर सिंह गौड़
विधायक, मनाली विस क्षेत्र








तोरुल एस रवीश
उपायुक्त कुल्लू एवं अध्यक्ष शरदोत्सव आयोजन समिति मनाली



रमण शर्मा
एसडीएम मनाली एवं उपाध्यक्ष शरदोत्सव आयोजन समिति मनाली



WINTER CARNIVAL MANALI

## ए वी कंस्ट्रक्शन
की ओर से सभी मनालीवासियों को
राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल-2026
की बधाई एवं शुभकामनाएं







अरुण चौधरी
एमडी ए वी कंस्ट्रक्शन



आकाश चौधरी
प्रोजेक्ट अधिकारी ए वी कंस्ट्रक्शन कुल्लू मनाली

318/5 Sain Mohalla Mandi

## न्यूज ब्रीफ

### वित्त और उद्यमिता में अवसरों की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आईईडीयूपी परियोजना कार्यालय-सीआईआई-न्यायमूर्ति मेहर चंद महाजन ट्रस्ट, धर्मशाला में डायरेक्टोरेट जनरल रिसेटलमेंट (डीजीआर), रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित स्टोर मैनेजर विषयक प्री-रिलीज कोर्स के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए औपचारिक संवाद एवं प्रेरक सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवानिवृत्त हो रहे जेसीओ/ओआर को पुनर्वास के लिए उद्योगोन्मुख कौशल से सुसज्जित करना रहा। डॉ. बीडी बिजोला, डॉ. अनुराग माथुर, डॉ. आरबी मिश्रा तथा क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा समन्वय मन्नू धीमान व टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमाण पत्र व बैग वितरित किए गए। डॉ. शर्मा ने वित्त, सुरक्षा प्रबंधन और उद्यमिता में उभरते अवसरों पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सैनिकों को दूसरी पारी के लिए प्रेरित किया।

### सीएम सुक्खू 22 को सुलह विस क्षेत्र के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 22 जनवरी को सुलह विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे तथा कई नई योजनाओं की नींव रखेंगे। मुख्यमंत्री सुलह दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम दौरे की तैयारियों को लेकर जल शक्ति विभाग के निरीक्षण कुटीर अक्षैणा में प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व स्कूली छात्रों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई जाएगी। अधिकारियों को समयबद्ध तैयारी और विभागों को आपसी समन्वय के निर्देश दिए गए।

### बारी और सिहोल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना की विद्युत लाइनों व उपकरणों के रखरखाव के चलते 11 केवी खैरा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र सैनिक वेलफेयर कॉलोनी, ठाकुरद्वारा, घड़ूं भवारना, बारी, सिहोल, बडघुवार, हैंजा, भाडल देवी, ठंबा, कथियाड़ा, सुतरेहड़ ओडर, खैरा रोड, गदियाड़ा व हिम दर्शन आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति 21 जनवरी बुधवार को सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने दी।

### एनडीआरएफ का 21वां स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर स्थित 14वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कैंप परिसर में एनडीआरएफ का 21वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संतोष, सहायक सेनानी (जीडी) के नेतृत्व में भव्य परेड आयोजित की गई, जिसकी सलामी रजनीश शर्मा, ऑफिसर कमांडिंग, 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ ने ली। एनडीआरएफ प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देकर जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करता है तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है।

### पलेरा पंचायत में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ढाका पलेरा पंचायत घर के प्रांगण में इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें ढाका प्लेरा पंचायत के बच्चों व केआईएस स्कूल शाहपुर कांगड़ा कराटे एकेडमी के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ व पंचायत प्रधान सतपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा विजेता प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी भेंट की। आयोजक राजेश कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी और अगली प्रतियोगिता में और बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए उन्हें मेहनत करने को प्रेरित किया।

### लंबित विकास कार्यों को मिशन मोड में करें पूराः डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में प्लानिंग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु सोमवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। डीसी हेमराज बैरवा ने विभिन्न विभागों से चरणबद्ध जानकारी ली और लंबित कार्यों को मिशन मोड में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों के समयबद्ध कार्यान्वयन और आवंटित धनराशि की उपयोगिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारियों को यूसी पोर्टल व ई-साक्षी पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने, अधूरी परियोजनाओं की धनराशि वापस करने और नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। समय पर कार्य न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### रणजी ट्रॉफी के शेष दो मैचों के लिए टीम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने बीसीसीआई रणजी के शेष दो लीग मैचों के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम की कमान अंकुश बैंस को सौंपी गई है। टीम में आर्यव्रत शर्मा, एकांत सेन, मृदुल सुरोच, रोहित कुमार, अभिषेक, आकाश वशिष्ठ, इनेश महाजन, आर्यमन सिंह, पुखराज मान, मयंक डागर, मुकुल नेगी, नवीन कंवर, निखिल गंगटा, रजत वर्मा, दिवेश शर्मा, अंकित कलसी और रितिक कालिया शामिल हैं। वीआरवी सिंह मुख्य कोच होंगे, जबकि शकुन सैनी सहायक कोच, आशीष नारंग फील्डिंग कोच और राजेश पुरी मैनेजर के रूप में टीम में शामिल हैं। हिमाचल 22 से 25 जनवरी को राजस्थान और 29 जनवरी से 1 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर के साथ मुकाबला खेलेगा।

### 500 कैडेट्स ने दी एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा का सफल आयोजन रविवार को श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स पठानकोट में किया गया। इस परीक्षा में 500 से अधिक एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। संस्थान, जो इंजीनियर एसके पुंज के अध्यक्षत्व में संचालित है, ने परीक्षा के सुचारु और व्यवस्थित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 7 पंजाब एनसीसी बटालियन, गुरदासपुर के कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी गतिविधियों के लिए संस्थान प्रबंधन के निरंतर और निस्वार्थ सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय भावना का विकास होता है।

किसान सभा जिला कांगड़ा ने धर्मशाला में किया प्रदर्शन; सरकार को भेजा ज्ञापन, कहा-

# प्रदेश में किसानों की जमीन से बेदखली को बंद करे सरकार

अनंत ज्ञान



किसानों की मांगों को लेकर धर्मशाला में रैली निकाली। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल किसान सभा ब्लॉक कमेटी धर्मशाला ने राज्य किसान सभा के आह्वान पर किसानों की मांगों को लेकर धर्मशाला डाकघर से लेकर जिलाधीश कार्यालय तक रैली निकाली। इस रैली का नेतृत्व किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष शौकिनी कपूर, जिला कांगड़ा के अध्यक्ष जगदीश जग्गी, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ने किया।

किसान नेताओं ने कहा कि प्रदेश में किसानों की जमीन से बेदखली को तुरंत बंद किया जाए और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए 16 सितंबर के आदेश के अनुसार नीति बनाई जाए और तुरंत केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजी जाए। वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन के लिए केंद्र सरकार से तुरंत वार्ता की जाए, ताकि वन भूमि देने का अधिकार हिमाचल सरकार को मिल सके। किसान नेताओं ने कहा कि वन अधिकार कानून 2005 को सख्ती से लागू किया जाए। इसके साथ पुस्तैनी कब्जों को नियमित किया जाए और हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक परिवार को 10 करनाल भूमि दी जाए। शहरों में दो बिस्वा भूमि देने के कानून को शक्ति से लागू किया जाए, ताकि भूमिहीन परिवारों को उजड़ने से बचाया जा सके। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने तुरंत बंद किए जाएं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के आम बिजली उपभोक्ताओं को आने वाले समय में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मनरेगा कानून को बहाल किया जाए और 200 दिन का रोजगार दिया जाए और मनरेगा की तर्ज पर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशनों और नगर परिषदों अन्य नगर निकायों में भी मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना लागू की जाए, ताकि शहरों में रहने वाले गरीब परिवारों को भी 100 दिन का रोजगार मिल सके। यही नहीं जहां बेसहारा पशुओं की समस्या है, वहां से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोसदनों में भेजा जाए। इस रैली में हिमाचल किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार, सचिव धनवीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्रामीण भारत में डिजिटल खाई को पाटने का काम करेगा भारतनेट प्रोजेक्ट : अनिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार का बहु प्रतीक्षित संशोधित भारतनेट प्रोजेक्ट ग्रामीण भारत में न केवल डिजिटल खाई को पाटने का काम करेगा, बल्कि ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में सुदृढ़ दूरसंचार व्यवस्था स्थापित करने में एक मील पत्थर साबित होगा।



यह बात अनिल कुमार गुप्ता (भादूसे), अपर महानिदेशक (दूरसंचार)/सलाहकार, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार ने सोमवार को धर्मशाला दूरसंचार वाणिज्य क्षेत्र के तहत आने वाले परागपुर ब्लॉक में पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत पंचायतों को जोड़ने के कार्य की प्रगति एवं उससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं के निरीक्षण तथा समीक्षा के लिए क्षेत्र के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट फाइबर से सुसज्जित आधुनिक प्रणाली के माध्यम से प्रदेश की सभी पंचायतों को जोड़ने का काम कर रहा है, जिससे भविष्य में शहरी क्षेत्रों सहित दूरदराज क्षेत्रों में भी सुदृढ़ दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना होगी। धर्मशाला वाणिज्य क्षेत्र के तहत कांगड़ा एवं चंबा जिले के दुर्गम क्षेत्रों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। अपर महानिदेशक ने ग्रामीणों को 4 जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल में संशोधित भारतनेट प्रोजेक्ट का कार्य इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज (आईटीआई) बीएसएनएल की देखरेख में कर रही है तथा धर्मशाला वाणिज्य क्षेत्र में कॉमटेक एवं एसएनआर कांगड़ा एवं चंबा जिला में भागीदार के रूप में कार्य कर रहे हैं। भारतनेट परियोजना के तहत कांगड़ा और चंबा जिले की कुल 1123 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाना है। उन्होंने मोबाइल फोन के मध्ययम से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूरसंचार विभाग के संचार सारथी पोर्टल से विभिन्न जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं।

## डाडासीबा में किसानों ने जमीन और बिजली अधिकारों को लेकर खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में सयुल खड्ड किसान सभा के बैनर तले सोमवार को किसानों ने जमीन, मकान और बिजली जैसे बुनियादी अधिकारों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसान सभा अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया की अध्यक्षता में किसानों ने डाडासीबा तहसील में नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को मांगपत्र भेजा। किसानों ने कहा कि 1980 का वन अधिनियम आज भी किसानों की गर्दन पर तलवार बनकर लटका है, जिससे पीढ़ियों से खेती कर रहे लोग आज भी अतिक्रमणकारी कहे जा रहे हैं। किसान सभा ने वन कानून में तत्काल संशोधन, प्रदेश में ठोस भूमि सुधार कानून लागू करने और पुश्तैनी गैर-मरूसी कब्जों को नियमित करने के लिए नीति बनाकर उसे केंद्र सरकार को तुरंत भेजने की मांग की। मांग पत्र में कहा कि जब तक किसान के पास जमीन का हक नहीं होगा, तब तक न खेती सुरक्षित है और न ही भविष्य। सभा ने प्रत्येक भूमिहीन परिवार को पांच बीघा भूमि आवंटित करने की मांग को सामाजिक न्याय से जोड़ा। प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर थोपने को किसान विरोधी बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की गई। इसके अलावा 10 मरले तक शामलात भूमि पर बने मकानों को नियमित करने की मांग उठाते हुए किसानों ने चेतावनी दी कि यदि लोगों को उनके घरों से बेदखल किया गया तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। किसान सभा ने साफ कहा कि यह लड़ाई किसी एक गांव या तहसील की नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल के किसान और मजदूर के अस्तित्व की लड़ाई है।

## छात्रा मौत मामलाः मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट का इंतजार बढ़ा

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा की मौत, रैगिंग और कथित शारीरिक उत्पीड़न से जुड़े मामले में छात्रा के इलाज व मेडिकल हिस्ट्री की जांच को लेकर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट सोमवार को भी पुलिस विभाग को नहीं मिल पाई है। इससे पहले पिछले एक सप्ताह से ही सोमवार को मेडिकल बोर्ड की ओर से सभी पहलुओं के जांच पड़ताल कर सोमवार को रिपोर्ट सौंपने की बात कही जा रही थी। हालांकि, एम्स बिलासपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी शामिल किए गए हैं, जोकि पिछले सप्ताह दिल्ली में थे। हालांकि वीरवार को उनके लौटने के बाद उनके ओपनियन के साथ इस सप्ताह के पहले दिन रिपोर्ट पुलिस विभाग को मिलना संभावित था, लेकिन अब इंतजारा बढ़ गया है। मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट से इस घटना के कई रहस्यों से पर्दा उठ सकता है। साथ ही किन परिस्थितियों में छात्रा की मौत हो हुई, इस बात का भी खुलासा हो सकता है। छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री व इलाज की पद्धति को जानने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल बोर्ड का गठन किया। आरएफएसएल से भी बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट आने के बाद इस मामले के काफी हद तक हल होने की उम्मीद है।

धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व एक जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। एक जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट करने के आरोपों में तथा एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। उधर, डीआईजी नार्थ जोन धर्मशाला सौम्या सांबशिवन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड की ओर से छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट अभी तक विभाग के पास नहीं पहुंच पाई है, जबकि रिपोर्ट जलद मिलने की उम्मीद है। पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है।

## पाठ योजना के लिए शिक्षकों को न किया जाए मजबूर

अनंत ज्ञान

◆ राजकीय टीजीटी कला संघ बोला- निरीक्षण प्रपत्र से हटाई जाए पाठ योजना

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति देने और उनका अधितकम समय शिक्षक में लगाने के लिए टीचर डायरी खत्म की गई। इसके लिए प्रदेश शिक्षा सचिव ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा कोड की धारा 12.9 को हटा दिया। इसके बाद निरीक्षण करते हुए शिक्षकों से टीचर डायरी अब नहीं मांगी जा सकती है, मगर निरीक्षण विंग के अधिकारी अब शिक्षकों से पाठ योजना मांग रहे हैं, जो कि टीचर डायरी से कई गुणा अधिक बड़ा लेखन कार्य का बोझ है।

हैरानी यह है कि शिक्षा कोड में पाठ योजना को अनिवार्य नहीं बनाया गया है, जबकि टीचर डायरी अनिवार्य थी। अब अधिकारी निरीक्षण विंग के तय प्रपत्र के पहले पृष्ठ पर मौजूद कॉलम का हवाला देते हुए शिक्षकों को पाठ योजना दिखाने को कह रहे हैं। पाठ योजनाएं लिखने में टीचर डायरी लिखने से भी 50 गुणा अधिक समय लगता है। इसमें पूरा पाठ बिंदुवार लिखते हुए ब्लैक बोर्ड वर्क और चार्ट, चित्र आदि बनाते हुए हर शिक्षण विषय का सारा पाठ्यक्रम, सारे प्रश्नों के उत्तर आदि लिखना पड़ता है। टीचर ट्रेनिंग के डीएलएड और बीएड में पाठ योजनाएं बनाना अनिवार्य होता है, लेकिन स्कूलों में इतनी सारी कक्षाओं के इतने अधिक विषयों की पाठ योजनाएं बनाना व्यावहारिक नहीं है। ऐसे में प्रदेश शिक्षा सचिव पाठ योजना बनाने की इस रिवायत को भी बंद करने के स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए शिक्षकों को राहत दें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा सचिव को भेजी है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि पाठ योजना स्वेच्छा या आवश्यकता अनुसार बनाना शिक्षक की जरूरत पर निर्भर है और इसका सामान्यीकरण नहीं किया जाए।

### बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च में आयोजित होने वाली नियमित कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए अधिसूचना जारी की है। विभिन्न जिलों के चयनित विद्यालयों को परीक्षा केंद्र घोषित किया गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि विलिंग स्कूल्स के विद्यार्थी केवल अधिसूचना में निर्दिष्ट परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। प्रत्येक केंद्र का नाम, जिला, केंद्र कोड, कक्षाएं और बैठक क्षमता की जानकारी दी गई है। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। अनुशासन, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और परीक्षार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना केंद्र अधीक्षकों की जिम्मेदारी होगी।

### हैप्पी बर्थडे



प्रांजल राणा (पनापर) को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### बीपीएल परिवारों के चयन प्रक्रिया की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** परियोजना अधिकारी भानु प्रताप ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों की पहचान, चयन, समावेशन, बहिष्करण, सत्यापन एवं अपील की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया के प्रथम व द्वितीय चरण पूर्ण हो चुके हैं तथा उनकी अंतिम सूचियां खंड स्तरीय समिति द्वारा अधिसूचित की जा चुकी हैं। अब तृतीय चरण प्रारंभ किया गया है, जिसमें 19 मार्च 2025 की अधिसूचना के अनुसार संशोधित श्रेणियों को शामिल किया जाएगा। इनमें अनाथ बच्चों वाले परिवार, केवल वृद्धजनों वाले परिवार तथा महिला मुखिया परिवार शामिल हैं। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के साथ नए आवेदन भी 25 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। तृतीय चरण की पंचायत-वार अंतिम सूची 31 जनवरी तक प्रकाशित की जाएगी।

### विधायक किशोरी ने किया ट्यूबवेल का लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने सगूर गांव में जल शक्ति विभाग की ओर से लगभग 45 लाख रुपए की लागत से स्थापित विद्युतिकृत नलकूप (ट्यूबवेल) का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इससे सगूर गांव और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और मजबूत होगी। विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की सराहना की और नलकूप की नियमित देखरेख एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नलकूप से जुड़े जल भंडारण टैंक के निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान करने वाले अश्वनी, सुमित और रणजीत का विशेष सम्मान भी किया।

### धर्मशाला में कैश प्राइज बैडमिंटन स्पर्धा 24 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की ओर से धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में 24 से 26 जनवरी तक तीन दिवसीय जिलास्तरीय ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महासचिव विलास हंस ने बताया कि यह पहली बार आयोजित हो रही है और इसका उद्देश्य जिला कांगड़ा के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर देना है। प्रतियोगिता में अंडर 11, अंडर 15, अंडर 19 लड़कों और लड़कियों के एकल, युगल और मिश्रित मुकाबले होंगे। इसके अलावा 30, 35 और 40 आयु वर्ग के पुरुष व महिलाओं के मुकाबले भी होंगे। विजेताओं को कैश प्राइज व मेडल दिए जाएंगे। कुल पुरस्कार राशि लगभग दो लाख रुपए है। पंजीकरण 21 जनवरी तक जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के दूरभाष नंबर 7018084234 पर कराया जा सकता है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। तहसीलदार निर्वाचन पवन कुमार राणा ने मिनी सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में यह जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता जागरुकता और युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित करना है। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं, नए और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को भी सम्मानित कर लोकतंत्र में उनकी सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

### शाहपुर में तीन दिवसीय फुटबाल स्पर्धा आयोजित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** एबीवीपी शाहपुर संभाग की ओर से यूनिवर्सिटी ग्राउंड शाहपुर में तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता और पूर्व जिला महामंत्री राकेश चौहान उपस्थित रहे, जबकि भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, शाहपुर मंडल उपाध्यक्ष जरासंध और कारोबारी युवा राहिल समायल भी विशेष रूप से शामिल हुए। राकेश चौहान ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्रीय और छात्र हित के लिए कार्य करता है तथा युवाओं में राष्ट्रसेवा और सांस्कृतिक जागृति पैदा करता है। यह फुटबाल टूर्नामेंट पिछले 3 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ा रहा है।

### बैजनाथ मंदिर के निर्माण कार्यों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ एवं मंदिर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम की अध्यक्षता में महाकाल मंदिर कार्यालय में मंदिर न्यास की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मंदिर के सौंदर्यीकरण, निर्माण कार्यों तथा वर्ष 2026 में प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा की गई। महाकाल चौक से मंदिर परिसर तक सड़क एवं फुटबाल के सुधार, अस्थायी रेहड़ियों एवं अवैध कब्जों को हटाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में पार्किंग निर्माण के लिए स्थान चिन्हित करने, सामुदायिक भवन एवं अन्य संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए गए।

### प्रेस पर लाठी, सत्ता की बौखलाहट : राजेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा जिला महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार का पतन शुरू हो चुका है और इसने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, प्रेस, को गिराने का प्रयास किया है। राणु ने आरोप लगाया कि दिल्ली में केजरीवाल और पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रेस पर हमला करके लोगों को डराने व वोट पाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया का महत्व सर्वोपरि है और इस तरह के हमले निंदनीय हैं। राणु ने चेतावनी दी कि देश लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ खड़ा रहेगा और शासन व कुशासन के अंतर को जनता भलीभांति समझ चुकी है।

### सकोह टीम बनी क्रिकेट विजेता, मस्तपुर उपविजेता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सलोल स्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कैप्टन अनमोल सिंह, कैप्टन प्रमोद सिंह व समाजसेवी पंचम मन्हास ने शिरकत की। इस टूर्नामेंट के आयोजक सौरभ शर्मा, उज्जवल धीमान, आकित ठाकुर, मौनु कुमार, शाहिल गुलेरिया व आकुश परमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा को नशे से दूर रखना व खेलों की ओर आकर्षित करना है। क्रिकेट टूर्नामेंट में 12 टीमों ने भाग लिया और सकोह टीम विजेता रही, जबकि मस्तपुर टीम उपविजेता रही।

### प्रशासनिक अनदेखी के बीच सनी भाटिया ने संभाली कमान



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** क्षेत्र में जब प्रशासन और पंचायत की उदासीनता लोगों की परेशानी बढ़ाने लगी, तब समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर सनी भाटिया ने खुद मोर्चा संभाला। कहीं गलियों में स्ट्रीट लाइटों की जरूरत थी, तो कहीं नालों की वर्षों से सफाई नहीं हुई थी। जगह-जगह फैली गंदगी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई थी। ऐसे हालात में सनि भाटिया ने अपने समर्थकों के साथ मैदान में उतरकर समस्याओं का समाधान शुरू कराया। इस अभियान में समाजसेवी अशोक धवन भी उनके साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे। दोनों ने मिलकर लोगों को जोड़ा और सफाई कार्य व आवश्यक व्यवस्थाएं करवाईं। जनसमस्याओं को लेकर दिखाई गई यह सक्रियता क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : हिमांशु





शिविर में ग्रामीणों को दी सहकारी समितियों की भूमिका तथा एमपीएसीएस के गठन से संबंधित जानकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के ब्लॉक इंदौरा के ग्राम भनोरी एवं ग्राम टोकी में सोमवार को सहकारी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हिमांशु साहू, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, कांगड़ा द्वारा गृहिणी स्वरोजगार संघ के सहयोग से आयोजित किया गया।

उक्त ग्रामों का चयन इस कारण किया गया, क्योंकि ये ऐसे ग्राम पंचायतों में स्थित हैं, जहां जिले में नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (एमपीएसीएस) के गठन की उच्च संभावनाएं विद्यमान हैं। शिविर में ग्रामीणों को सहकारी आंदोलन की अवधारणा, सहकारी समितियों के लाभ, उनकी भूमिका तथा एमपीएसीएस के गठन से संबंधित जानकारी दी। हिमांशु साहू, डीडीएम, नाबार्ड, कांगड़ा ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण समुदाय को संगठित कर टिकाऊ आजीविका के अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया गया, जो सहकारी आंदोलन के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि जिला कांगड़ा में नई एमपीएसीएस के गठन की प्रक्रिया वर्ष 2028 तक जारी रहेगी, ताकि सहकारी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। गृहिणी स्वरोजगार संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अशोक पठानिया ने कहा कि एमपीएसीएस के माध्यम से किसानों, स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण युवाओं को एक सशक्त और संगठित मंच प्राप्त होगा। शिविर में ग्रामीणों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन, कृषि विकास एवं आजीविका संवर्धन की विभिन्न संभावनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

### नगरोटा बगवां में निवेश के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां में लाखों रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत नवीन कुमार ने करीब 25 लाख रुपए की ठगी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार मयंक निवासी नगरोटा बगवां से उसकी पुरानी जान पहचान है। उक्त व्यक्ति एक बैंक में पंचकूला में कार्यरत है। आरोपी ने उसे फ्लैट व प्रॉपर्टी में निवेश का झांसा दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उसे 25.12 लाख रुपए दिए। इसके बाद काफी समय से आरोपी से संपर्क करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब आरोपी का मोबाइल फोन भी बंद है। ठगी का आभास होने के बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना नगरोटा बगवां में आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि पुलिस थाना नगरोटा बगवां में एक युवक ने करीब 25 लाख रुपए की ठगी का आरोप निवेश के नाम पर होने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सीयू का स्थापना दिवस आज, 31 तक आयोजित होंगी गतिविधियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का 16वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 20 जनवरी से 31 जनवरी तक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें विद्यार्थी, शोधार्थी शरीक होंगे। सीयू के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने प्रेसवार्ता में बताया कि 20 से 22 जनवरी तक तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें 20 जनवरी को उद्घाटन समारोह में आईआईटी मंडी और रोपड़ के निदेशक शिरकत करेंगे। स्थापना दिवस पर सीयू के न्यूज लेटर सहित विभिन्न फेकल्टी मेंबर्स द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी विमोचन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के पांच फेकल्टी मेंबर्स को विश्व रैंकिंग 2 फीसदी मान्यता मिली है, उनको सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के 5 पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी और शोधार्थी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा कार्य किया है, साथ ही कुछ शिक्षकों व गैर शिक्षक वर्ग के लोग जिन्होंने अच्छा कार्य किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।

**21 जनवरी का दिन भारतीय ज्ञान परंपरा को समर्पितः** प्रो. बंसल ने कहा कि 21 जनवरी के दिन का समारोह भारतीय ज्ञान परंपरा को समर्पित रहेगा। इसी दिन विश्वविद्यालय लाइब्रेरी में इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) केंद्र की स्थापना की जाएगी। इंडियन नॉलेज सिस्टम पर तैयार की गई किताब का भी इस दौरान विमोचन किया जाएगा।

**22 को जयराम होंगे मुख्यातिथिः** प्रो. बंसल ने बताया कि22 जनवरी को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। नीटर चंडीगढ़ के निदेशक भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। एमओयू भी साइन किया जाएगा। दीनदयाल उपाध्याय स्टडी सेंटर के न्यूज लेटर का भी विमोचन किया जाएगा।

### नड्डी में सबसे बड़ी लेंथ ईको एडवेंचर जिप लाइन प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिए किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कैबिनेट ने विधानसभा शाहपुर क्षेत्र में 6 मेगावॉट खोली,-2 प्रोजेक्ट को शुरू करने की स्वीकृति दी। नड्डी क्षेत्र में 7.41 करोड़ से एशिया की सबसे बड़ी लेंथ ईको एडवेंचर जिप लाइन प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी। इन दोनों प्रोजेक्टों को लंबे समय से विधायक केवल सिंह पठानिया जनता के बीच विधानसभा शाहपुर क्षेत्र में लगाने की बात करते थे। कैबिनेट ने दोनों प्रोजेक्टों को कैबिनेट में स्वीकृति मिलने से विधानसभा क्षेत्र की समस्त प्रबुद्ध जनता और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू व विधायक केवल सिंह पठानिया का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तरेलू में जनरल स्टोर में लगी आग, लाखों का नुक्सान

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र के साथ गांव तरेलू में लक्ष्मी नारायण मंदिर के साथ जनरल स्टोर की दूसरी मंजिल पर सोमवार सुबह आग लग गई थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। सूत्रों से पता चला है कि उपरोक्त दुकान मालिक कपड़ा, मूर्तियों की सजावट का काम करते हैं। दुकान में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की सूचना है। आग से करीब 20 से 25 लाख का नुकसान हुआ है। वहीं मामले की पुष्टि करते हुए अग्निशमन अधिकारी झंडूता राजेश कुमार ने बताया कि हमें सुबह ही सूचना मिली। सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे और आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया।

### वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक सभागार समीप नगर परिषद विश्रामगृह रौड़ा सैक्टर में आयोजित होगी। महासचिव मस्तराम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने सभा के समस्त सदस्यों से ठीक समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

### धौंनकोठी-पंजगाई में क्रिकेट टूर्नामेंट फरवरी से

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** ग्राम पंचायत धौंनकोठी एवं पंजगाई क्षेत्र में आगामी माह से 50 ऐज क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह जानकारी क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक विशाल भरद्वाज ओर अतुल चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेलों को बढ़ावा देना और खेल भावना का विकास करना है। आयोजकों के अनुसार विजेता टीम को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार तथा 71 हजार की राशि उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई दिशा देगा और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाएगा।

### विज्ञान केंद्र भ्रमण से विद्यार्थियों में बढ़ी वैज्ञानिक समझ

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छड़ोल के 23 विद्यार्थियों ने चार संरक्षक अध्यापकों के साथ एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान केंद्र, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर (जुखाला) का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य गतिविधियों एवं मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं गणित का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा। इस अवसर पर विज्ञान केंद्र के सहायक दीप तपेंद्र एवं समन्वयक विजय कुमार ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। डाइट के कार्यकारी प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ भ्रमण अनुभवों पर चर्चा की। संरक्षक अध्यापकों ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। विद्यार्थियों ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताया।

### मीनाक्षी अंडर-19 नेशनल फुटबॉल टीम में चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मणिपुर के पश्चिमी मणिपुर में 23 से 28 जनवरी तक होने वाले स्कूली नेशनल गेम्स अंडर-19 में बिलासपुर के छकोह स्कूल की मीनाक्षी पुत्री कमल लाल का चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर ला रही है। बिलासपुर में फुटबॉल धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है, लेकिन मीनाक्षी की खेल में रुचि ने इस सफलता को और खास बना दिया। वर्तमान में मीनाक्षी कंडाघाट, सोलन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रिंसिपल शशि कांत कौंडल ने बताया कि मीनाक्षी पढ़ाई में अव्वल होने के साथ-साथ एक आलराउंडर स्टूडेंट हैं और हर खेल में अपनी छाप छोड़ती हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर से मीनाक्षी ही हिमाचल प्रदेश की अंडर-19 टीम में चयनित एकलौती खिलाड़ी हैं।



### तलाई, घुमारवीं व नयना देवी में लगेंगे नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बिलासपुर के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नेत्र जांच के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे भी जागरुक किया जाएगा। इस संबंध में आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने बताया कि 22 जनवरी को बस स्टैंड तलाई, 24 जनवरी को घुमारवीं बस स्टैंड तथा 28 जनवरी को श्री नयना देवी जी बस स्टैंड में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विभिन्न वाहन चालकों सहित आमजन से अपील की है कि वह इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ उठाएं। आरटीओ ने बताया कि इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा बारे भी जागरुक किया जाएगा।

### नकराणा में एडवेंचर व वॉटर स्पोर्ट्स को मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गोबिंदसागर झील के नकराणा और आसपास के क्षेत्रों को एडवेंचर व वॉटर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाखड़ा क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य और झील का शांत वातावरण वॉटर व एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए उपयुक्त है। यहां बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की, बनाना राइड, वाटर स्कीइंग सहित अन्य गतिविधियां विकसित की जाएंगी। इस परियोजना से 12 से 15 पंचायतों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### झंडूता में 26 को मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता ।** झंडूता उपमंडल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम पारंपरिक उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में होगा। यह जानकारी उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने दी। अर्शिया शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। इसमें ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां शामिल होंगी। गणतंत्र दिवस भारत के उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाता है जब 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था। हालांकि, संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को ही संविधान अपनाया था, लेकिन इसे 26 जनवरी को ही प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया। तब से हर साल यह दिन देश की संप्रभुता, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की मजबूती का प्रतीक बनकर मनाया जाता है। स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजन नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जगाते हैं और युवा पीढ़ी को संविधान के महत्त्व से अवगत कराते हैं।

# पर्यटन से सरकारें मालामाल, टैक्सी चालक बेहाल

## हिमाचल में 80 हजार टैक्सी ऑपरेटरों की अनसुनी चीख

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की सरकारें पर्यटन को 'आर्थिक इंजन' बताकर अपनी पीठ थपथपाती रही हैं, लेकिन इसी पर्यटन को चलाने वाले टैक्सी ऑपरेटर आज सबसे बड़े शोषण के शिकार बन चुके हैं। सवाल यह नहीं है कि समस्या क्या है, सवाल यह है कि सरकारें जानबूझकर क्यों नहीं देख रही हैं?

प्रदेश में लगभग 80 हजार टैक्सी ऑपरेटर कार्यरत हैं। इनमें से बड़ी संख्या ने बैंकों से ऋण लेकर वाहन खरीदे, लेकिन आज हालात यह हैं कि करीब 60 प्रतिशत ऑपरेटर ईएमआई चुकाने में असमर्थ हैं। हजारों वाहन डिफॉल्टर बनने की दहलीज़ पर खड़े हैं और परिवारों के सामने भूख का संकट मंडरा रहा है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

भाजपा हो या कांग्रेस हर सरकार ने टैक्सी ऑपरेटरों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा। चुनाव से पहले मीटिंग, बाद में फाइलों में कैद मांगें। परमिट अवधि 15 साल करने जैसी मामूली और व्यावहारिक मांग वर्षों से लंबित है, जबकि सरकारें जानती हैं कि टैक्सी वाहन 10-12 साल में ही आर्थिक रूप से जवाब दे देता है। सरकार ने जीपीएस और रिजर्व सर्विस को सुधार के नाम पर लागू किया, लेकिन यह टैक्सी ऑपरेटरों के लिए राहत नहीं, बल्कि नए आर्थिक जाल बन गए। हर साल नए खर्च, नई शर्तें और कोई सुनवाई नहीं।

### अवैध टैक्सीकरण को सरकारी मौन समर्थन?

**सबसे** बड़ा सवाल यह है कि निजी पारिवारिक गाड़ियां और बाइक टैक्सियां खुलेआम कैसे चल रही हैं? ओला, उबर, रैपिडो और ब्ला-ब्ला जैसी कंपनियां हिमाचल में नियमों को ताक पर रखकर संचालन कर रही हैं, लेकिन परिवहन विभाग और सरकार की चुप्पी यह संकेत देती है कि कहीं न कहीं सिस्टम की मौन सहमति मौजूद है। जब वैध टैक्सी ऑपरेटर टैक्स, परमिट, बीमा और जीपीएस का बोझ उठाते हैं, तब अवैध वाहन बिना किसी जिम्मेदारी के सड़क पर दौड़ते हैं। क्या यह सरकारी संरक्षण नहीं तो और क्या है?

### टैक्सी टूटी तो पर्यटन ढहेगा

**टैक्सी** ऑपरेटर सिर्फ चालक नहीं, बल्कि हिमाचल के पर्यटन तंत्र की रीढ़ हैं। यदि सरकार ने अब भी आंखें मूंदे रखीं, तो आने वाले समय में इसका खामियाजा सिर्फ टैक्सी चालक नहीं, बल्कि पूरी पर्यटन अर्थव्यवस्था भुगतेगी। क्या सरकारें पर्यटन की कमाई गिनती रहेंगी, या उन हाथों की चिंता करेंगी जो इस कमाई को संभव बनाते हैं?

### ओवरलोड चल रही बसें टैक्सी पर कार्रवाई

**लोकल** रूटों पर निजी बसों की ओवरलोडिंग और अवैध संचालन सबको दिखाई देता है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ टैक्सी चालकों पर होती है। यह चयनात्मक प्रशासनिक रवैया नहीं तो क्या है?

### पर्यटन स्थलों पर अराजकता, सरकार मौन

**शिमला** और मनाली जैसे पर्यटन केंद्रों पर सड़कों के किनारे टूरिस्ट पिक-अप, फर्जी गाइड और अव्यवस्थित टैक्सी संचालन प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर ड्यूटी सिस्टम लागू करना सरकार के लिए कठिन क्यों है? टैक्सी ऑपरेटर सरकार को हर साल करोड़ों रुपए टैक्स के रूप में देते हैं, लेकिन अवैध वाहन एक रुपया भी नहीं देते। इसके बावजूद सरकार की कार्रवाई वैध ऑपरेटरों पर ही क्यों?

# बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा की नई पहल, जिला स्तरीय बैठक में बड़े फैसले



बैठक को संबोधित करते एडीसी ओम कांत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तीकरण को लेकर जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में जिला स्तरीय समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। इसमें नेशनल एवं स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटिजंस तथा प्रोटेक्टिव एजिंग प्रोग्राम के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए सभी उपमंडलों में विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में आजीविका सुरक्षा, स्वास्थ्य सहयोग, सामाजिक सहभागिता, भावनात्मक और डिजिटल सशक्तीकरण पर चर्चा की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आई-केयर कार्यक्रम शुरू करने का भी निर्णय लिया गया, जिसके तहत मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्गों की सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुभव विद्यार्थियों से साझा करने के लिए 'टॉक एक्सचेंज' पहल भी शुरू की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक संघ और पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# कानूनगो एवं पटवारी महासंघ ने सरकार को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कानूनगो एवं पटवारी महासंघ के सदस्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में भूमि सीमांकन और अतिक्रमण हटाने के दौरान पटवारी और कानूनगो कर्मचारियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। बिलासपुर इकाई के प्रधान सुनील जोशी की अगुवाई में संयुक्त कानूनगो एवं पटवारी महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपकर न्याय और सुरक्षा की मांग की।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में चंबा, मंडी और ऊना जिलों में कर्मचारियों पर हमले किए गए हैं, जिससे भय का माहौल बन गया है और सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महासंघ ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी कानूनी कार्रवाई और संवेदनशील कार्यों के दौरान पुलिस सुरक्षा की मांग की। घायल कर्मचारियों को उचित उपचार और सुरक्षा देने पर भी जोर दिया गया। महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो मंगलवार से प्रदेशभर के पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव भारत भूषण, मनोज पटियाल और मदन लाल राव भी मौजूद थे।

◆ **कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

# घुमारवीं कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह शुरू, स्टूडेंट्स ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एक से 31 जनवरी तक सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत जनवरी के प्रारंभ में छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण से हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर प्रीतम लाल ने एनएसएस कैंप के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। उन्होंने बस में चढ़ते-उतरते समय सावधानी बरतने और सड़क नियमों का पालन कर परिवार व समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। इस कैंप में 54 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. अंजना कुमारी ने दोपहिया वाहनों पर हेलमेट अनिवार्य बताते हुए सड़क पर बच्चों व वृद्धजनों की सहायता करने पर बल दिया। एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर रमेश व प्रोफेसर पूजा भी मौजूद रहीं।अभियान में आगे जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना व दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

# एनटीपीसी कोल डैम खेल केंद्र में कोच की कमी, बच्चों का भविष्य संकट में

अनंत ज्ञान

◆ **खिलाड़ी सांसद अनुराग से स्थायी कोच नियुक्ति की कर रहे हैं मांग**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोल डैम साई वाटर स्पोर्ट्स सेंटर बरमाणा में लंबे समय से स्थायी कोच की नियुक्ति न होने से प्रशिक्षण ले रहे बच्चों का भविष्य संकट में पड़ गया है। यह खेल केंद्र हमीरपुर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासों से शुरू हुआ था और एक समय प्रदेश में जल क्रीड़ा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां दक्ष कोच अंग्रेज सिंह कार्यरत थे, तब तक खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण के साथ जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मैडल लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे थे। उनके जाने के बाद से खेल गतिविधियां लगभग ठप हो गई हैं। कोच के अभाव में न तो बच्चों को नियमित अभ्यास मिल पा रहा है और न ही तकनीकी मार्गदर्शन, जिससे उनका मनोबल लगातार गिर रहा है।खिलाड़ियों व अभिभावकों ने अनुराग ठाकुर से केंद्र में शीघ्र स्थायी कोच की नियुक्ति की मांग की है, ताकि बच्चों का खेल भविष्य सुरक्षित हो सके। कोच के अभाव में बच्चों को न तो नियमित प्रशिक्षण मिल पा रहा है और न ही आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, जिसके चलते उनकी खेलों में प्रगति न के बराबर रह गई है।

अभिभावकों और खेल प्रेमियों का कहना है कि पहले बच्चों की फिटनेस, तकनीक और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिससे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे। अब सही मार्गदर्शन के अभाव में कई होनहार बच्चे खेल से दूरी बनाने लगे हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि पूर्व दक्ष कोच अंग्रेज सिंह को दोबारा इस केंद्र में नियुक्त किया जाए, ताकि बच्चों को फिर से बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। उनका कहना है कि अभी तक किसी नए प्रशिक्षक की नियुक्ति भी नहीं हो पाई है, जो चिंता का विषय है। यदि शीघ्र ही अनुभवी और प्रशिक्षित कोच की तैनाती नहीं की गई, तो क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ने से वंचित रह जाएंगे।

# प्रशिक्षण कौशल को जीवन में ढालें विद्यार्थी : प्रधानाचार्य



छात्र व अध्यापक शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, बरठी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवी में व्यावसायिक शिक्षा के तहत ग्रहण कर रहे पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी विषय के विद्यार्थियों ने ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया। स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने एनएफसीआई बड़सर में यह ट्रेनिंग शुरू की।

एनएफसीआई के प्रबंधक विजय शर्मा ने छात्रों को एनएफसीआई में चल रहे विभिन्न कोर्सों के बारे में बताया और शेफ नरेश ने फूड एंड बेवरेज के विभिन्न फूड और फास्ट फूड की प्रैक्टिकली बच्चों को टिप्स दिए। पाठशाला पर्यटन विषय की अध्यापिका प्रवीण कुमारी व टीजीटी आर्ट्स के अध्यापक दीप चौधरी तीन दिवसीय ट्रेनिंग में बच्चों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पाठशाला के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा और को-ऑर्डिनेटर विद्यालय के अन्य अध्यापकों ने विद्यार्थियों को तीन दिन की ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस प्रशिक्षण को अपने जीवन में ढालने और अनुशासन में रहने के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# एचआरटीसी से पेंशनर्स ने सरकार की कार्यशैली पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने एचआरटीसी पेंशनरों को पेंशन भुगतान में हो रही मनमानी पर गहरा रोष जताया है। संगठन ने कहा कि निगम प्रबंधन पिछले दो माह से पेंशन समय पर नहीं दे रहा, जिससे पेंशनरों को गंभीर आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंच ने सरकार से आग्रह किया है कि निगम को एकमुश्त राशि जारी की जाए ताकि सभी पेंशनर पेंशन एक साथ प्राप्त कर सकें और भविष्य में हर माह की पहली तारीख को पेंशन सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यह भी उठाया गया कि पेंशनरों के मेडिकल बिल पिछले तीन साल से लंबित हैं, जबकि सरकार ने एक माह में भुगतान का वादा किया था। लंबित बिलों के कारण वृद्ध पेंशनर सही इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। इसके अलावा, एचआरटीसी परिचालकों और लिपिकों के वेतनमान में न्यायालय के आदेशानुसार समान पे-बैंड लागू करने की मांग भी की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर, महासचिव किशोरी लाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम राणा, रामलाल ठाकुर और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू



कार्यशाला में उपस्थित पीएम श्री स्कूलों के शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ डाइट प्रिंसिपल बिलासपुर राकेश मनकोटिया ने किया। जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यशाला में पीएम श्री विद्यालयों से चयनित 38 शिक्षक भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला के पहले दिन पीएम श्री योजना के विजन, मिशन और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण को इंटरएक्टिव रखते हुए शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई तथा पीएम श्री विद्यालयों को नवाचार और उत्कृष्टता के मॉडल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति तेजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरसूह ने शिक्षण नवाचारों और विद्यालय विकास से जुड़े अनुभव साझा किए। जिला पीएम श्री नोडल अधिकारी अनिल कुमार और प्रशिक्षक दिग्विजय मल्होत्रा ने द्वि-मार्गीय संवाद के माध्यम से प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने पर बल दिया।

# चिट्टे के खात्मे को सरकार व प्रशासन का सहयोग जरूरी : सीताराम कौंडल

अनंत ज्ञान



जागरूकता अभियान में उपस्थित ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** उपमंडल घुमारवीं के महराणा कस्बे में सोमवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा जानलेवा नशा चिट्टे के खिलाफ छेड़े गया जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता मोर्चा के जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में किया, जबकि कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया।

जिला महासचिव आचार्य नंद लाल ने बताया कि इस शिविर में जहां चिट्टा नशे के बढ़ते प्रचलन पर और रोकथाम पर चर्चा की गई। वहीं, बैकलॉग की अनदेखी को लेकर भी गहन चिंता की गई। उपस्थिति को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सीता राम कौंडल ने कहा कि वर्तमान में यह सिंथेटिक नशा निरंतर अपनी जड़े मजबूत करता जा रहा है तथा युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आकर अपने प्राण त्याग रही है। अल्पायु में प्राण गंवा रहे नौजवान और परिवारों की दुर्दशा वर्तमान समाज में चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि इस नशे को रोकना लाजमी हो गया है। इसके लिए समाज के एक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आने की आवश्यक्ता है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस नशे की खात्मे के लिए संवेदनशील है तथा निरंतर प्रयासरत है। लोगों को भी सरकार की बात पर अमल करते हुए इस नशे में संलिप्त सौदागरों की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए।

वहीं बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख विपन बंसल और मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार कर्म सिंह ने प्रदेश में आरक्षित वर्ग के लोगों पर हो रहे अत्याचारों पर भी गहन चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की है कि इन मामलों पर त्वरित कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। वहीं सेवानिवृत प्रिंसीपल जगजीत सिंह और इंजीनियर सुखराम ने सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की लेट लतीफी के कारण बैकलॉग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आरक्षित वर्गो के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं में रोष की लहर है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 2013 से अब तक विभिन्न विभागों में बैकलॉग के रिक्त पदों पर सरकार तुरंत भर्ती प्रक्रिया शुरू करें।

**श्रद्धा** शक्तिपीठों में गुप्त नवरात्र शुरू, प्रात: आरती के साथ शुरू हुई पूजा

# नयना देवी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनंत ज्ञान



माता श्री नयना देवी के मंदिर में दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें। अनंत ज्ञान

**नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों में माघ मास के शुक्ल पक्ष के गुप्त नवरात्रों का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। विश्वविख्यात शक्तिपीठ माता श्री नयना देवी में प्रात:कालीन आरती और विशेष पूजा-अर्चना के साथ नवरात्रों की शुरुआत हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर गुप्त नवरात्रों के प्रथम दिन आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्रोच्चार, आरती और देवी स्तुति से समूचा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वर्ष में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं। चैत्र और आश्विन नवरात्र सार्वजनिक रूप से मनाए जाते हैं, जबकि आषाढ़ और माघ मास के नवरात्रों को गुप्त नवरात्र कहा जाता है, जिनका विशेष महत्व साधना, उपासना और तंत्र साधकों के लिए माना जाता है। गुप्त नवरात्रों के दौरान पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता श्री नयना देवी के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु माता के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर न्यास की ओर से सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता सहित सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मंदिर के पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रों में की गई साधना से माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# कोसरियां वार्ड में मसाज सेंटर पर छापेमारी, इंजेक्शन और दवाइयां बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहर के कोसरियां वार्ड में संचालित एक मसाज सेंटर पर बीते सप्ताह हुई ड्रग्स विभाग की छापेमारी में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। मसाज के नाम पर यहां बिना किसी वैध पंजीकरण, ड्रग्स लाइसेंस और मेडिकल योग्यता के लोगों को दवाइयां और पेन किलर इंजेक्शन दिए जा रहे थे, जिससे लोगों की सेहत से सीधा खिलवाड़ किया जा रहा था। ड्रग्स विभाग को इस मसाज सेंटर को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान मौके से पेन किलर के पांच इंजेक्शन, टैबलेट, कैल्शियम गोलियां, विभिन्न प्रकार के जेल सहित कुल 22 तरह की दवाइयां बरामद की गईं। जांच में दवाइयों के रखरखाव से जुड़ा कोई रिकॉर्ड भी नहीं मिला।

ड्रग्स इंस्पेक्टर अंजना देवी ने बताया कि बिना प्रशिक्षण इंजेक्शन लगाना गैरकानूनी और जानलेवा हो सकता है। जब्त दवाइयों को सील कर लिया गया है और मसाज सेंटर के प्रबंधक के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही दवाइयों की आपूर्ति के स्रोत की भी जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 को प्रस्तावित ईट राइट मेला स्थगित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चौगान नंबर-1 में 26 जनवरी को आयोजित होने वाला एक दिवसीय ईट राइट मेला अपरिहार्य कारणों के चलते आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक अनंद ने देते हुए बताया कि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मेले के आयोजन को फिलहाल टालने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि नए आयोजन की तिथि के संबंध में जारी होने वाली आगामी सूचना पर ध्यान दें।

### आज से भरमौर का दौरा करेंगे सुरजीत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी मंगलवार को पहली बार अपने गृह विधानसभा क्षेत्र भरमौर का दौरा करेंगे। सुबह 10:30 बजे वे त्रिलोचन महादेव पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और संगठन की जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे। सुरजीत भरमौरी तियूला गांव, ग्राम पंचायत सैहली, तहसील भरमौर के निवासी हैं। जिला अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला विधानसभा दौरा है। इसके लिए भरमौर के प्रवेश द्वार मैहला से धरवाला तक कार्यकर्ताओं ने स्वागत की तैयारियां की हैं। दौरे के दौरान वे कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, संगठन मजबूत करने के लिए फीडबैक लेंगे और आगामी पंचायती राज चुनावों के लिए दिशा-निर्देश देंगे। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर उन्हें जनता तक पहुंचाने के निर्देश भी देंगे।

### बेदी को सौंपी चौगान मैदान मेंटेनेंस की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हॉकी में वर्षों के अनुभव रखने वाले एवं जनरल सेक्रेट्री चंबा हॉकी एसोसियेशन मुकेश बेदी को ऐतिहासिक चौगान मैदान के 100/100 हॉकी फील्ड के पूर्ण मेंटेनेंस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कदम मैदान को खिलाड़ी-अनुकूल और सुरक्षित बनाने के साथ आने वाले राज्य और जिला स्तरीय टूर्नामेंट्स को आसानी से आयोजित करने की दिशा में उठाया गया है। मुकेश बेदी ने कहा कि उनका लक्ष्य मैदान को पूरी तरह समतल और सुरक्षित बनाना है, ताकि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें और चोटों का जोखिम कम हो। हॉकी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी उनके अनुभव और नेतृत्व की सराहना की।

### पार्क और राजस्व कॉलोनी का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हरदासपुर चौक में विकसित हो रहे पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को पार्क में सोलर लाइट, आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु चारों ओर सुरक्षा दीवार व गेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क में घूमने के लिए एक्वा प्रेशर पाथ और दीवारों पर स्वच्छता संदेश वाली चित्रकला अंकित करने की योजना की जानकारी दी। उपायुक्त ने राजस्व कलोनी परिसर में चल रहे रख-रखाव कार्य, विशेषकर अपशिष्ट जल निकासी, का निरीक्षण किया और कार्य को गुणवत्ता युक्त एवं निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने साझा गेट का स्थान बदलने और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने की भी हिदायत दी। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, सहायक अभियंता और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### काला पीलिया से बचाव की दी पहली डोज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मैडीकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में सोमवार को हेपेटाइटिस बी (काला पीलिया) से बचाव के लिए वेक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह ने किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हेपेटाइटिस बी गंभीर लिवर इन्फेक्शन है, जिसके मरीजों को जीवनभर दवाइयां लेनी पड़ती हैं। इस अभियान में तीन डोज (0-2-4) दी जाएंगी, जिसमें पहली डोज इसी दिन लगाई गई। सफाई कर्मियों, चौथी श्रेणी कर्मचारियों, स्टाफ नर्स, डॉक्टरों और प्रशिक्षुओं को क्रमशः टीका लगाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. हर्ष महाजन, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।

### चंबा साथी ऐप व वेब पोर्टल को लेकर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में चम्बा साथी ऐप एवं वेब पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन की ओर से सेवा प्रदाता कंपनी ने ऐप और वेब पोर्टल की कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की। जिला प्रशासन की पहल पर तैयार इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से चंबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं का डाटा ऑनलाइन एकत्रित किया जाएगा। अमित मैहरा ने बताया कि अपलोड हुए प्रशिक्षित युवाओं को उनके कौशल के आधार पर आपदा या अन्य कार्यों में वालंटियर के रूप में सेवाएं दी जाएंगी। इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म युवाओं तक विभिन्न जानकारियाँ शीघ्र और आसान रूप से पहुंचाने में मदद करेगा।

### राष्ट्रीय पच्चीसी स्पर्धा में जीते गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पच्चीसी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग में साक्षी, पायल और तमन्ना (मंडी) की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर गर्ल्स वर्ग में भी हिमाचल की टीम अक्षरा, रानी, तनमय और ऋषिका राणा की बेहतरीन खेल भावना के चलते गोल्ड मेडल विजेता बनी। सब-जूनियर बॉयज वर्ग में निर्मित और तनिश की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश पच्चीसी खेल संघ के प्रधान डॉ. संजय कुमार ने खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। महासचिव राम सिंह चौहान ने प्रतियोगिता के दौरान उपलब्धि की जानकारी दी।

### मकान की नींव उखाड़ने व मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तहसील चच्योट, गोहर की पंचायत नौण के गांव कोट निवासी नागणू राम ने पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा को लिखित शिकायत सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं। नागणू राम का कहना है कि गत मूलिया ने उनके नए बनाए जा रहे मकान की नींव उखाड़ दी व इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत में नागणू राम ने बताया कि वर्ष 2025 की आपदा में उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था, जिसके बाद हिमाचल सरकार की ओर से उन्हें मकान के पुनर्निर्माण के लिए पहली किस्त जारी की गई थी। सरकारी सहायता मिलने पर उन्होंने पुराने मकान की जगह पर ही नया मकान बनाना शुरू किया था, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही मूलिया वहां पहुंचा और पत्थरों को उखाड़ने लगा। पीड़ित ने अपनी शिकायत के समर्थन में नए मकान की नींव उखाड़ने का वीडियो भी पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा को सौंपा है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर मामला दर्ज किया जाए। एसपी ने शिकायत को गोहर थाना को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है।

# कृषि उपज व्यापार पर निगरानी से घटेंगे दाम, उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

## चंबा मंडी समिति का बड़ा फैसला, व्यापारियों का पंजीकरण होगा अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** हिमाचल प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत अधिसूचित कृषि उपज के थोक एवं खुदरा व्यापार पर प्रभावी निगरानी लागू करने की दिशा में कृषि उपज मंडी समिति चंबा ने बड़ा निर्णय लिया है। इस संबंध में समिति की वित्त वर्ष 2026-27 की बजट बैठक सोमवार को समिति कार्यालय बालू में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडी समिति अध्यक्ष ललित ठाकुर ने की।



चंबा मंडी समिति की बैठक में अध्यक्ष ललित ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

बैठक की कार्यवाही का संचालन सचिव भानु प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर वित्त वर्ष 2025-26 की आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति सदस्यों ने गहन विचार-विमर्श करते हुए भविष्य की रणनीति पर सहमति व्यक्त की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिसूचित क्षेत्र जिला चंबा में अधिसूचित वस्तुओं का निर्धारित सीमा से अधिक थोक अथवा खुदरा व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों का कृषि उपज मंडी समिति चंबा में पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया कि यह कदम अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ बाजार व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

समिति के अनुसार थोक एवं खुदरा व्यापार पर सख्त निगरानी से अनियमित, अपंजीकृत एवं मनमाने व्यापार पर रोक लगेगी, जिससे बाजार में मूल्य स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं और स्थानीय खरीदारों को मिलेगा तथा अधिसूचित कृषि उपज के दामों में कमी आने की संभावना प्रबल होगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिसूचित कृषि उपज का किसी भी प्रकार का परिवहन बिना विधिवत पक्का बिल या वैध विक्रय पर्ची के नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या व्यापारी के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि उपज मंडी समिति, चंबा ने सभी व्यापारियों से अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने तथा पारदर्शी, नियंत्रित और उपभोक्ता हितैषी बाजार व्यवस्था बनाने में समिति के साथ पूर्ण सहयोग करने की अपील की है।

# अवैध रेहड़ी-फड़ियां हटाई, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चंबा ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और स्वच्छ, व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए तीसरी बार जोरदार अभियान चलाया। यह अभियान नगर परिषद की कनिष्ठ अभियंता नीतिका ठाकुर की अध्यक्षता में पुलिस बल, अध्यक्ष नीलम नय्यर, उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, सभी पार्षद एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारी स्टाफ की मौजूदगी में किया गया, जिससे प्रशासन की सख्ती और जवाबदेही का सशक्त संदेश पूरे शहर में पहुंचा।

अभियान के दौरान नियमों की अवहेलना कर लगाई गई अवैध रेहड़ी-फड़ियों को हटाया गया और उनका सामान जब्त कर नगर परिषद के स्टोर में सुरक्षित रूप से जमा करवाया गया। कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और शहर में साफ संदेश गया कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि यह अभियान शहर में अतिक्रमण, अव्यवस्थित यातायात और आम जनता को हो रही असुविधा को समाप्त करने के उद्देश्य से लगातार जारी है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से लगाए गए रेहड़ी-फड़ियों से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि शहर की स्वच्छता और सौंदर्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नीतिका ठाकुर ने दो टूक शब्दों में कहा, 'नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान रुकने वाला नहीं है।

नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आने वाले दिनों में और भी सख्त कार्रवाई होगी। बार-बार चेतावनी के बावजूद नियम न मानने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर परिषद चंबा ने सभी रेहड़ी-फड़ी धारकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करें और नगर परिषद के नियमों का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह अभियान न केवल नगर परिषद की दृढ़ नीतियों को दर्शाता है, बल्कि शहर में अतिक्रमण और अव्यवस्था के खिलाफ प्रशासन की सख्त और जवाबदेह छवि को भी मजबूती प्रदान करता है।

# केजीबीवी छात्रावास स्टाफ के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान

◆ जिला चंबा के 11 छात्रावासों का स्टाफ ले रहा भाग

**चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सरू, चंबा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) छात्रावास स्टाफ के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य केजीबीवी छात्रावासों के प्रभावी संचालन, बाल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं पोषण, अभिलेख एवं लेखा प्रबंधन तथा भवन निर्माण एवं सुरक्षा से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना है।

कार्यशाला में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित जिला चंबा के 11 केजीबीवी छात्रावासों के सदस्य सचिव, वार्डन, सहायक वार्डन, प्रधान एवं सहायक रसोइया, लेखाकार, अंशकालिक शिक्षक, सेवादार, चौकीदार, सफाई कर्मचारी सहित अन्य स्टाफ भाग ले रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा चंबा भाग सिंह ने किया। उन्होंने छात्रावासों में अनुशासन, सुरक्षा तथा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते हुए सभी कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

कार्यशाला की समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रावासों में सुरक्षित, स्वच्छ, अनुशासित एवं बालिका-मैत्री वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुरूप अभिलेख, लेखा एवं प्रतिवेदन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रथम दिवस विभिन्न सत्रों में केजीबीवी छात्रावासों के उद्देश्य, वित्तीय प्रावधान, सेवा नियम एवं दायित्व, छात्रावास संचालन, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की जानकारी दी गई। अंतिम सत्र में बाल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा सकारात्मक व्यवहार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# नयाग्रां-फटाहर बस रूट बंद करने पर आक्रोश

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पिछले करीब 20 वर्षों से जनता की जीवनरेखा बनी नयाग्रां-होली से बैजनाथ (फटाहर) के लिए एचआरटीसी की बस सेवा को अचानक बंद किए जाने से पूरे होली क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। निगम द्वारा 'सवारी नहीं होने' का बहाना बनाकर इस ऐतिहासिक बस रूट को बंद करना सीधे-सीधे जनता के साथ धोखा है।

रविवार को हालात इतने बदतर हो गए कि कांगड़ा जाने वाली एक दर्जन से अधिक सवारियों को चंबा बस स्टैंड पर जबरन उतार दिया गया और उन्हें दूसरी बसों के माध्यम से कांगड़ा भेजा गया। यह बस सेवा वर्ष 2007 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष पंडित तुलसीराम के प्रयासों से शुरू हुई थी। तहसील होली की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी कांगड़ा, पालमपुर और बैजनाथ में माइग्रेट है और रोजमर्रा की जिंदगी इसी बस सेवा पर निर्भर है। सवाल यह है कि जब दो दशकों तक यह रूट घाटे में नहीं रहा, तो अब अचानक घाटे का बहाना क्यों? स्थानीय लोगों का आरोप है कि रविवार को जानबूझकर इस बस को बंद कर यात्रियों को परेशान किया जा रहा है, ताकि जनता खुद ही इस सेवा से तंग आ जाए और रूट को स्थायी रूप से खत्म किया जा सके।

वहीं जानकारों की माने आजकल सवारियां सरकारी बसों की बजाय प्राईवेट बसों को अधिक महत्व दे रहे हैं जिसके चलते अधिकतर सरकारी बस के रूट घाटे पर जा रहे हैं। जिसको लेकर निगम को बस रूट बंद करने पड़ रहे हैं। बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की मीटिंग में भी इस तरह की फैसले लिए गए हैं। जबकि सरकारी बसों में महिलाओं बुजुर्गों के लिए सरकार में विभाग द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। निगम के शुभचिंतकों की माने तो जब लोग सरकारी बसों को अधिक तवज्जो देंगे तभी अधिक रूटों पर सरकारी बसें दौड़ पाएगी अलवता अधिकतर सरकारी रुट बंद हो सकते हैं।

## पूरे क्षेत्र में करेंगे जन आंदोलन: अशोक राजपूत



**भाजपा** मंडल अध्यक्ष होली एवं ग्राम पंचायत नयाग्रां के प्रधान अशोक राजपूत ने कहा कि यदि एचआरटीसी और सरकार ने तुरंत इस बस रूट को बहाल नहीं किया तो पूरे क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।



**बस** के रूट को परमानेंट बंद नहीं किया गया है बल्कि टेंपरेरी बंद किया है। सर्दियों के दिनों में सवारियां कम होती हैं और इस बस की टाइमिंग के साथ ही शिमला और धर्मशाला के लिए अतिरिक्त बसें जाती है। सवारियों को उसके माध्यम से कांगड़ा भेज दिया जाएगा। जैसे ही सवारियां की संख्या बढ़ जाएगी बस रूट को पुन बहाल कर दिया जाएगा। निगम महिलाओं बुजुर्गों व सवारीयों को बेहतर सेवा देने के लिए तत्पर है।
**-शुगल सिंह, आरएम।**

### तीसा-1 में सर्वर ठप होने से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, चुराह।** उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत तीसा-1 में परिवार रजिस्टर की ई-केवाईसी का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन बार-बार आ रही सर्वर और नेटवर्क समस्या ने पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर दिया है। तकनीकी बाधाओं के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क और सर्वर बार-बार डाउन हो जाने से ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि परिवार रजिस्टर ई-केवाईसी की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाया जाए, ताकि तकनीकी कारणों से कोई भी पात्र परिवार इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। उनका कहना है कि यदि समय-सीमा में राहत नहीं दी गई तो अनेक परिवारों के जरूरी दस्तावेज अधूरे रह सकते हैं।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं प्रवीण कुमार**, पुत्र हुक्म चंद, गांव मझेड़, डा. थानाकलां, उप तहसील बीहड़ू कलां, जिला ऊना (हि.प्र.), बयान करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में गलती से एहसान दर्ज हो गया है उसका सही नाम ईशान कुमार है। कृपया संबंधित नोट करें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, भादर सिंह (41)** पुत्र वृकम निवासी बागली डाकघर बटवाड़ा तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा वास्तविक और सही नाम धर्म पाल पुत्र वृकम राम के स्थान पर भादर सिंह पुत्र वृकम है। सभी संबंधित नोट करें।

# बिजली बोर्ड के कर्मचारी जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर कर रहे काम

अनंत ज्ञान

**तीसा (चंबा)।** जिले के बिजली बोर्ड उपमंडल तीसा की इमारत अपनी बदहाली के आंसू बहा रही है। वर्षों पुरानी यह इमारत अब पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारी इसी भवन में अपनी सेवाएं देने को मजबूर हैं। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता, जिससे कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता को भी जान-माल का नुकसान हो सकता है।





तीसा में बिजली बोर्ड का भवन बदहाली का शिकार। अनंत ज्ञान

इस जर्जर भवन में सहायक अभियंता कार्यालय, कनिष्ठ अभियंता कार्यालय, शिकायत कक्ष तथा उपकरण स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। छतों और दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, जगह-जगह प्लास्टर उखड़ रहा है और बरसात के मौसम में पानी टपकने की समस्या आम हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि हर दिन डर के साये में काम करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने विभागीय उच्च अधिकारियों से मांग की है कि भवन की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए या फिर किसी सुरक्षित वैकल्पिक भवन में कार्यालय को शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले ही उचित कदम उठाए जा सकें। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही कभी भी एक बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है।

# चंबा पुलिस ने चिट्टा मारपीट व अवैध शराब के मामले किए दर्ज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा पुलिस ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध मादक पदार्थ व शराब पर रोक लगाने के लिए पांच मामलों में कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक चंबा के निर्देशानुसार सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी है।

मुख्य घटनाओं में थाना चुवाड़ी में नाकाबंदी के दौरान पंकज कुमार के कब्जे से 4.36 ग्राम चिट्टा बरामद होना। थाना किहार में पवन कुमार के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया, जिसमें शिकायतकर्ता रेखा देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें रास्ता रोककर गाली-गलौज और मारपीट की गई। थाना सदर में छेछ कुमार की शिकायत पर लेख राज और अन्य के खिलाफ गंभीर हमला करने का मामला दर्ज किया गया। साथ ही, अवैध शराब बरामदगी की भी कार्रवाई हुई। थाना खैरी में छत्तर सिंह के कब्जे से 5250 ML/CL शराब और थाना तीसा में बाल कृष्ण की दुकान से 3750 ML/IL शराब जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में मादक पदार्थ और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की और कहा कि यह कदम कानून और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति पुलिस की सख्ती और जवाबदेही को दर्शाता है। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना और चंबा जिले को सुरक्षित बनाना है।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी तहसील तमगेल समाजला कांगड़ा हि. प्र.।**

क्रमांक 05 रीडर-1
दिनांक 06-1-2026
मिसल न.-त./2025
03-02-2025
ता. पेशी 05-02-2026

**अनुमान मुकदमा**
श्री उमेश चन्द पुत्र अमर सिंह निवासी बटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा वगवां जिला कांगडा हि.प्र.। ...प्राथी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषयः** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी इश्तहार**
प्रार्थना पत्र श्री रमेश चन्द पुत्र अमर सिह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा वगवां जिला कांगडा हि. प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल पटोला मौजा झिकली कोठी के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार पुत्र अमर सिह दर्ज है। जो कि गलत है। जवकि मेरा सही नाम रमेश चन्द पुत्र अमर सिह है। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अत: इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस नाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 06-02-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ला आले की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार लाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 6-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**तहसील नगरोटा बगवां**
**जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी पंच कार्यकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

क्रमांक 05 रीडर-1,
दिनांक 06-01-2026
मिसल न.- त./2025
ता. पेशी 05-02-2026

**अनुमान मुकदमा**
श्री उमेश चन्द पुत्र अमर सिंह निवासी बटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगडा हि.प्र.। ..... प्राथी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषयः** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी इश्तहार**
प्रार्थना पत्र श्री रमेश चन्द पुत्र अमर सिह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा वगवां जिला कांगडा हि. प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल पटोला मौजा झिकली कोठी के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार पुत्र अमर सिह दर्ज है। जो कि गलत है। जवकि मेरा सही नाम रमेश चन्द पुत्र अमर सिह है। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अत: इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस नाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 06-02-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ला आले की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी और नियमानुसार लाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 6-01-20026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**तहसील नगरोटा बगवां**
**जिला कांगड़ा हि.प्र.**

## सम्मान — चंबा मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियों को मिला राज्यस्तरीय गौरव

# माणिक को चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए सम्मान

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** पं. जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा के आर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. माणिक सहगल को उनकी असाधारण चिकित्सीय सेवाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए 18 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदान किया गया। इस गरिमामय अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल तथा कैबिनेट मंत्री रैंक एवं पर्यटन विभाग के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश भर से चयनित 15 उत्कृष्ट डॉक्टरों को प्रदान किया गया, जिनमें चंबा जिले से डॉ. माणिक सहगल एकमात्र चयनित चिकित्सक रहे। यह उपलब्धि न केवल डॉ. सहगल की व्यक्तिगत उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि मेडिकल कॉलेज चंबा की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी सशक्त प्रमाण है। डॉ. माणिक सहगल ने चंबा जैसे दुर्गम और पिछड़े क्षेत्र में कार्य करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



वर्ष 2019 में कार्यभार ग्रहण करने के मात्र पांच महीनों के भीतर उन्होंने चंबा जिले की पहली स्पाइन सर्जरी कर एक पैराप्लेजिक मरीज को दोबारा चलने में सक्षम बनाया। इसके बाद उन्होंने जिले की पहली टोटल हिप रिप्लेसमेंट, टोटल नी रिप्लेसमेंट, रिवीजन हिप रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

वर्ष 2024 में डॉ. सहगल ने पेल्विक एसीटाबुलम सर्जरी जैसी अत्यंत जटिल एवं उच्च जोखिम वाली सर्जरी भी सफलतापूर्वक की, जिसे आर्थोपेडिक्स की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं में गिना जाता है। यह सर्जरी भी पहली बार चंबा मेडिकल कॉलेज में की गई, जिससे संस्थान की चिकित्सीय क्षमताओं को नई पहचान मिली। इसी वर्ष 2024 में डॉ. सहगल ने चंबा मेडिकल कॉलेज को मेडिकल टूरिज्म के मानचित्र पर स्थापित कर दिया, जब उन्होंने कनाडा से आई एक महिला मरीज की ब्लडलेस द्विपक्षीय टोटल नी रिप्लेसमेंट (बी/एल टीकेआर) सर्जरी एक ही बैठक में की। यह सर्जरी तकनीकी रूप से अत्यंत कठिन मानी जाती है और चंबा जिले में पहली बार की गई। उनके प्रयासों से मेडिकल कॉलेज चंबा में पोंसेटी क्लिनिक की स्थापना हुई, जिससे टेढ़े पैरों से जन्मे बच्चों को अब स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक उपचार उपलब्ध हो रहा है। साथ ही आर्थोपेडिक्स विभाग अब स्नातक स्तर से आगे बढ़कर स्नातकोत्तर प्रशिक्षण विभाग बन चुका है, जहां दिसंबर 2025 से एमएस आर्थोपेडिक्स की पढ़ाई आरंभ करवाई

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. माणिक सहगल जैसे समर्पित चिकित्सक प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी असंभव को संभव कर दिखाया है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और रघुबीर सिंह बाली ने भी डॉ. सहगल के योगदान की सराहना करते हुए इसे चंबा और पूरे हिमाचल के लिए गौरव का विषय बताया।

डॉ. माणिक सहगल का यह सम्मान न केवल उनकी वर्षों की निष्ठावान सेवा की पहचान है, बल्कि यह सशक्त संदेश भी देता है कि दूरस्थ और आकांक्षी जिलों में भी उत्कृष्ट, अत्याधुनिक और जटिल चिकित्सा सेवाएं संभव हैं। आज चंबा के लोगों को आर्थोपेडिक उपचार के लिए अन्य जिलों की ओर रुख नहीं करना पड़ता—यह परिवर्तन डॉ. माणिक सहगल की दूरदर्शी सोच, समर्पण और अथक परिश्रम का प्रत्यक्ष परिणाम है।

# भारतीय डाक कर्मचारी संघ को मिला नया सर्किल सचिव



केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रवीन को जिम्मेदारी सौंपी गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ (बीपीईए) ग्रुप तृतीय श्रेणी की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंडी में सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने की। बैठक में हिमाचल सहित विभिन्न मंडलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं, विभागीय नीतियों तथा संगठन को मजबूत करने से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कर्मचारियों के हितों की रक्षा, लंबित मांगों के शीघ्र समाधान, संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा जमीनी स्तर पर समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया गया। इसी दौरान प्रवीन कुमार सलूरिया को सर्वसम्मति से भारतीय डाक कर्मचारी संघ (बीपीईए) ग्रुप तृतीय श्रेणी हिमाचल प्रदेश का सर्किल सचिव निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने कहा कि संगठन कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा तथा विभाग के साथ सकारात्मक संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। नव-निर्वाचित सर्किल सचिव प्रवीन ने विश्वास जताने के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया।

**नर** हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो॥

–मैथिलीशरण गुप्त

## संपादकीय

# पंचायत चुनाव की हलचल

हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर जो शोर-शराबा मचा है, वह अब चरम पर पहुंच चुका है। इसी को देखते हुए राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि सरकार प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार 30 अप्रैल से पहले चुनाव करवा देगी। इस सहमति के बाद अब राजनीतिक दल, खासकर कांग्रेस और भाजपा, अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और प्रदेश का पूरा माहौल चुनावी माहौल में बदल जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी, जिससे पंचायत चुनावों को लेकर उठ रहे संशय अब पूरी तरह समाप्त हो गए हैं।

पहले चर्चा थी कि सरकार डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर जानबूझकर चुनावों को आगे खिसका रही है, जिसको विपक्षी दल, विशेषकर भाजपा, ने बड़ा मुद्दा बनाया था लेकिन सरकार की ओर से स्पष्ट हरी झंडी मिलने के बाद विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं रहा। यह फैसला अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पंचायतें ग्रामीण विकास में अहम योगदान देती हैं। यदि चुनावों में देरी होती है तो ग्रामीण शासन की संपूर्ण संरचना प्रभावित हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज विभाग चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां तुरंत शुरू करे, जो संकेत करता है कि सरकार चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालांकि, ये चुनाव पार्टी चिन्हों पर नहीं लड़े जाते, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक दल पूरी सक्रियता दिखाते हैं। राजनीतिक विश्लेषक इन चुनावों को आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर देखते हैं और गणित लगाते हैं कि किस पार्टी का भविष्य प्रदेश में कैसा होगा।

दोनों बड़े दलों के लिए ये चुनाव महत्वपूर्ण हैं। भाजपा इस चुनाव को लेकर उत्साहित है और दावा कर रही है कि कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा और भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। हालांकि, अंतिम परिणाम समय ही बताएगा। सत्ता में बैठे प्रतिनिधियों को हराना आसान नहीं होता, लेकिन हालिया चुनाव, विशेषकर महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत को देखते हुए, यह कहना जल्दबाजी होगी कि भाजपा हिमाचल में कमजोर साबित होगी। वहीं, कांग्रेस अभी पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति में एक साल लग गया और जिला अध्यक्ष तो नियुक्त किए गए हैं, लेकिन निचले स्तर की कार्यकारिणियों का गठन अभी बाकी है। कांग्रेस को तेजी से संगठन मजबूत करना होगा, तभी वह भाजपा को चुनौती दे सकेगी।

सरकार की घोषणा के बाद इच्छुक प्रत्याशियों में उत्साह बढ़ गया है, क्योंकि वे लंबे समय से चुनाव की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब राज्य चुनाव आयोग को चाहिए कि वह जल्द से जल्द चुनावी रोस्टर जारी करे, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन सी पंचायतें आरक्षित हैं और कौन सी खुली हैं। यह जानकारी भी दी जानी चाहिए कि कौन सी पंचायतें मर्ज हो रही हैं और कौन सी नई बन रही हैं। समय कम होने के कारण सभी तैयारियों को तेजी से पूरा करना आवश्यक है।

समय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। चुनाव गर्मियों से पहले कराना बेहतर होगा, क्योंकि उसके बाद हिमाचल में मानसून सक्रिय हो जाता है, जो लगभग तीन महीने तक रहता है। यह समय सभी पंचायत चुनावों को आसानी से संपन्न करने के लिए उपयुक्त है। हालांकि, बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे मंडी, कुल्लू, चंबा, शिमला और सिरमौर में चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए चुनाव आयोग को इसके लिए अच्छी योजना बनानी होगी।

खुशखबरी यह है कि हिमाचल में पंचायत चुनाव समय पर होंगे, जिससे ग्रामीण सत्ता फिर पटरी पर लौटेगी। ये चुनाव केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण लोकतंत्र को मजबूत करने और नागरिकों को योग्य प्रतिनिधियों का चयन करने का महत्वपूर्ण अवसर भी हैं। पंचायत चुनावों के सफल आयोजन से न केवल स्थानीय शासन सर्, य होगा, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों की दिशा भी तय होगी। इस प्रकार, हिमाचल प्रदेश की पंचायतें समय पर चुनाव के साथ फिर से सशक्त, सक्रिय और लोकतांत्रिक ढांचे में लौटेंगी, जो ग्रामीण विकास और शासन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**अजीत** कुमार डोभाल भारत के वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। वे 30 मई 2014 से इस पद पर कार्यरत हैं और भारत के पांचवें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। शांतिकाल में दिए जाने वाले दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, कीर्ति चक्र से सम्मानित होने वाले वे एकमात्र भारतीय नागरिक हैं। अजित डोभाल का जन्म उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में एक गढ़वाली परिवार में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने अजमेर के मिलिट्री स्कूल से पूरी की, उसके बाद आगरा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एमए किया। 1968 में केरल कैडर से आईपीएस के लिए चुने गए और 2005 में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए। वे मिजोरम, पंजाब और कश्मीर में उग्रवाद विरोधी अभियानों में सक्रिय रहे। डोभाल की भूमिकाएं विशेष रूप से खुफिया और गुप्त ऑपरेशन्स में उल्लेखनीय रही हैं। ऑपरेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान उन्होंने खालिस्तानियों की तैयारियों की जानकारी जुटाई। 1999 में इंडियन एयरलाइंस की उड़ान IC-814 के हाईजैक के समय उन्हें मुख्य वार्ताकार बनाया गया। उत्तर-पूर्व में मिजो नेशनल फ्रंट के उग्रवाद को नियंत्रित करने में भी उनका योगदान रहा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक की योजना बनाई, जिसमें भारतीय सेना ने सीमा पार म्यांमार में आतंकियों को निशाना बनाया। डोभाल ने पाकिस्तान और ब्रिटेन में राजनयिक जिम्मेदारियां निभाईं और खुफिया ब्यूरो की ऑपरेशन शाखा का नेतृत्व किया। वे इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान में नरेंद्र मोदी सरकार के आतंकवाद विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के मास्टरमाइंड माने जाने वाले डोभाल ने अपने जीवन का अधिकांश समय गुप्तचर और सुरक्षा मामलों में बिताया। ■



अजीत कुमार डोभाल
**जन्म :** 20 जनवरी, 1945

## कविता: बीता वक्त



वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

**वक्त** अपनी रफ्तार चलता गया, वक्त की शैह को न समझ पाया
वक्त आगे-आगे, मैं पीछे-पीछे
लौटने की कोशिश में हार गया मैं
व्यथित हुआ मन, वक्त ने दी आवाज
उठो जागो और देखो सूर्योदय हुआ
पूर्वांचल की स्वर्णिम रश्मियां, चारों दिशाओं को महका रहीं
प्रकृति भी पुकार रही, क्यों भागते हो मुझ से दूर ?
यौवन के नशे में होकर चूर, खो रहे हो तुम अपना नूर
लो देखो जा रहा है वक्त, थाम लो तुम वक्त
बन जाओ तुम सशक्त, वक्त तुम्हारा है
वक्त के साथ चलो, सबसे प्रेम से मिलो

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पढ़े-लिखे मंत्री और असहज अफसरशाही





एम. एस. मैहता
स्वतंत्र लेखक

बर्रे के छत में पत्थर मारना तो आप लोगों ने सुना ही होगा। वह पत्थर हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मारा। बर्रे कौन हैं आप समझ ही गए होंगे।

2015 की बात है। मेरे इमेडिएट पॉलिटिकल बॉस ने मुझ से अपने विभाग के सचिव की कार्यप्रणाली के विषय में पूछा। बातचीत के दौरान उन्होंने पूछ लिया कि सचिवालय में सैकड़ों आईएएस अफसर बैठते हैं। सभी अपने अपने विभागीय मंत्री के प्रति व्यक्तिगत तौर पर और मंत्रिमंडल के प्रति सामूहिक तौर पर जवाबदेह होते हैं। आप यह बताएं कि इनका पॉलिटिकल बॉस के प्रति क्या रवैया होता है? मैंने कहा, सर आईएएस हल में जुते बैल की तरह होते हैं जो हल में जोतने के बाद अपने हाली ( हल चलाने वाले) को देखते हैं।

अगर हाली कड़ियर हुआ तो आईएएस की चाल कुछ और होती है अगर हाली कोई टटपुंजिया टाइप हुआ तो आईएएस की चाल एक दम अलग होती है। बहुधा होता यही है कि ज्यादातर मंत्री अनपढ़ या डफर होते हैं। आईएएस ऐसे ही मंत्री को पसंद करते हैं। ऐसे मंत्रियों से ये मनमाफिक काम करवाने में सफल हो जाते हैं और विभाग को अपने हिसाब से चलाते हैं। अगर मंत्री कहीं BCS और St. Stephen कॉलेज का पढ़ा हो तो IAS को जलन हो जाती है, क्योंकि ऐसे पढ़े लिखे मंत्री की आंख में वे धूल नहीं झोंक सकते। आपने सुना ही होगा कि हिमाचल में एक IAS ने एक अनपढ़ मंत्री को कह दिया था कि 'आप IAS नहीं बन सकते, जबकि मैं मंत्री बन सकता हूं।'

इसलिए आज एक पढ़े लिखे मंत्री को बदनाम करने के लिए IAS और IPS लॉबी ने अपनी सारी सीमाएं तोड़कर मंत्री के विरुद्ध प्रस्ताव पास कर दिया। मजे की बात यह है कि IPS के विरुद्ध तो कहीं कोई बात की ही नहीं गई।

अब आप समझ सकते हैं कि उनको किसने भड़काया होगा। इनके संगठनों को भड़काने वाले यह भूल गए कि तुम अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं और जम्हूरियत को कमजोर कर रहे हैं, मगर इनका तो वो ही इरादा है कि पति मर जाए कोई बात नहीं पर सौतन विधवा हो जानी चाहिए। विक्रमादित्य को ये सौतन समझ रहे हैं।

विक्रमादित्य ने यही कहा था कि यूपी और बिहार से संबंधित अधिकारी नियमानुसार काम नहीं कर रहे हैं। हम मानते हैं सब एक जैसे नहीं होते, मगर जो उन दोनों राज्यों का स्तर है, जो पूरा देश देख रहा है वे दोनों राज्य इस देश के अंदर हर तरह की गंदगी का गढ़ है। सारी करप्शन, सारी गंदगी, सारी गरीबी, सारे अपराध, सारे जाति-धर्म के झगड़े और सारी कीड़े-मकोड़े जैसी जनसंख्या उन्हीं दो राज्यों की देन है।

काफी साल पहले दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री मरहूम शीला दीक्षित ने कहा था कि दिल्ली की 90% समस्याएं बिहारियों के कारण है। सच्चाई यही है। आप सभी अपने अपने गांव तक इस गंदगी को देख सकते हैं। यूपी और बिहार के भइये हिमालय की ऊंचाई से दक्षिण में सागर किनारे तक हर कहीं मिल जाएंगे। आबादी बढ़ाना और गंदगी फैलाना और जर्दा उड़ाना इनका शगल है। मानवता का स्तर इनका सबसे निचले दर्जे का है। याद होगा आपको एक बार मराठियों ने इनको मुंबई खाली करने के आदेश दे दिए थे। एक दिन आएगा।

अब जरा इन तथाकथित Jack of all trades की भी बात कर लेते हैं। एक कहावत है कि " An IAS is jack of all trades but master of none. But my experience of 37 years among the IASs says that they are jack of all trades but master of flattery and cunningness. हमने वह भी समय देखा है जब सचिवालय में सरकार को सिर्फ 5-7 सीनियर IAS चलाते थे। एक APC ( Agriculture Production Commissioner) और पांच Financial Commissioners होते थे। कोइü Additional Chief Secretary नहीं होता था। आप विश्वास नहीं करेंगे आज 19 पद Additional Chief Secretary के सचिवालय में सृजित कर रखें है। और वो भी appex scale में। यह है flattery और cunningnesss का फल और हिमाचल के धन की सरे आम लूट। उसी तरह IPS Cadre में भी दर्जनों ADGP के पद apex scale में सृजित करवा दिए। एक टाइम प्रदेश में टोपी के रंग से भी पॉलिटिकल संबद्धता प्रदर्शित की जाती थी। हमने ऐसे कई रंगे सियार IAS देखें जो सरकार बदलते ही टोपी का रंग बदल कर मुख्यमंत्री कार्यालयों में घुसते थे। जो बात राजा विक्रमादित्य ने कही वही बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने तो एक कदम आगे बढ़कर यह भी कह दिया कि यह हरामीपन बाहर के ही नहीं, बल्कि अपने राज्य के कुछ अधिकारियों में भी आ गया है। उसका कारण राजनैतिक गुटबाजी है।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी ऐसे अधिकारियों को रगड़ने की बात की, बल्कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तो शुरू में ही यह फरमान जारी कर के कि हमें अब UPSC से IAS चाहिए ही नहीं। एक प्रकार से विक्रमादित्य सिंह की बात की ही तस्दीक की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परीक्षा का समय : चुनौती, तैयारी और सफलता का मार्ग



अजय सिंह
(राज्य पुरस्कार विजेता) प्रवक्ता
रसायन विज्ञान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ जमूला

जनवरी अंत, फरवरी और मार्च विद्यार्थियों, उनके माता-पिता तथा शिक्षकों के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण समय होता है। इस दौरान विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में जुटे रहते हैं, माता-पिता उनका सहयोग करते हैं और शिक्षक उन्हें परीक्षा-उन्मुख बनाते हैं।

परीक्षा जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ होती है, जहां वर्षों की मेहनत और आशाएं परिणाम का रूप लेती हैं। यह केवल पाठ्यक्रम की जांच नहीं, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व, समय-प्रबंधन, धैर्य और आत्म-विश्वास की भी परीक्षा होती है, इसलिए परीक्षा-तैयारी को विषयगत कार्य के साथ समग्र विकास का अवसर मानना चाहिए।

**लक्ष्य निर्धारण और योजना बनाना :** सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि किस परीक्षा की तैयारी की जा रही है और लक्ष्य क्या है। स्पष्ट लक्ष्य अध्ययन को सही दिशा देता है और प्रभावी योजना बनाने में सहायता करता है। इसके लिए एक सुव्यवस्थित समय-सारिणी तैयार करनी चाहिए, जिसमें प्रतिदिन के अध्ययन घंटे, विषयों की प्राथमिकता तथा पुनरावृत्ति के लिए समय निर्धारित हो। ऐसी योजना समय के उचित उपयोग के साथ-साथ मानसिक तनाव को भी कम करती है।

**सक्रिय अध्ययन तकनीकें :** केवल रट्टा मारकर पढ़ना प्रभावी नहीं होता। पढ़ते समय स्वयं से प्रश्न पूछना और उनके उत्तर ढूंढना समझ को गहरा करता है। महत्वपूर्ण सूत्र, तिथियां या परिभाषाएं छोटे नोट्स या फ्लैश-कार्ड पर लिखकर बार-बार देखने से स्मरण शक्ति मजबूत होती है। साथियों के साथ विषय पर चर्चा करने से भ्रम दूर होते हैं और नए दृष्टिकोण प्राप्त होते हैं।

**समय-प्रबंधन और विश्राम :** लगातार घंटों पढ़ने से मस्तिष्क थक जाता है और एकाग्रता घटती है। इसलिए पढ़ाई को छोटे-छोटे सत्रों में बांटना चाहिए और प्रत्येक सत्र के बीच 5-10 मिनट का ब्रेक लेना चाहिए। इस दौरान हल्की स्ट्रेचिंग, गहरी सांसें लेना या पानी पीना मस्तिष्क को तरोताजा करता है।

**स्वास्थ्य और पोषण :** पढ़ाई के लिए स्वस्थ शरीर आवश्यक है। प्रतिदिन 7-8 घंटे की नींद मस्तिष्क को जानकारी को स्थायी रूप से संग्रहित करने में सहायता करती है। फल, नट्स, दही और हरी सब्जियां ऊर्जा स्तर बनाए रखती हैं। अत्यधिक कैफीन, जंक फूड और तले-भुने भोजन न खाएं।

**मानसिक तैयारी :** परीक्षा के समय तनाव और घबराहट स्वाभाविक है, किंतु इसे नियंत्रित करना सीखना चाहिए। प्रतिदिन 10-15 मिनट ध्यान या प्राणायाम करने से मन शांत रहता है। सकारात्मक आत्म-संवाद जैसे -'मैं कर सकता हूं आदि से आत्म-विश्वास बढ़ाता है।

**रिवीजन आत्म-मूल्यांकन :** परीक्षा से पहले रिवीजन अत्यंत आवश्यक है। पूरे सिलेबस को एक बार दोहराना, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करना और अपनी कमजोरियों की पहचान करना आत्म-विश्वास को बढ़ाता है। जिन विषयों में कमजोरी हो, उन्हें अतिरिक्त समय देना चाहिए।

**परीक्षा-दिवस की तैयारी :** परीक्षा के दिन समय पर उठना, हल्का नाश्ता करना, आवश्यक सामग्री पहले से तैयार रखना और परीक्षा केंद्र समय से पहुंचना चाहिए। प्रश्नपत्र को शांत मन से पढ़ें, पहले आसान प्रश्न हल करें और फिर कठिन प्रश्नों की ओर बढ़ें।

परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को कुछ गतिविधियों से बचना चाहिए-अधिक टीवी देखना, मोबाइल और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, अनावश्यक मेल-मुलाकात, पार्टियां या देर रात तक जागना। अत्यधिक खेलना, जरूरत से ज्यादा सोना या अनावश्यक तनाव लेना हानिकारक है। इस प्रकार यदि विद्यार्थी एक सुव्यवस्थित, अनुशासित और यथार्थपरक कार्य-योजना के साथ परीक्षा की तैयारी करें, तो न केवल परीक्षा-जनित तनाव कम होगा, बल्कि परीक्षा जीवन में विकास का एक सकारात्मक माध्यम भी बन सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# विवेक की मौनता और शोर का समाज : आधुनिक समय की चुनौती



हितेन्द्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला, हि.प्र.
मो. 7018262027

समस्या विचारों, मान्यताओं या परंपराओं में नहीं है। संकट तब शुरू होता है, जब इनके नाम पर दूसरों के जीवन, स्वतंत्रता और चेतना पर नियंत्रण करने और अधिकार जमाने की कोशिश की जाती है। यही वह क्षण है जब आस्था, संस्कृति और नैतिकता सत्ता के औजार में बदल जाती हैं।

दुर्भाग्य यह है कि इस मानसिक और बौद्धिक हिंसा को समाज का एक बड़ा वर्ग न केवल सहजता से स्वीकार कर रहा है बल्कि सामान्य भी मानने लगा है। भारत जैसे लोकतांत्रिक और विविधता-प्रधान देश में यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। हमारी ताकत हमेशा विचारों और परम्पराओं की बहुलता रही है। मतभेद को टकराव नहीं, संवाद का अवसर माना गया। लेकिन अब असहमति को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और प्रश्न पूछने वाले को तुरंत किसी खांचे में डाल दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश जैसे शांत और सामाजिक रूप से संतुलित राज्य भी इस प्रवृत्ति से अछूते नहीं हैं। यहां आस्था और संस्कृति लंबे समय तक सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं, लेकिन जब परंरा को जड़ बना दिया जाता है और उसके नाम पर व्यक्ति की सोच, निर्णय और जीवन-शैली पर नियंत्रण की कोशिश होती है, तब वही परंपरा सामाजिक दबाव का साधन बन जाती है। सवाल उठाने वाले को संवाद का सहभागी नहीं, दोषी मान लिया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रवृत्ति और भी तीव्र रूप में सामने आती है।

सार्वजनिक विमर्श अब तर्क और तथ्य से कम, भावनात्मक उग्रता और आत्मविश्वास से अधिक संचालित होता है। टीवी बहसों से लेकर सोशल मीडिया तक, ऊंची आवाज और आक्रामक भाषा को सत्य का पर्याय मान लिया गया है। शोध, आंकड़े और विवेकपूर्ण विश्लेषण को अक्सर 'कागजी ज्ञान' या 'जमीनी हकीकत से कटा हुआ' कहकर खारिज कर दिया जाता है। इस माहौल में सबसे अधिक नुकसान सोचने और पढ़ने वाले वर्ग का हो रहा है। सतत चिंतनशील और विवेकशील लोग पीछे हटने को मजबूर हो रहे हैं या चुप रहना ही सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं।

यह चुप्पी किसी सहमति का संकेत नहीं, बल्कि उस दबाव का परिणाम है, जहां बोलने की कीमत सामाजिक बहिष्कार, ट्रोलिंग या वैचारिक बदनामी हो सकती है। समस्या यह नहीं कि समाज में मतभेद हैं, समस्या यह है कि मतभेदों के लिए स्थान सिकुड़ता जा रहा है। जब आस्था सवालों से डरने लगे, संस्कृति संवाद से कतराने लगे और नैतिकता केवल सत्ता के पक्ष में खड़ी दिखाई दे, तब लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर होने लगता है।

यह प्रक्रिया अचानक नहीं होती, यह रोजमर्रा के व्यवहार और सार्वजनिक भाषा में बदलाव के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है। हिमाचल जैसे राज्यों में, जहां सामाजिक रिश्ते गहरे और समुदाय छोटे होते हैं, वहां व्यक्तिगत राय पर सामाजिक दबाव अधिक तीव्र हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति की चेतना और स्वतंत्र सोच की रक्षा अत्यंत आवश्यक है। समाज तभी जीवंत रहता है, जब वह प्रश्न करने और असहमति व्यक्त करने की सुरक्षित जगह देता है। परंपराएं तभी सम्मान योग्य होती हैं, जब वे मनुष्य को बांधने के बजाय उसे समझने का अवसर दें।

इतिहास बताता है कि समाजों का पतन बाहरी आक्रमणों से कम और आंतरिक जड़ता से अधिक हुआ है। प्रश्न पूछना बंद होते ही सुधार की प्रक्रिया रुक जाती है। भारत की बौद्धिक परंपरा में प्रश्न करना सीखने की पहली शर्त रहा है, और आज उसी परम्परा को पुन: जीवित करने की आवश्यकता है।

यह समय विचारों या आस्थाओं के विरुद्ध खड़े होने का नहीं, बल्कि उनके दुरुपयोग के प्रति सजग रहने का है। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि खुले और सुरक्षित संवाद से मजबूत होता है। हर सवाल विरोध नहीं और हर असहमति अपमान नहीं होती- इसे स्वीकार करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# जातिवाद और क्षेत्रवाद से मुक्त बनें हमारी पंचायतें



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ माने जाते हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये चुनाव भी जातिवाद और क्षेत्रवाद की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। अपनी जाति या क्षेत्र के प्रत्याशी की हार से 'नाक न कट जाए', इसी भय के चलते मतदाता योग्यता और चरित्र की बजाय जाति को प्राथमिकता देने लगे हैं। परिणामस्वरूप योग्य, ईमानदार और कर्मठ उम्मीदवार पीछे छूट जाते हैं, जबकि अयोग्य प्रत्याशी सत्ता तक पहुंच जाते हैं।

वर्तमान समय में राजनीतिक दलों की विचारधारा को दरकिनार कर लोग अपने समुदाय के प्रत्याशियों के पक्ष में खुलकर लामबंद हो रहे हैं। बढ़ते प्रचार-प्रसार और दबाव की राजनीति के कारण मतदाता कई बार ऐसे उम्मीदवार को चुन लेते हैं, जो पंचायत का सही प्रतिनिधित्व करने में असफल रहता है। इस चुनावी महादंगल में केवल प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक आकाओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी होती है। जिस विधानसभा क्षेत्र में जिस दल के अधिक पंचायत प्रतिनिधि विजयी होते हैं, उसी अनुपात में पार्टी के भीतर उनके आकाओं की साख भी बढ़ जाती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि पंचायत चुनाव, वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की रूपरेखा भी तय करते हैं।

हालांकि पंचायत चुनाव पार्टी चिन्हों पर नहीं होते, फिर भी वास्तविकता यह है कि वार्ड सदस्य तक को उसकी कथित पार्टी निष्ठा देखकर ही चुना जाता है। यदि पंचायत चुनाव इसी तरह जातिवाद के आधार पर होते रहे, तो क्या भविष्य में आरक्षण समाप्त किए जाने की कभी कल्पना की जा सकती है? आजादी के सात दशक बाद भी यदि हम प्रत्याशी की योग्यता के बजाय उसकी जाति को तरजीह देंगे, तो सामाजिक एकता कैसे संभव होगी? गरीब और वंचित वर्गों को राजनीतिक भागीदारी का अवसर देने के उद्देश्य से सरकार ने आरक्षणयुक्त चुनावी रोस्टर तैयार किया है। विडंबना यह है कि इसी रोस्टर का विरोध करने वाले लोग ही व्यवहार में जातिवाद को सबसे अधिक बढ़ावा देते हैं। आर्थिक आधार पर आरक्षण की बहस तो होती रहती है, लेकिन चुनाव के समय जाति और क्षेत्र ही मतदाता के निर्णय का प्रमुख आधार बन जाते हैं।

क्षेत्रवाद भी पंचायतों के लिए उतना ही घातक सिद्ध हो रहा है। कई बार मतदाता केवल अपने 'बेल्ट' या मोहल्ले के प्रत्याशी को बिना सोचे-समझे वोट दे देते हैं, चाहे अन्य क्षेत्र का उम्मीदवार कितना ही योग्य और ऊर्जावान क्यों न हो। बड़े पदों की राजनीति में अपनी नैया पार लगाने के लिए कई प्रत्याशी निचले स्तर के उम्मीदवारों के साथ साठ-गांठ कर लेते हैं, जिससे पंचायतें गुटबाजी का अखाड़ा बन जाती हैं।

आज पंचायतों का स्वरूप और कार्यप्रणाली पूरी तरह बदल चुकी है। कई प्रतिनिधियों का ध्यान केवल सरकारी फंडिंग तक सीमित रह गया है, जबकि सामाजिक सरोकार, आपसी विवादों का समाधान और नैतिक नेतृत्व कहीं पीछे छूट गए हैं। कुछ प्रधान विवाद सुलझाने के बजाय उन्हें हवा देकर अपना वोट बैंक मजबूत करते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, जुआ खेलने और गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। पंचायतें गुटबाजी में फंसकर अपना कार्यकाल पूरी करती हैं और छोटे विवाद भी पुलिस थानों तक पहुंच जाते हैं। मतदाताओं को जाति और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर योग्य, ईमानदार और मेहनती प्रतिनिधि चुनना होगा। तभी पंचायतें सशक्त और लोकतंत्र की मजबूत इकाई बन पाएंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नशे के खिलाफ अभियान से उपजा सुरों का संदेश

## अनंत ज्ञान के मंडी कार्यालय से रिलीज हुआ जागरूकता गीत 'चिट्टा होया आम'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चल रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के अभियान से प्रेरित होकर एक प्रभावशाली गीत 'चिट्टा होया आम' तैयार किया गया, जिसे सोमवार को दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के मंडी कार्यालय से रिलीज किया गया।

इस गीत को महेश कुमार ने कंपोज किया है, जबकि स्वामी राणा ने इसे लिखा व अपनी आवाज दी है, वहीं राजेंद्र कुमार ने इसके संगीत को सशक्त रूप प्रदान किया है और चंडीगढ़ के जस्सी सैनी ने इस गीत का वीडियो तैयार किया है। उल्लेखनीय है कि अनंत ज्ञान द्वारा स्कूलों में नशे के खिलाफ एक सशक्त व निरंतर अभियान चलाया गया था, जिसका उद्देश्य युवाओं व विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इसमें 1000 से अधिक छात्रों ने पेंटिंग व स्लोगन राइटिंग की थी। इसी अभियान से प्रभावित होकर स्वामी राणा ने समाज में तेजी से फैलते चिट्टे जैसे नशे के खिलाफ यह गीत लिखा व उसे गाकर एक रचनात्मक संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया। 'चिट्टा होया आम' न केवल संगीत के माध्यम से चेतना जगाता है, बल्कि यह गीत दर्शाता है कि जब मीडिया, कलाकार व समाज एक साथ खड़े होते हैं, तो नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक मजबूत वातावरण बनाया जा सकता है। इस मौके पर महादेव के संवाददाता भीम सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे।



जागरूकता गीत 'चिट्टा होया आम' रिलीज करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पेशल

## सरकाघाट के वार्ड नंबर-1 लाका में आभूषण सहित नकदी चोरी

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट शहर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए करीब लाखों की चोरी को अंजाम दिया है। इस संबंध में थाना सरकाघाट में मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनित कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी वार्ड नंबर-1 लाका ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि 17 जनवरी को वह अपने परिवार सहित अपने पुराने घर कंडयोल गया हुआ था। अगले दिन जब वह वापस लौटा तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था। अंदर बेडरूम में अलमारी खुली पड़ी थी, कपड़े बिखरे हुए थे और गहनों के डिब्बे खाली थे। चोर अलमारी में रखे सोने व चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सोने के गहनों में मंगलसूत्र, नथ, टिक्का, अंगूठी, झुमके और एक क्लिप शामिल हैं, जबकि चांदी के गहनों में तीन जोड़ी पायलें चोरी हुई हैं। इसके अलावा बच्चों की गुल्लक में रखे करीब 2 से 3 हजार रुपये नकद भी चोर ले गए। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते कहा कि शिकायत के आधार पर थाना सरकाघाट में मामला पंजीकृत किया गया है।

# पेयजल की शुद्धता को लेकर चेतावनी

## भारतीय मानक 10500 के अनुरूप पेयजल आपूर्ति हो सुनिश्चित

अनंत ज्ञान

◆ **जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं चलेगा : ओपी कपूर**

**ब्यूरो, मंडी।** देश के स्वच्छ शहरों में लगातार आठ बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके इंदौर में हाल ही में पेयजल के दूषित होने से कई लोगों की मृत्यु और बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जांच में सामने आया कि वहां पेयजल की पाइपलाइन में सीवरेज लाइन के रिसाव के कारण पानी प्रदूषित हुआ, क्योंकि दोनों पाइपलाइनें गंदे पानी की नालियों से होकर गुजर रही थीं।



इस गंभीर घटना को देखते हुए मंडी शहर में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। पब्लिक फोरम मंडी के ओपी कपूर ने कहा कि मंडी शहर के कई हिस्सों में भी पेयजल और मलजल की पाइपलाइनें गंदे पानी की नालियों से होकर गुजरती हैं, जिससे भविष्य में इंदौर जैसी त्रासदी घटने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने जल शक्ति विभाग से आग्रह किया कि शहर के सभी ऐसे स्थलों का गहन निरीक्षण कराया जाए, जहां पेयजल आपूर्ति व्यवस्था जोखिमपूर्ण स्थिति में है। ओपी कपूर ने मांग की है कि मंडी शहर में नागरिकों को केवल भारतीय मानक 10500 के अनुरूप ही शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो।

उन्होंने कहा कि पेयजल मानव जीवन का मूल आधार है और इसकी गुणवत्ता में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर परिणाम ला सकती है। पब्लिक फोरम मंडी ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति विभाग से इस विषय पर त्वरित और ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# हिमालयन स्कूल सरकाघाट में बच्चों को रेबीज नियंत्रण पर दी जानकारी



रेबीज नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में मेडिकल टीम द्वारा एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूली छात्रों को जानवरों के व्यवहार तथा रेबीज की जानकारी से संबंधित था। मेडिकल टीम में स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग दोनों की संयुक्त टीम में विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। डॉक्टर कैलाश शर्मा पीएचसी गोपालपुर डॉक्टर अर्पण शर्मा वेटरनरी डॉक्टर फार्मेसी ऑफिसर दिव्या राही तथा रितेश ठाकुर शामिल रहे। डॉक्टर कैलाश ने छात्रों को पशु व्यवहार पर जानकारी देते हुए कहा कि आवारा कुत्तों से दूर रहना चाहिए। उन्हें तंग नहीं करना चाहिए। कुत्ता अगर काट ले तो घाव को 10 से 15 मिनट तक बहते हुए साफ पानी और साबुन से धोना चाहिए। घाव को पानी से धोने के पश्चात जल्द से जल्द पास के हेल्थ सेंटर में जाना चाहिए।

डॉक्टर अर्पण ने कुत्तों के व्यवहार के बारे में कहा कि अगर काटने और लार वाला सामने कुत्ता सामने मिल जाए तो स्थिर खड़े हो जाना चाहिए, उससे आई कांटेक्ट नहीं करना चाहिए। उन्होंने कुत्तों के अलग-अलग ब्रीड के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में हिमालयन स्कूल के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा ने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए समस्त मेडिकल टीम का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में समस्त टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

# शानन पावर हाउस में संचालित डाकघर शिफ्ट करने पर भड़का जन आक्रोश

## जिप सदस्य व कांग्रेस नेता ने एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

◆ **बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग परेशान, लंबी दूरी तय करने को मजबूर**

**अभिषेक शर्मा, जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर के शानन पावर हाउस परिसर में आजादी के बाद से संचालित हो रहा ऐतिहासिक डाकघर बिना किसी पूर्व सूचना, सार्वजनिक नोटिस अथवा स्थानीय जनता की सहमति के अन्यत्र शिफ्ट किए जाने से पूरे क्षेत्र में भारी रोष फैल गया है। इस निर्णय को जनविरोधी और अव्यवहारिक बताते हुए जिला परिषद सदस्य विजय कुमार तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जय मां दुर्गे नर्सिंग कॉलेज के एमडी राकेश धरवाल ने उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) जोगिंदरनगर के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपकर डाकघर को तत्काल उसके मूल स्थान पर बहाल करने की मांग की है।



डाकघर शिफ्ट करने पर ज्ञापन सौंपने के दौरान महिलाएं व अन्य। अनंत ज्ञान

नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि शानन पावर हाउस डाकघर केवल एक सरकारी भवन या औपचारिक कार्यालय नहीं, बल्कि दशकों से क्षेत्र की जनता के लिए भरोसेमंद सार्वजनिक सेवा केंद्र रहा है। इस डाकघर के माध्यम से बुजुर्गों की पेंशन वितरण, किसानों व श्रमिकों के बचत खाते, महिलाओं की बचत योजनाएं, बीमा सेवाएं, मनीऑर्डर, डाक पार्सल तथा अन्य अनेक जनकल्याणकारी सेवाएं नियमित रूप से संचालित होती रही हैं। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह डाकघर आज भी एकमात्र सुलभ माध्यम रहा है।

विजय कुमार और राकेश धरवाल ने बताया कि डाकघर के अचानक शिफ्ट हो जाने से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों को झेलनी पड़ रही है। पेंशन और अन्य जरूरी कार्यों के लिए अब लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा 'डिजिटल इंडिया' और 'सुगम सेवाएं' की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस तरह के फैसले इन उद्देश्यों के विपरीत साबित हो रहे हैं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि किसी भी सार्वजनिक सेवा संस्थान को बंद या स्थानांतरित करने से पहले स्थानीय पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता से विचार-विमर्श किया जाना चाहिए था, लेकिन विभाग ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया। बिना सूचना लिए गए इस फैसले से लोगों में आक्रोश व्याप्त है और प्रशासन के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुंची है। ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री से आग्रह किया गया है कि जनभावनाओं और क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शानन पावर हाउस स्थित डाकघर को तत्काल उसके पुराने स्थान पर बहाल किया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्रवासी एकजुट होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी स्थानीय लोगों ने भी डाकघर की बहाली की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि यह डाकघर वर्षों से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा रहा है और इसे हटाना क्षेत्र के साथ अन्याय के समान है।

# पंचायत चुनाव से पहले जारी किया जाए रोस्टर : चमन राही

अनंत ज्ञान

◆ **अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने पंचायतीराज मंत्री को भेजा पत्र**

**ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता एवं पूर्व पंचायती राज पदाधिकारी चमन राही ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर को पत्र भेजकर पंचायत चुनावों से पहले समय रहते रोस्टर जारी करने की मांग उठाई है। चमन राही ने कहा कि यदि पंचायतों में जिला परिषद, ब्लॉक समिति, पंचायत प्रधान सहित अन्य पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को समय पर यह जानकारी मिल जाए कि कौन-सी सीट आरक्षित है और कौन-सी अनारक्षित, तो वे समय रहते मतदाताओं के बीच जाकर अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद क्षेत्र में दर्जनों पंचायतें शामिल होती हैं और यदि रोस्टर देरी से जारी होता है तो कम समय के कारण प्रत्याशी सभी पंचायतों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे योग्य, ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों का चयन प्रभावित होता है। राही ने चिंता जताते हुए कहा कि जब समय कम होता है तो अक्सर धन बल का प्रयोग बढ़ जाता है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद घातक है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश हैं कि पंचायत चुनावों का रोस्टर कम से कम तीन महीने पहले जारी किया जाना चाहिए, इसके बावजूद अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। चमन राही ने मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।



उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 250 जिला परिषद सदस्य, 1800 पंचायत समिति सदस्य और 3577 पंचायतों में करीब 21000 सदस्यों का चुनाव होना है, लेकिन फिलहाल किसी को भी यह स्पष्ट जानकारी नहीं है कि किस पंचायत में कौन-सी सीट आरक्षित है और कौन-सी अनारक्षित। इससे चुनाव लड़ने के इच्छुक हजारों लोगों में असमंजस व पशोपेश की स्थिति बनी हुई है। चमन राही ने कहा कि विस और लोस चुनावों में पहले से ही सीटों की स्थिति स्पष्ट होती है, तो पंचायत चुनावों में पंचायतवासियों के साथ यह अन्याय क्यों किया जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि लोकतंत्र को मजबूत करने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों का रोस्टर समय पर जारी किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# न्यूज ब्रीफ

## 6 पंचायतों की समस्याओं का होगा समाधान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत निहरी में स्थित राजकीय महाविद्यालय निहरी के प्रांगण में 28 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। अमर नेगी ने कहा कि सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार आम जनता की समस्याओं का उनके घर-द्वार के समीप समाधान कर उन्हें त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। बैठक के दौरान एसडीएम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत निहरी सहित आसपास की पांच ग्राम पंचायतों घड़ोई, मराहड़ा, बजीहन, जरल और बंदली के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## छोटाभंगाल घाटी में विकास कार्य पूरी तरह ठप

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश की सुक्खू सरकार पर प्रदेश के हर वर्ग को प्रताड़ित करने और विकास कार्यों में लापरवाही करने का आरोप लगाया गया है। छोटाभंगाल पंचायत के प्रमुख नेताओं ने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही अपने मित्रों और चहेतों का भला करने का प्रण ले रखा है और तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद यह क्रम जारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं और कांग्रेस समर्थित बैजनाथ के विधायक भी विधानसभा क्षेत्र में विकास सुनिश्चित करने में असफल रहे हैं। विशेष रूप से छोटाभंगाल घाटी में बीड़-बड़ा ग्रां सड़कों के मार्ग में बस सेवा शुरू करने की बात कई बार की गई, लेकिन मार्ग में कई कमियों के कारण प्रशिक्षण असफल रहा और अब तक न तो बस चालू हुई और न ही कमियों को दूर किया गया। प्रदेश सरकार की लापरवाही से घाटी के लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं और उन्होंने चेतावनी दी कि जब-जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्ता में रही है, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और धांधलियां चरम सीमा पर रही हैं।

## खतरे में प्राकृतिक जलस्रोतों का अस्तित्व

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल तथा चौहार घाटियां सदियों पूर्व प्राकृतिक जल स्त्रोतों से भरपूर थीं, जिनका स्थानीय लोग सदियों से उपयोग करते आए हैं, लेकिन आज इन घाटियों के अधिकांश प्राकृतिक जल स्त्रोत बिना किसी देखरेख के खतरे में पड़ते नजर आ रहे हैं। घाटियों में मौजूद बावड़ियां, कई किलोमीटर लंबी कूल्हें और अन्य जल संरचनाएं वर्तमान में रखरखाव के अभाव में अस्तित्वहीन हो चुकी हैं। कई बावड़ियां घास-फूस और गंदगी से भरी हुई हैं, जिससे प्राकृतिक जल प्रवाह रुक गया है और कई गांवों तक पानी पहुंचाने वाली कूल्हों का नामोनिशान भी मिट चुका है। सरकार द्वारा हर घर तक पानी के नल पहुंचाने के बावजूद यह प्राकृतिक जल स्त्रोत उपेक्षित हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और रखरखाव नहीं किया गया, तो ये जल स्रोत केवल यादें बनकर रह जाएंगे। जल स्रोतों की शुद्धता का ज्ञान आम जनता तक नहीं पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य में जल संकट की संभावना बढ़ रही है।

## भांबला में 34वीं श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की बलद्वाडा तहसील की ग्राम पंचायत भांम्बला के गांव रमेहड़ा में बाबा बालक नाथ मंदिर और मां नैना देवी मंदिर प्रांगण में 34वीं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 19 से 25 जनवरी तक किया जाएगा। पंडित श्री राजू शर्मा द्वारा कथा का प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 4 बजे तक होगा, उसके बाद आरती और भोग लगेगा। रात्रि 8 बजे संध्या आरती व भजन-कीर्तन होगा। 25 जनवरी को सुबह 11 बजे आहुति और दोपहर 1 बजे भंडारा होगा। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है।

## 25 को नए मतदाताओं को मिलेगा वोटर कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मंडी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मंडी अपूर्व देवगन करेंगे। इस अवसर पर नए पंजीकृत मतदाताओं को वोटर कार्ड वितरित किए जाएंगे और सभी को हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश भी प्रदर्शित किया जाएगा। जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रैफरल ड्रॉ का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में आईटीआई प्रशिक्षु और स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

# उत्तराखंड के तुंगनाथ महादेव के रूप में दिखे बाबा भूतनाथ

अनंत ज्ञान

◆ **दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव उपासना स्थल**

**मंडी।** बाबा भूतनाथ मंदिर मंडी में धृत श्रृंगार के तीसरे दिन तुंगनाथ महादेव मंदिर उत्तराखंड का स्वरूप उकेरा गया। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि तुंगनाथ महादेव रूद्रप्रयाग जिले में स्थित है और इसे दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर माना जाता है।



यह पंचकेदार में तीसरे केदार के रूप में ख्यात है और समुद्र तल से लगभग 3680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस मंदिर में भगवान शिव के भुजाओं की पूजा होती है और कहा जाता है कि महाभारत के समय पांडवों ने यहां शिवजी की आराधना कर अपने पापों से मुक्ति प्राप्त की थी। बर्फीली चोटियों और शांत वातावरण से घिरे तुंगनाथ महादेव मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। मंदिर के आसपास की दिव्य ऊर्जा भक्तों और यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। तुंगनाथ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए भी एक लोकप्रिय गंतव्य है। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि तुंगनाथ महादेव में आने वाले प्रत्येक भक्त को आध्यात्मिक शांति और मन की शुद्धि का अनुभव होता है।

## हिमालयन बिजनेस समिट में एआई व सतत विकास पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने वार्षिक दो दिवसीय उद्योग सम्मेलन हिमालयन बिज़नेस समिट (HiBS) 2026 का तीसरा संस्करण आयोजित किया। इस शिखर सम्मेलन ने भारत में व्यावसायिक मॉडलों, नेतृत्व प्रतिमानों और सतत विकास रणनीतियों को पुनः आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी भूमिका को उजागर किया। इस शिखर सम्मेलन ने छात्रों को मूल्यवान नेटवर्किंग अवसर, मेंटरशिप और उभरते व्यावसायिक रुझानों और रणनीतियों की जानकारी प्रदान की, जिससे उनके कौशल को निखारने और उन्हें भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार करने में मदद मिली। दो दिवसीय राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में रेमंड लिमिटेड, किर्लोस्कर मैनेजमेंट सर्विस, वीडार्ट डिजिटल, एनडीटीवी प्रॉफिट, रेलिगेयर हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओनिक्स, इनएक्साइटआउट, आम्रास डिजीमार्क एलएलपी, डीबीएस बैंक, टारगेट, एसएपी, डेटा वाइज, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, वल्लभा इंडस्ट्रियल केमिकल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड सहित अग्रणी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी और प्रौद्योगिकी नेता एकत्रित हुए। उद्योग नेताओं ने व्यावसायिक मॉडलों और नेतृत्व प्रतिमानों पर एआई के प्रभाव पर अपने विचार साझा किए, साथ ही भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग पर चर्चा की।

# नगर परिषद सुंदरनगर की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस पार्षदों ने उठाए सवाल, दो टीमें कर रही जांच

अनंत ज्ञान

◆ **विकास कार्यों में कथित धांधली आरटीआई से मिले दस्तावेजों में खुलासे**

◆ **टैक्स के पैसे के दुरुपयोग का आरोप वार्ड 1, 3 और 5 में दोहराए गए भुगतान**

**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर परिषद में सरकार द्वारा मनोनीत कांग्रेस समर्थित पार्षदों में सोम कुमार, रवि शंकर, राजेश शर्मा, विनोद सोनी, राम सिंह और अन्यों ने नगर परिषद सुंदरनगर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो कार्य इस हाउस में पिछले 5 साल मे हुए उनमें कई प्रकार की धांधलियां पाई गई गई है। उन्होंने और अन्य पार्षदों ने जब हाउस में उनको लेकर सवाल उठाए तो नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा उन्हें कोई संतुष्ट जवाब नहीं दिया गया, जिसके चलते सच्चाई का पता लगाने हेतु उन्होंने आरटीआई के माध्यम से नगर परिषद से उन कार्यों के दस्तावेज एकत्रित किए। जिसमें स्पष्ट रूप से पता चल रहा है कि नगर परिषद द्वारा किए गए विकास कार्यों मे बहुत बड़े स्तर पर धांधली हुई है, जिसकी शिकायत उन्होंने सरकार और विजिलेंस के पास की।

विभाग द्वारा गठित की गई अधिकारियों की टीम और विजिलेंस की जांच चल रही है, सब सबूत और तथ्य उन्हें मुहैया करवा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुंदरनगर शहर के लोगों के टैक्स के पैसे का नगर परिषद दुरुपयोग कर रही है। नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 1,3 और 5 मे कई ऐसे कार्य करवाए गए हैं जो पहले ही हो चुके थे और उनका भुगतान ठेकेदार को फिर से कर दिए गए, जिसकी जांच अभी चल रही है। कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने कई बार नगर परिषद द्वारा भारी भरकम टैक्स वसूली को कम करने की मांग भी उठाई पर इस पर नगर परिषद अध्यक्ष की चुपी ये दर्शाता है कि उन्हें सुंदरनगर शहर की जनता की कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हाली मे एक जवाहर पार्क में मेले की अनुमति बिना हाउस मे लाए देना फिर उसे व्यापारियों के विरोध के बाद कैंसिल करना भी कई सवाल खड़े करता है। नगर परिषद अध्यक्ष को जिम्मेवारी लेते हुए इस पर सुंदरनगर के व्यापारियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी चाहिए थी पर उन्होंने ऐसा ना कर इस मामले में विधायक का हस्तक्षेप करवा कर इस मामले को दबाया। उन्होंने कहा कि उन्हें जांच कर रहे अधिकारियों पर भरोसा है और जल्द ही जनता के सामने नगर परिषद द्वारा गलत तरीके से किए गए कार्यों का खुलासा होगा।

## रत्ती की टीम ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी, गागल बनी उपविजेता

**अनंत ज्ञान, रत्ती।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रत्ती पंचायत में प्रधान दीक्षित नारंग के नेतृत्व में आयोजित 15 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 30 से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में समाजसेवी एवं प्रदेश स्टोन क्रशर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि चमन लाल चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षित नारंग ने मुख्यातिथि का शाल टोपी व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबला गागल और रत्ती टीम के बीच खेला गया, जिसमें रत्ती टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। आयोजक समिति की ओर से विजेता टीम को 11 हजार तथा उपविजेता टीम को 9 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। जगदीश ठाकुर ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए और आयोजन समिति को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की, वहीं विजेता टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 21 हजार रुपये प्रदान किए। इसके अलावा पंचायत के माध्यम से प्रधान दीक्षित नारंग द्वारा निर्माणाधीन मोक्षधाम के लिए 2100 रुपए का अंशदान भी दिया गया। विशेष अतिथि चमन लाल चौधरी ने भी 2100 रुपए का सहयोग किया। प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत प्रधान दीक्षित नारंग के नेतृत्व में किया गया।

# भाषण प्रतियोगिता में चेतन व कर्ण प्रथम

## बिजे स्कूल में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रतियोगिता आयोजित

अनंत ज्ञान

**मंडी।** राजकीय बिजे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारधारा एवं उनकी आज के समय में प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने वक्तव्यों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



भाषण प्रतियोगिता के सम्मानित छात्रों संग मुख्यातिथि व अन्य। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. अनुपमा सिंह पूर्व प्रो वाइस-चांसलर एसपीयू मंडी, प्रांत प्रमुख स्वदेशी शोध संस्थान, स्वदेशी जागरण मंच रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग ही सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत नींव है तथा उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या जयश्री कपूर ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान समय में आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के जूनियर एवं सीनियर दोनों विंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सीनियर वर्ग से चेतन ने प्रथम, निशांत ने द्वितीय तथा सुर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग से कर्ण प्रथम, हिमांशु द्वितीय और दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में पुष्पा ठाकुर एवं निवेदिता आनंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों की सराहना की गई।

## जूनियर एग्जीक्यूटिव व एग्जीक्यूटिव के साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि फरमेंटा बायोटेक लिमिटेड फैक्ट्री टकोली, जिला मंडी द्वारा जूनियर एग्जीक्यूटिव व एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग) के एक-एक पद के लिए रोजगार कार्यालय मंडी को अधिसूचना प्राप्त हुई है। इन पदों के लिए फार्मा क्षेत्र की एपीआई इंडस्ट्री में लगभग तीन वर्ष का अनुभव अनिवार्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी, बी फार्मेसी अथवा एम फार्मेसी निर्धारित की गई है। क्वालिटी एश्योरेंस विभाग के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का अनुभव तथा क्वालिटी कंट्रोल विभाग के लिए एचपीएलसी एवं अन्य प्रयोगशाला उपकरणों का अनुभव आवश्यक होगा। इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। साक्षात्कार के लिए आयु सीमा 25 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो सहित 21 जनवरी 2026 को फरमेंटा बायोटेक लिमिटेड, फैक्ट्री टकोली, डाकघर नागवाई, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### जोगीपंगा-लिदकोट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही होगी बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जोगीपंगा-टांडा-तलाई-लिदकोट सड़क मार्ग (किलोमीटर 5/360 से 11/500) पर वाहनों की आवाजाही 21 जनवरी से 20 फरवरी(30दिनों) तक बंद रहेगी। डीसी ऊना, जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 व116 के अंतर्गत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि यह आदेश प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जोगीपंगा-टांडा-त्लाई-लिदकोट सड़क के अपग्रेडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित व सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने व मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अपना विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड अंब के विकासखंड अधिकारी ओमपाल डोगरा द्वारा गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की कक्षा लेकर उन्हें पाठ्य विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज का संदेश दिया और कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। इसके साथ ही उन्होंने विकासखंड अंब में चल रही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कौशल विकास और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार बख्शी ने विकासखंड अधिकारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

### विधायक के माध्यम से सीएम को भेजा मांग-पत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड बंगाणा ने पेंशनर्स से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर विधायक कुटलैहड़ विवेक शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक मांग-पत्र प्रेषित किया। इस संबंध में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक विवेक शर्मा से बौल स्थित उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए मांग-पत्र में पेंशनर्स की वर्षों से लंबित समस्याओं का उल्लेख करते हुए सरकार से जल्द समाधान की मांग की गई है। मांग-पत्र में प्रमुख रूप से संशोधित वेतनमान पहली जनवरी 2016 के अंतर्गत 31 जनवरी 2022 तक का बकाया जल्द जारी करने, पेंशनर्स का 13 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता प्रदान करने तथा लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान करने की सिफारिश की गई है। पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने विधायक को अवगत कराया कि लंबे समय से बकाया भुगतान न होने के कारण पेंशनर्स को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर चिकित्सा व्यय के भुगतान में देरी से बुजुर्ग पेंशनर्स को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रधान रामकुमार मक्खन, खंड बंगाणा के प्रधान रमेश राणा, सचिव राकेश सैंडल, वित्त सचिव लोंगूराम, बिशन दास मल्होत्रा, देशराज मेहता, रोशन लाल चौधरी, रामपाल धीमान, जगदीश चंद्र, उत्तमचंद राणा, प्रेम दास धीमान, सीताराम कर सिंह, बिशन दास शास्त्री तथा प्रेस सचिव कृष्ण चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। विधायक विवेक शर्मा ने हिम आंचल पेंशनर्स संघ के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनका मांग-पत्र जल्द ही मुख्यमंत्री सुक्खू तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर पेंशनर्स की लंबित मांगों को पूरा करने के लिए पुरजोर संस्तुति करेंगे।

### भाजपा ऊना सहकारिता प्रकोष्ठ का विस्तार

**अनंत ज्ञान, पंजवार,/गगरेट।** भाजपा ऊना सहकारिता प्रकोष्ठ की संगठनात्मक संरचना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई टीम का गठन किया गया है। इस विस्तार को सहकारिता क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और आम जन को संगठन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सहकारिता प्रकोष्ठ ऊना के संयोजक के रूप में तरसेम लाल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सह-संयोजक के रूप में शिवकश्यप कश्यप को दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रकोष्ठ में शामिल करते हुए टीम का विस्तार किया गया है। घोषित सूची के अनुसार तिलक राज (नैहरिया), पवन ठाकुर (बसाल), नवदीप (हरोली), बृजलाल शर्मा (ऊना), सुखदेव सिंह (ओयल), बालक राम शर्मा (बंगाणा), शादी लाल (हरोली), देशराज (नंगल खुर्द) और जसवंत सिंह (धर्मशाला महंता) को सहकारिता प्रकोष्ठ में अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक व वरिष्ठ भाजपा नेता तरसेम लाल शर्मा ने कहा कि सहकारिता भाजपा की विचारधारा का महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से किसान, मजदूर और आम नागरिक आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवगठित टीम सहकारिता क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी।

# बंगाणा स्कूल में इनडोर परिसर का कार्य अधूरा

## 43 लाख स्वीकृत होने के बावजूद लटका निर्माण कार्य, विधायक व अधिकारियों पर सवाल

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा में लगभग दो वर्ष पहले पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा स्कूल के परिसर में 30 दिसंबर 2023 को खेल परिसर में इनडोर बैडमिंटन कोर्ट के लिए 43 लाख रुपए का शिलान्यास किया था।

इसका कार्य भी आरंभ हो गया था, लेकिन दो साल बाद भी यह इनडोर बैडमिंटन परिसर खिलाड़ियों की राह देख रहा है, लेकिन वर्तमान विधायक विवेक शर्मा ने इस स्कूल में लगभग दो वार्षिक समारोहों में शिरकत भी की और स्कूल प्रशासन को भी आश्वस्त किया था कि जल्द ही इस कार्य को पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन वर्तमान विधायक के प्रयास बिलकुल न के बराबर हैं। ऐसा नहीं है कि बैडमिंटन इनडोर परिसर के लिए बजट नहीं है। पूर्व विधायक भुट्टो ने 43 लाख की राशि अपने कार्यकाल में स्वीकृत करवाई थी, जिसको वर्तमान विधायक विवेक शर्मा के कार्यकाल में खर्च किया जाना था, लेकिन विधायक की ढीली कार्यप्रणाली से ऐसा लगता है कि यह कार्य अगले दो साल तक भी पूर्ण नहीं किया जा सकता है, क्योंकि दो बार वर्तमान विधायक विवेक शर्मा इस स्कूल के वार्षिक समारोहों में जा चुके हैं और वादे भी कर चुके हैं।


इंडोर परिसर का शिलान्यास। अनंत ज्ञान

एसएमसी कमेटी ने भी स्कूल के इस महत्वपूर्ण विषय को वर्तमान विधायक के सामने रखा है और स्कूल की इस मांग को पूरा करने पर बल दिया है, अब मुख्य बात यह है कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने इस स्कूल को मुख्यता के आधार पर सीबीएसई स्कूल बनाने का भी नोटिस जारी कर दिया है, लेकिन जिस स्कूल में मूलभूत सुविधा ही नहीं हैं, जैसे अधूरा इनडोर बैडमिंटन परिसर, साइंस ब्लॉक की कमी, आउट डोर ग्राउंड की कमी, अधूरी लाइब्रेरी, स्वच्छता के मामले में स्कूल परिसर का शौचालय अभी भी सरकार की ओर आंखें टिकाए बैठा है कि हमारा अधूरा कार्य कैसा पूर्ण हो। अभी और भी कई कमियां हैं, जिसको लेकर बंगाणा स्कूल विकास की राह देख रहा है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इनडोर परिसर खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो सकता है, अगर वर्तमान विधायक विवेक शर्मा इस ओर ध्यान दें क्योंकि इसी वर्ष इसी स्कूल के बच्चे राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भी भाग ले चुके हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में बैडमिंटन इनडोर परिसर की बहुत ही बड़ी कमी खली, जिससे सरकार के वादों और दावों की पोल खुली। एसएमसी अध्यक्ष राजेश का कहना है कि बैडमिंटन इनडोर परिसर के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने के उद्देश्य से ही यह न्यूज प्रसारित करने की नौबत आई और वर्तमान विधायक का ध्यान इस बैडमिंटन के इनडोर परिसर की ओर जाए और वह सोचने पर मजबूर हों और जल्द ही बची हुई राशि जो लाखों रुपए की है इनडोर परिसर पर खर्च करवाएं, ताकि हमारे बंगाणा स्कूल के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर तक बंगाणा और कुटलैहड़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

अनंत ज्ञान मुद्दा

> बंगाणा ब्लॉक के जेई सचिन शर्मा का कहना है कि लगभग 21 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं और हमारे पास 6 लाख रुपए की राशि बची हुई है, जिसको मार्च महीने तक खर्च कर दिया जाएगा।

एसएमसी अध्यक्ष ने बताया कि बंगाणा ब्लॉक के अधिकारी से भी बहुत बार संपर्क भी किया जाता रहा है, लेकिन वह न तो कार्य करने के लिए हामी भरते हैं और इस कार्य को टालते रहते हैं। आधिकारी ने पहले कहा था कि जल्द ही दिसंबर 2025 तक इस कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा, लेकिन अब जनवरी 2026 का महीने भी आधे से ज्यादा हो चुका है। आधिकारियों की इस धीमी कार्यप्रणाली का दंश इस क्षेत्र के स्कूली बच्चे झेल रहे हैं जिनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

# जी राम-जी विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन पर कांग्रेस कर रही नकारात्मक राजनीति: कृष्ण

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** प्रदेश भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कृष्ण पाल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जी राम-जी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम को लेकर कांग्रेस नकारात्मक व दिशाहीन राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण भारत के सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन व आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक व दूरदर्शी कदम है, लेकिन कांग्रेस बिना किसी ठोस तथ्य व वैकल्पिक सुझाव के इसका विरोध कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो कोई स्पष्ट विजन है और न ही देश व प्रदेश के विकास के लिए कोई ठोस एजेंडा। जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों पर रचनात्मक भूमिका निभाने के बजाय कांग्रेस केवल विरोध की राजनीति तक सीमित रह गई है। यही कारण है कि देश की जनता लगातार कांग्रेस से दूरी बना रही है और एक के बाद एक चुनावों में उसे नकार रही है। प्रदेश सह संयोजक ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता का भरोसा पूरी तरह खो चुकी है। बीते वर्षों में लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में आए परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि अब मतदाता केवल खोखले वादों पर विश्वास नहीं करता। आज की जनता कार्य, नीयत व परिणाम देखती है।

भाजपा ने केंद्र व विभिन्न राज्यों में अपनी सरकारों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि वह जो कहती है, उसे जमीन पर उतारने की क्षमता भी रखती है। आगे कहा कि आज का नागरिक गुड गवर्नेंस चाहता है। वह ऐसा शासन चाहता है जिसमें पारदर्शिता हो, भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई हो और सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को एक मजबूत, सक्षम व जवाबदेह शासन दिया है। इसी का परिणाम है कि भारत आज तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जी राम-जी विकसित भारत रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके तहत कौशल विकास, स्वरोजगार व स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# विवेक ने किए 53 लाख के विकास कार्यों के लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक विवेक शर्मा ने ग्राम पंचायत टक्का एवं ग्राम पंचायत झलेड़ा में 53 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण किए। इनमें 28 लाख से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र टक्का, 5 लाख की लागत से बने लोकमित्र केंद्र भवन तथा 20 लाख से झलेड़ा में निर्मित मुख्यमंत्री लोक भवन शामिल है।



विधायक ने कहा कि लोकार्पित की गई सभी परियोजनाएं कुटलैहड़ के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगी और स्थानीय लोगों को घरद्वार पर ही आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। टक्का सामुदायिक केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक व पंचायत स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं, लोकमित्र केंद्र स्थानीय ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने में मददगार साबित होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री लोक भवन झलेड़ा पंचायत कार्यों के संचालन व आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। ग्राम पंचायत टक्का में मनरेगा योजना के तहत 55 लाख रुपए के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं तथा 30 लाख रुपए के कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त, प्लानिंग के अंतर्गत 65 लाख रुपए के विकास कार्य भी पंचायत में करवाए जा रहे हैं, जिससे गांव के समग्र विकास को मजबूती मिल रही है। उन्होंने बताया कि श्री भिभौर साहिब से खेतों की सिंचाई की सुविधा के लिए 45 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ी सिंचाई योजना, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगाई जाएंगी। इसके साथ ही जोगी पंगा, लांभ, झंबर क्षेत्र को जोड़ने के लिए 10.50 करोड़ की लागत से संपर्क मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा एवं विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा कार्यकाल में कुटलैहड़ क्षेत्र में कुल 62 नए बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं, जिससे लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों को राहत मिली है। साथ ही, दो वर्षों के भीतर पूरे कुटलैहड़ को बिजली की थ्री फेज सुविधा से जोड़ा जाएगा। कुटलैहड़ के बौल क्षेत्र में लगभग 300 कनाल भूमि इंडस्ट्रियल एरिया स्थापित करने के लिए चिन्हित की गई है, जिससे आने वाले समय में उद्योग स्थापित होंगे और क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# खरोह में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का पद लंबे समय से खाली, लटका ताला

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** स्वास्थ्य केंद्र खरोह में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का पद लंबे समय से खाली होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा हुआ है, जिससे स्थानीय पंचायत निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है।




उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र बंद रहने से उन्हें आपात स्थिति में या सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए भी दूर के अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे समय व धन दोनों बर्बाद होते हैं। इस मामले में जब बीएमओ (खंड चिकित्सा अधिकारी) अंब डॉ. राहुल कतना से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें मीडिया के माध्यम से ही इस समस्या की जानकारी मिली है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में अपना पदभार ग्रहण किया है। डॉ. कतना ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि स्थायी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की नियुक्ति होने तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग ने फैसला लिया है कि जब तक पद स्थायी रूप से नहीं भरा जाता, तब तक उप स्वास्थ्य केंद्र को हफ्ते में एक दिन खोला जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को कुछ राहत मिल सके। हालांकि, ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की मांग करते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द खाली पद भरने की अपील की है।

# हारसा गांव में बंद मकान से 14 लाख की चोरी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** पुलिस चौकी जोल के तहत हारसा गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए 86 हजार रुपए नकदी और आभूषणों सहित करीब 14 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक विकास चंद पुत्र सरवन सिंह परिवार सहित किसी निजी काम से बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और मेडिकल स्टोर में नकदी तथा अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार जब वापस घर आए, तो मकान के ताले टूटे देखे तो घटना की जानकारी विकास चंद ने पुलिस चौकी जोल को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोग भयभीत हैं। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने व जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# झलेड़ा में मनरेगा बचाओ संग्राम में गरजे कांग्रेस नेता

अनंत ज्ञान

**ऊना।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत झलेड़ा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को जन-जन तक पहुंचाना तथा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में प्रस्तावित बदलावों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने लोकसभा में एनडीए सरकार द्वारा मनरेगा के स्वरूप में बदलाव के लिए लाए गए बिल का कड़ा विरोध किया और कहा कि इस तरह के कदम गरीब एवं मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ हैं। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना ने ग्रामीण गरीबों और मजदूरों को रोजगार की गारंटी देकर उनके जीवन में सुरक्षा व सम्मान प्रदान किया है, लेकिन इसके मूल स्वरूप में बदलाव कर केंद्र सरकार ने मजदूरों के साथ अन्याय किया है।



मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कार्यक्रम में उपस्थित लोग। अनंत ज्ञान

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इस जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के नाम से जुड़े मनरेगा के नाम में बदलाव के प्रयासों पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि किसी महान व्यक्ति का नाम, जिसका योगदान देश के इतिहास में अमर है, कभी मिटाया नहीं जा सकता। महात्मा गांधी का नाम गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के संघर्ष का प्रतीक है, और इसे हटाने की सोच ही गलत है। अंत में उपस्थित जनसमूह ने मनरेगा बचाओ संग्राम को और तेज करने तथा लोकतांत्रिक तरीके से सरकार की नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लोगों से आह्वान किया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और मनरेगा जैसी योजनाओं की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करें। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देश राज गौतम, जिला संयोजक मनरेगा बचाओ संग्राम विकास ठाकुर, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कुटलैहड़ मनरेगा बचाओ संग्राम के संयोजक देश राज मोदगिल, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, जिला परिषद सदस्य उर्मिला शर्मा, ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान गुलशन राय, उपप्रधान सतपाल, डॉ. रमेश बंगा, गुरमुख सिंह, मोहिंदर सिंह, बलबिंदर, चरनी देवी, नीलम, छोटे लाल, सुनील कुमार, लक्की, गोपाल सैनी, ज्ञान चंद शर्मा, कुशल भारद्वाज, एडवोकेट विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित रहे।

# पंजोआ लाड़ोली में राम कथा का भव्य समापन

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत पंजोआ लाड़ोली में आयोजित सात दिवसीय राम कथा का विधिवत समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन प्रात: वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। हवन के उपरांत पूर्णाहुति संपन्न हुई।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में ग्राम वासियों सहित सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राम कथा के समापन अवसर पर कथा व्यास स्वामी गोपालानंद महाराज ने उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए धर्म व संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अपने धर्म के प्रति मजबूत आस्था रखने, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कथा से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्र निर्माण पर वक्ताओं ने रखे प्रेरणादायी विचार

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत चूरूड़ू पंचायत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन चौकीमन्यार खंड के टकारला मंडल द्वारा किया गया।

इसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक कन्हैया जोशी तथा महंत योगी सूर्यनाथ ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से धर्म, संस्कार, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र निर्माण में व्यक्ति की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके विचारों को उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर सुना। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऊना जिला के प्रचारक टीकम रहे। उन्होंने अपने संबोधन में संघ के विचार दर्शन को स्पष्ट करते हुए 'पांच परिवर्तन' विषय पर विस्तार से चर्चा की।


भागवत कथा में वक्ता के साथ अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वयं का बोध, पर्यावरण संरक्षण व नागरिक कर्तव्य अत्यंत आवश्यक हैं। टीकम ने उपस्थित जनसमूह से इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से की गई, जबकि समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस अवसर पर भजन गायक मनोज कुमार ने श्रीराम व हनुमान के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। सम्मेलन का सफल आयोजन सकल हिंदू समाज समिति द्वारा किया गया। आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं व उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और संस्कारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ और राष्ट्रहित व समाज कल्याण के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 23 को एससी मोर्चा की प्रादेशिक कार्यसमिति बैठक, मिशन 2027 पर होगा मंथन: सूरम

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** भाजपा के प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रादेशिक कार्यसमिति की बैठक आगामी 23 जनवरी को ऊना स्थित भाजपा कार्यालय ऊना में आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरम सिंह ने बताया कि बैठक को लेकर संगठनात्मक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश भर से मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मंडल स्तर के कार्यकर्ता तथा विशेष आमंत्रित प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे। सुरम सिंह ने बताया कि यह प्रादेशिक बैठक संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप, संगठन मंत्री सिद्धार्थन, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुनीश चौहान, वरिष्ठ नेता अजय कबीर सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। सूरम सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के सान्निध्य में संगठनात्मक विषयों पर गहन चर्चा और मंथन किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए एससी मोर्चा की स्पष्ट और मजबूत रणनीति तैयार करना है। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अनुसूचित जाति मोर्चा की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने पर विशेष चर्चा की जाएगी।

बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि किस प्रकार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर अनुसूचित जाति समाज तक पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। जिलाध्यक्ष सुरम सिंह ने बताया कि प्रादेशिक बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी। इन योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी। वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को निर्देश देंगे कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

**आयोजन** ठियोग में भाजपा के पांच बूथों की संयुक्त बैठक, कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी का संदेश

# बूथ सशक्तिकरण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत: डॉ. सिकंदर

अनंत ज्ञान

**शिमला/ऊना।** शिमला के ठियोग, कुमारसैन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र नहोल-टयाली में भाजपा के पांच बूथों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ सशक्ति करण को संगठन की सबसे महत्व पूर्ण कड़ी बताया।

उन्होंने कहा कि बूथ भाजपा संगठन की सबसे छोटी, लेकिन सबसे सशक्त इकाई है और पार्टी की सफलता का आधार भी बूथ स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। डॉ. सिकंदर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'अपना बूथ सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। बूथ कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, जो दिन-रात मेहनत कर संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। चुनाव के समय बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि भाजपा का स्पष्ट मंत्र है। बूथ जीता तो चुनाव जीता।' इसी सोच के साथ पार्टी बूथ स्तर पर निरंतर संवाद स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ा रही है। डॉ. सिकंदर ने बूथ कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन के विस्तार व सशक्ति करण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वर्तमान में देश के 20 से अधिक राज्यों में भाजपा की स्वतंत्र या गठबंधन की सरकारें हैं और देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त व दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे संगठन के कार्यकर्ता हैं, जो 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं तृतीय' के सिद्धांत पर कार्य करता है। डॉ. सिकंदर ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे वीबी-जीराम जी अधिनियम व एसआईआर कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं व अभियानों के प्रति आम जनता को जागरूक करने का आह्वान किया।


डॉ सिकंदर कुमार ठियोग कुमारसेन में लोगों के साथ। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि वीबी-जीराम जी अधिनियम ग्रामीण विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ 125 दिनों के निश्चित रोजगार की गारंटी देता है। केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एसआईआर कार्यक्रम के संदर्भ में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा फर्जी मतदाताओं की पहचान करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन विपक्षी दल इसे लेकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी कार्यकर्ताओं का नैतिक दायित्व है कि राष्ट्रहित से जुड़े इन अभियानों की सही और तथ्यात्मक जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर डॉ. सिकंदर ने कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर पर पूरी तैयारी के साथ जुटना होगा। उन्होंने वर्तमान प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है और झूठी गारंटियों, वादाखिलाफी और विफल नीतियों के कारण प्रदेश की जनता निराश है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसंपर्क के माध्यम से प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखें और साथ ही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए किए गए विकास कार्यों को भी लोगों तक पहुंचाएं।

# स्टूडेंट्स की कलाकृतियों में झलकी सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा की भावना



सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां, जिला ऊना में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा सुरक्षित ड्राइविंग जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स यह दर्शाती नजर आईं कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि यह जीवन रक्षा से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। बच्चों की कलाकृतियों में जागरूकता, जिम्मेदारी व सामाजिक संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता के समापन पर श्रेष्ठ चित्रों का चयन किया गया तथा विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 2.286 किलो चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति से 2.286 किलोग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, इंचार्ज इंस्पेक्टर रजत अपनी टीम सहित थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान शरण गांव से लगभग 500 मीटर आगे मोड़ के पास पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी बिशन दास (52 वर्ष) निवासी गांव शरण, उपमंडल नग्गर, जिला कुल्लू के कब्जे से 2.286 किलोग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर नशीला पदार्थ कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पतलीकूहल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत द्वारा की जा रही है।

### 12 ग्राम चिट्टे सहित 5 लोग पुलिस हिरासत में

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** पुलिस थाना भून्तर की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बंजर क्षेत्र में गश्त के दौरान पुरानी डिस्पेंसरी के सामने संदिग्ध अवस्था में खड़ी एक कार को रोका। नियमानुसार की गई तलाशी के दौरान कार में सवार पांच व्यक्तियों से कुल 12 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। कार में 21 वर्षीय सन्नी (फिरोजपुर), 23 वर्षीय विशाल और 24 वर्षीय मयंक (दोनों पनारसा), 40 वर्षीय रवि बौध (भून्तर) और 25 वर्षीय अभिषेक (फिरोजपुर) सवार थे। पुलिस ने सभी के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21, 25 और 29 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बरामद नशे की सप्लाई चेन, खरीद-फरोख्त और संभावित कनेक्शनों को लेकर कई पहलुओं की जांच की जा रही है। मामले में आने वाले दिनों में गिरफ्तारी और खुलासे की संभावना से इंकार नहीं किया गया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी नशे के विरुद्ध सतर्कता और सहयोग की अपील की है।

### सोल स्पार्टन पतलीकूहल बनी क्रिकेट विजेता



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल में आयोजित पतलीकूहल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सोल स्पार्टन पतलीकूहल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हलाण-2 की टीम को हराकर जीत हासिल की। टूर्नामेंट का आयोजन सोल स्पार्टन के आशीष शर्मा व प्रशांत शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में व्यक्तिगत प्रदर्शन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सूरज शर्मा पूरे टूर्नामेंट में छाए रहे, उन्होंने न केवल सेमीफाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब जीता, बल्कि फाइनल मैच में भी अपने बेहतरीन खेल की बदौलत 'मैन ऑफ द मैच' की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। ओमी ठाकुर ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाई और 'मैन ऑफ द मैच' चुने गए। शानदार खेल भावना और प्रतिभा के लिए खिलाड़ियों चमन को प्लेयर ऑफ द सीरीज, शरद शर्मा बेस्ट बैट्समैन और सूरज शर्मा बेस्ट गेंदबाज के खिताब से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रिमन सिंह ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# आज होगा शरदोत्सव का आगाज

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। मंगलवार को भव्य झंकियों के साथ राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। पांच दिवसीय कार्निवाल का शुभारंभ माता हिडिंबा की विधिवत पूजा के बाद होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सर्किट हाउस से कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर मनाली को करोड़ की सौगात भी देंगे। वह सुबह 10 बजे मनाली माल रोड में विंटर कार्निवाल परेड की अध्यक्षता करेंगे।

पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल में भाग लेने को देशभर से टीमें मनाली पहुंच गई हैं। शुभारंभ अवसर पर हिमाचल की संस्कृति, पहनावा, खानपान और सामाजिक कुरीतियों पर तंज कसने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। झांकियों में देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दल और मनाली विधानसभा के महिला मंडल भाग लेंगे। सुबह हिडिंबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री परिधि गृह से हरी झंडी दिखाकर झांकियों को रवाना करेंगे। दोपहर को वह मनुरंगशाला मे पांच दिन तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी शुभारंभ करेंगे। विंटर क्वीन और



आयोजन को लेकर पर्यटन नगरी मनाली तैयार। अनंत ज्ञान

> **मनाली** विंटर कार्निवाल के मद्देनजर जहां मनाली में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। वहीं, यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह से पुख्ता है। पुलिस जवान हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।
>
> **मदन लाल, एसपी कुल्लू।**

#### ◆ राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव का सीएम करेंगे शुभारंभ

वायस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेंगी। सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली स्टार कलाकार धमाल मचाएंगे। स्थानीय लोक कलाकारों को भी मौका मिलेगा। मनुरंगशाला व माल रोड दोनों ही जगह पर कार्निवाल के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अभी तक विभिन्न राज्यों से 14 सांस्कृतिक दलों ने पंजीकरण कराया है। इस के अलावा वाइस ऑफ कार्निवाल और विंटर क्वीन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशंस जारी है। एसडीएम रमण कुमार ने बताया कि कार्निवाल की तैयारियां पूरी हो गई हैं। पहले दिन महिला मंडल सामाजिक बुराइयों पर झांकियों के माध्यम से प्रहार करेंगी, साथ ही सरकार की योजनाओं बारे लोगों को भी झांकी के माध्यम से जागरूक करेंगी। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हैं। सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनाली को चार सेक्टरों में बांटा गया है।

## विंटर कार्निवाल में बदला ट्रैफिक प्लान

**विंटर** कार्निवाल के मद्देनजर मनाली में ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया है। मंगलवार सुबह 8 बजे के पश्चात, राष्ट्रीय स्तर के विंटर कार्निवाल समारोह के शुभारंभ के अवसर पर सर्किट हाउस, मनाली से झांकियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही निम्नलिखित मार्गों पर पूर्णतः बंद रहेंगी। न्यू ब्रिज, मनाली से ओल्ड मनाली एवं हिडिंबा की ओर, आई-बैक्स चौक एवं डायमंड चौक से आगे राम बाग चौक की ओर। यदि इस अवधि में ओल्ड मनाली अथवा हडिम्बा से किसी पर्यटक या आम व्यक्ति को प्रस्थान करना हो, तो वे लॉग हट रोड - ओल्ड मनाली वाया शनाग रोड-नेहरू कुंड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकते हैं। इसी प्रकार, यदि किसी व्यक्ति या पर्यटक को ओल्ड मनाली अथवा हिडिंबा जाना हो, तो वे भी बाहंग-नेहरू कुंड-शनाग मार्ग से होकर ओल्ड मनाली/हिडिंबा जा सकते हैं। कुल्लू जिला पुलिस इस दौरान समस्त जनता एवं पर्यटकों से सहयोग की अपील करती है, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

# मनाली के विधायक ने तीन वर्ष में किए 550 करोड़ के विकास कार्य : बीर सिंह

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली दौरे के दौरान पूर्व सीएम जयराम ठाकुर द्वारा मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड पर की गई टिप्पणी का जिला परिषद के उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि मनाली विधायक ने तीन वर्ष में 550 करोड़ के विकास कार्य कर 15 साल विधायक रहने वालों को आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम का भाषण सुनकर ऐसा लगा कि राजनीति में रहकर आपने विकास तो कम सीखा, लेकिन बॉलीवुड क्वीन की संगत में रहकर 'मिमिक्री' और 'स्टैंड-अप कॉमेडी' जरूर सीख ली है।



उन्होंने कहा कि मनाली की जनता को नेता चाहिए, अभिनेता नहीं। उन्होंने कहा कि दिनभर मेहनत करने वाले ही थकते हैं। मंचों पर दहाड़ने' और रील बनाने वालों को क्या थकान होगी। उन्होंने मनाली की प्रबुद्ध जनता से आग्रह किया है कि वो तीन वर्षों के कार्यकाल का आकलन जरूर करें। मनाली में करोड़ों के प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। 70 करोड़ की आरसीसी दीवार, लगभग 245 करोड़ की आरसीसी की प्रोपोजल अंतिम चरण में है। 45 करोड़ की लागत से वेलनेस सेंटर बन रहा है। इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण, मनाली अस्पताल को आधुनिक C-ARM और अल्ट्रासाउंड मशीनें, रांगडी चौक से अलेऊ, प्रीणी के बीच नए पुल का निर्माण प्रस्तावित है। ओल्ड मनाली के लिए 36 करोड़ की लागत से बाईपास रोड का काम तेजी से चल रहा है। 15 मील में राइट् और लेफ्ट बैंक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण, 40 करोड़ की लागत से आइस स्केटिंग रिंक, एनएचएआई द्वारा अधूरे रोड पर वसूले जा रहे गलत टोल टैक्स के खिलाफ विधानसभा में आवाज उठाई। 325 करोड़ की सीवरेज योजना लाई। समस्त पंचायतों में एक समान विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता कि जितनी मेहनत पूर्व सीएम 'मिमिक्री' सीखने में कर रहे हैं, उतनी मेहनत मनाली की समस्याओं को समझने में करते, अब एक्टिंग तो आपने अपनी 'पसंदीदा कलाकार' से सीख ही ली है, तो थोड़ा 'काम करना' हमारे विधायक भुवनेश्वर गौड़ से सीख लें।

# मनाली में ढाई करोड़ से बन रही सी एंड डी वेस्ट यूनिट : मनोज

अनंत ज्ञान

**मनाली।** नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि मनाली में ढाई करोड़ से बन रही सी एंड डी वेस्ट यूनिट तैयार हो रही है। यूनिट के लिए जगह चिन्हित कर कार्य शुरू कर दिया है।



उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में 4 करोड़ 62 लाख से मनाली शहर का विकास करवाया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मनाली के रंगड़ी में लगे 78463 मैट्रिक टन कूड़े के पहाड़ मनाली के लिए चुनौती बने हुए थे। सभी के सहयोग से कार्य करते हुए, अब तक 30651 मीट्रिक टन कूड़े कचरे का निष्पादन कर दिया गया है। उन्होंने इस कार्य की सफलता के लिए नगर परिषद की टीम सहित मनाली वासियों को बधाई दी। का हर रोज निष्पादन किया जा रहा है। पशु धन को ध्यान में रखते हुए 14 लाख से गोशाला का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मनाली के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार के लिए 9 लाख 76 हजार के टेंडर करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक साल का कार्यकाल चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन सभी मनाली वासियों के सहयोग से वह शहर का विकास करवाने में सफल रहे हैं।

# कानून से ऊपर कोई नहीं, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** काईस क्षेत्र में पटवारी के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर कुल्लू सदर के विधायक सुंदर ठाकुर ने सख्त रुख अपनाया है। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विधायक सुंदर सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचे, जहां उन्होंने मारपीट में घायल पटवारी का हालचाल जाना और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अब तक इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य संलिप्त लोगों की भी पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। विधायक ने बताया कि हल्का पटवारी अपनी टीम के साथ डिमार्केशन (निशानदेही) के सरकारी कार्य के लिए मौके पर गया था। इसी दौरान उस पर हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने इसे कानून व्यवस्था पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है और पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।



विधायक ने पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कोई भी सरकारी कर्मचारी अपना काम कर रहा हो तो कार्य में बाधा पहुंचना और इसकी मार पिटाई को किसी भी सूरत में उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कानून के अनुसार इनका खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही भोप सिंह की इच्छानुसार डीएसपी द्वारा स्वयं अस्पताल आकर बयान दर्ज किया जा रहा है, ताकि निष्पक्षता से जांच हो सके। इस मौके पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा शुक्र है कम से कम जयराम ठाकुर पटवारी से मिलने कम से कम अस्पताल तो पहुंचे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा घायल पटवारी से मुलाकात के बाद प्रदेश कांग्रेस सरकार पर टिप्पणी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री रहते हुई तो कभी जयराम ठाकुर कुल्लू अस्पताल नहीं पहुंचे थे, लेकिन शुक्र है कि पटवारी भोप सिंह के हालचाल जानने के बहाने ही सही अस्पताल का चक्कर तो लगाया।
















## न्यूज ब्रीफ

### नशा तस्करों से 7.51 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला के अंतर्गत अर्की में पुलिस ने रविवार देर रात गश्त के दौरान सूचना के आधार पर एक कार सवार 3 लोगों के पास से 7.51 ग्राम हैरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया है । सूचना के आधार पर पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जघाना से नालागढ़ की ओर जाने वाले मार्ग पर खड़ी एक टैक्सी गाड़ी होंडा अमेज की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। इस दौरान गाड़ी में बैठकर हेरोइन बेचने की फिराक में लगे तीन आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से कुल 7.51 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष पाठक (35) पुत्र सतीश पाठक निवासी गांव सानण, डाकखाना डुमेहर, तहसील अर्की, जिला सोलन, अक्षय कुमार (30) पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव बड़ेहन, तहसील अर्की, जिला सोलन तथा जितेंद्र तंवर (43) पुत्र मस्त राम निवासी गांव जमना, तहसील अर्की, जिला सोलन के रूप में हुई है । इस संबंध में पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में संलिप्त गाड़ी टैक्सी को भी जब्त करके पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

### कलश यात्रा के साथ रामकथा व शतचंडी महायज्ञ शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ दयारशघाट में कलश यात्रा के साथ हो गया। इसमें आचार्य राहुल शर्मा अपनी वाणी से श्रीराम के लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं। इसी के साथ विद्वतजन शतचंडी महायज्ञ भी संपन्न करवा रहे हैं। श्री राम कथा के प्रथम दिन आचार्य राहुल शर्मा ने कहा कि रामकथा श्रवण से सभी प्रकार के विकार दूर होते हैं। उन्होंने राम चरित मानस के प्राकट्य व नामकरण के बारे में बताया। इस कथा के चार चरण यानि घाट हैं, इसमें एक है शरणागति घाट, जिसमें तुलसी दास जी वक्ता हैं और उनका मन श्रोता है। कर्मघाट में यागवल्क्य ऋषि कथा सुनाते हैं और भारद्वाज ऋषि श्रोता के रूप में उनसे प्रश्न करते हैं। ज्ञान घाट में भगवान शिव-पार्वती को कथा सुना रहे हैं। भक्ति घाट में काग भुशुंडी गरुड़ को कथा सुनाते हैं। भगवान शिव ने इस कथा को मन में ही धारण किया है तभी कथा का नाम राम चरित मानस रखा गया है। 19 जनवरी से मूल पाठ सुबह 6 से 11 बजे तक होगा और कथा प्रवचन साढ़े 12 से साढ़े 3 बजे तक होगा। 26 जनवरी को दुर्गा अष्टमी के दिन राम कथा व शतचंडी महायज्ञ का समापन होगा। प्रतिदिन आरती के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### वाहन चालकों को बताए यातायात नियम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिले के बस, ट्रक, ऑटो व ई-रिक्शा यूनियनों के चालकों समेत पदाधिकारियों ने भाग लिया। रोड सेफ्टी क्लब पांवटा साहिब के अध्यक्ष भजन चौधरी ने बताया कि रोड सेफ्टी क्लब का यहां 260वां जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें ट्रक, बस, ऑटो, ई-रिक्शा चालक भाग लेने पहुंचे हैं। शिविर में यातायात नियमों के प्रति जानकारी देने के साथ विभिन्न नियमों व कानून के प्रति भी चालकों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि हरिपुरधार बस हादसे जैसी घटनाएं भविष्य में पेश न आए। उधर, आरटीओ सोना चौहान ने कहा कि आज के समय में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने वाहन चालकों समेत लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए यातायात नियमों की पालना करने का आवाहन किया है।

### सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम स्थगित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले के कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत हिन्नर के गांव गौड़ा में 20 जनवरी को आयोजित होने वाला 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों के दृष्टिगत स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने दी।

### बचत सहकारी सभा समिति के चुनाव तय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दी कामधेनु गैर कृषि ऋण व बचत सहकारी सभा समिति नम्होल की कार्यकारिणी के चुनाव 17 अप्रैल को संपन्न होंगे। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं जिला बिलासपुर की स्वीकृति के बाद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सभा के कार्यक्षेत्र का विस्तार जिला बिलासपुर तथा जिला सोलन की अर्की तहसील तक है। इस कार्यक्षेत्र को नौ वार्डों में विभाजित किया गया है। इनमें से 2080 सदस्य नौ प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। चुनाव प्रक्रिया के लिए सभा सचिव सुख राम ठाकुर को पंजीयन अधिकारी तथा कार्तिका ठाकुर निरीक्षक सहकारी सभाएं खंड सदर जिला बिलासपुर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सदस्यों की भागधन राशि पूर्ण नहीं है अथवा जिन्होंने सभा से ऋण लिया है और निर्धारित समयानुसार अदायगी नहीं की है, उन्हें 24 फरवरी तक राशि जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाशन सभा कार्यालय के नोटिस वोर्ड पर 21 मार्च को सायं 5 बजे किया जाएगा। नामांकन पत्र 27 व 28 मार्च को सायं 5 बजे तक भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 मार्च को सायं 5 बजे तक की जाएगी। नामांकन पत्रों पर आपत्तियां 31 मार्च को दोपहर 2 बजे तक दर्ज करवाई जा सकेंगी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दायर आपत्तियों पर 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक सुनवाई की जाएगी। नामांकन पत्र 6 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे। इसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 17 अप्रैल को सभा कार्यालय नम्होल में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा, जबकि मतगणना उसी दिन सायं 3 बजे से की जाएगी।

### गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर एसडीएम पछाद प्रियंका चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया कि इस बार प्रदेश में चिट्टा जैसे जानलेवा नशे की चपेट में फंस रहे युवाओं को जागृत करने के लिए विशेष कार्यक्रम किए जाएंगे, जैसे लघु नाटिका, नारा लेखन व लोकगीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा व उपस्थित लोगों द्वारा इस नशे को प्रदेश व देश से खत्म करने की शपथ भी ली जाएगी। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम व देशभगति की प्रस्तुतियां भी विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहन के पश्चात भव्य मार्च पास्ट का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें पुलिस की टुकड़ी द्वारा सलामी देने के पश्चात एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, वन मित्र व सिविल डिफेंस के सदस्य मार्च पास्ट करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार पछाद प्रवीण कुमार के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद थे।

# सोलन-सिरमौर में सूख रही लहसुन-मटर की फसलें

## 50% से अधिक गेहूं सूखे की चपेट में, जनवरी में भी बारिश की भारी कमी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन व सिरमौर जिलों में लंबे सूखे ने किसानों की कमर तोड़ दी है। लहसुन व मटर की फसलें सूखने लगी हैं, जबकि 50 फीसदी से अधिक गेहूं की फसल सूखे की भयानक चपेट में आ चुकी है।

नवंबर-दिसंबर के बाद जनवरी में भी बारिश की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सोलन जिले के किसान रामेश्वर दास ने बताया, 'हमारी लहसुन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो रही है। नमी की कमी से पौधे पीले पड़ गए हैं। मटर की फसल भी प्रभावित है, अगर बारिश नहीं हुई, तो लाखों का नुकसान होगा। सिरमौर में भी यही हाल है। जिला कृषि अधिकारी ने पुष्टि की कि लगभग 60 प्रतिशत रबी फसलें सूखे से प्रभावित हैं। गेहूं के खेतों में हल्की बर्फबारी के बाद लगातार धूप ने नमी सोख ली है। मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री



बारिश की कमी से सेब के खेतों में आई दरारें। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

सेल्सियस ऊपर पहुंच गया। जनवरी में सामान्य से 90 प्रतिशत से कम बारिश हुई, जो नवंबर-दिसंबर की तरह ही निराशाजनक है। मध्यमवर्गीय, निचले व मैदानी क्षेत्रों में फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं दिख रही। हालांकि, 21 जनवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा, जिससे हल्की बर्फबारी या वर्षा हो सकती है। किसान संगठनों ने सरकार से तत्काल राहत की मांग की है। हिमाचल किसान संगठनों का कहना है कि प्रभावित किसानों को 'सूखा राहत पैकेज जारी हो और बीमा क्लेम प्रक्रिया तेज की जाए।' जिला प्रशासन ने सिंचाई सुविधाओं का उपयोग करने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले सप्ताह बारिश न हुई तो रबी मौसम की फसलें पूरी तरह चौपट हो सकती हैं।

यह सूखा जलवायु परिवर्तन का संकेत है। किसान अब वैकल्पिक फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे शुरू कर दिया है।

### कोहरे की मार से गेहूं की फसल प्रभावित

**रामशहर** समेत आसपास के क्षेत्रों में कोहरे की मार से गेहूं की फसल प्रभावित हो गई है। लगातार कोहरा पड़ने के कारण फसल पीली पड़ रही है, जिससे किसानों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो फसल बर्बाद हो जाएगी और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। लगभग 25 पंचायतों के किसानों ने कई हेक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की थी, लेकिन अब कोहरे के कारण फसल की पैदावार घटने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल के लिए बारिश जरूरी है, लेकिन पिछले काफी समय से बारिश नहीं हो रही है। रामशहर, बहरोटा, नेर, बेहडी, छीयाछी, डोली चमदार, दिग्गल, गुनाह, मतुली, साई और बैला समेत आसपास के क्षेत्र के किसान बिना बारिश के परेशान हैं। वार्ड पंच रामशहर राकेश शर्मा, नंबरदार राजकुमार शर्मा, बाबू राम और लेख राम ने कहा कि फसल खराब हो गई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उनकी आर्थिक क्षति को कम किया जा सके।

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं स्वस्थ रहेंगे विद्यार्थी : डॉ. इंदु शर्मा



पुरुवाला स्कूल में जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा संवाद करती हुईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरूवाला में जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा द्वारा 'अपना विद्यालय योजना' के अंतर्गत विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. इंदु शर्मा ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में योग के महत्व पर संवाद किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग अभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने आयुर्वेदिक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अपनी दिनचर्या में आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर छोटी-मोटी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक उपचारों के लाभों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय में योग प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कहा कि विद्यार्थियों के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। डॉ. इंदु शर्मा ने विद्यार्थियों को मुल्तानी मिट्टी व दही के प्रयोग से होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया और इनके उपयोग को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग एवं आयुष पद्धतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### शूलिनी विवि में बच्चों में रचनात्मकता व सतत विकास को बढ़ावा दिया

# सतत विकास पर केंद्रित रहा शीतकालीन कैंप

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने कर्मचारियों के बच्चों के लिए शीतकालीन शिविर का आयोजन किया, जो बच्चों को मनोरंजक व सार्थक गतिविधियों के माध्यम से पोषित करने की उसकी परंपरा को जारी रखता है।

यह शिविर 5 से 16 जनवरी तक सतत विकास व सामुदायिक सहभागिता की निदेशक पूनम नंदा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस शीतकालीन शिविर का उद्देश्य सीखने, रचनात्मकता और शारीरिक गतिविधियों को मिलाकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस वर्ष शिविर में सतत विकास व रचनात्मकता पर विशेष जोर दिया गया, जिससे बच्चों को आकर्षक व अंत:क्रियात्मक अनुभवों के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पूरे शिविर के दौरान, विद्यार्थियों ने योग, नृत्य, संगीत, अभिनय और नाटक, इनडोर और आउटडोर खेल, और बेकार सामग्रियों



शूलिनी विश्वविद्यालय में शिविर के दौरान बच्चे। अनंत ज्ञान

का उपयोग करके कला और शिल्प परियोजनाओं सहित कई गतिविधियों में भाग लिया। इन सुविचारित गतिविधियों ने युवा प्रतिभागियों में रचनात्मकता, शारीरिक क्षमता, टीम वर्क और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद की।

समापन दिवस पर, बच्चों ने अपने माता-पिता व विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए आयोजित एक प्रदर्शनी में गर्वपूर्वक अपनी हस्तनिर्मित कृतियों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी शिविर के दौरान प्राप्त रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने के परिणामों को दर्शाती है इस अवसर की मुख्यातिथि शूलिनी विश्वविद्यालय की मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और संतुलित विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। शीतकालीन शिविर को माता-पिता व कर्मचारियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने बच्चों के लिए एक सुरक्षित, आनंदमय और समृद्ध वातावरण प्रदान करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

### नगर परिषद ईओ के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान,पांवटा/नाहन।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब नगर परिषद पार्षदों ने नप कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि कार्यकारी अधिकारी के पदभार संभालने के बाद से लगातार अवकाश पर जाने के कारण नगर परिषद में विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। लोगों के छोटे-छोटे प्रमाण पत्र एवं अन्य विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिससे पार्षदों समेत स्थानीय लोग परेशान हैं। नगर परिषद की अध्यक्ष निर्मल कौर ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर माह में करीब तीन साल बाद स्थायी तौर पर पांवटा साहिब में कार्यकारी अधिकारी का पद भरा गया था, लेकिन तब से ही कार्यकारी अधिकारी ज्यादातर समय अवकाश पर रहते हैं। इससे शहरी विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। आम जनता को जरूरी दस्तावेजों से जुड़े कार्यों में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता को जन्म, मृत्यु, निवास सहित अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट करवाने में समस्याएं आ रही हैं। कार्यकारी अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण नगर परिषद से जुड़े कई विकास कार्य अधर में लटके हैं। सड़क, नालियां, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्य स्वीकृत होने के बाद भी विकास कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उधर, एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि नगर परिषद के पार्षदों ने नप अध्यक्ष निर्मल कौर की अगुवाई में एक शिकायत पत्र नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के अवकाश पर जाने व विकास कार्य प्रभावित होने संबंधित सौंपा है। डीसी सिरमौर को संबंधित शिकायत पत्र भेज दिया गया है। आगामी कार्रवाई डीसी सिरमौर द्वारा की जाएगी।

# अर्की के तीन युवकों से पकड़ा 7.51 ग्राम चिट्टा

अनंत ज्ञान



**सोलन।** गत रात्रि को पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जघाना से नालागढ़ की ओर जाने वाले मार्ग पर खड़ी एक टैक्सी गाड़ी हौंडा अमेज में बैठकर चिट्टा बेचने की फिराक में लगे तीन आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से कुल 7.51 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया।

आरोपियों की पहचान मनीष पाठक पुत्र सतीश पाठक निवासी गांव सानण, डाकखाना डुमेहर, तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 35 वर्ष, अक्षय कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव बड़ेहन, तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 30 वर्ष तथा जितेंद्र तंवर पुत्र मस्त राम निवासी गांव जमना, तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 43 वर्ष के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में संलिप्त टैक्सी गाड़ी को जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# ओडिशा में राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलेगी प्रदेश की सब जूनियर ब्वॉयज रग्बी टीम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सब जूनियर ब्वॉयज रग्बी टीम 10वीं सब जूनियर ब्वॉयज नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए ओडिशा रवाना हो गई है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 20 से 22 जनवरी तक भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जहां देशभर से आई टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। प्रदेश की टीम की कप्तानी पांवटा साहिब के प्रांजय को सौंपी गई है, जबकि भावेश उपकप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगे।

टीम में अंकित, आर्यन, आर्यन कंवर, विभूषित, शौर्य शर्मा, अक्षय, लक्ष्य, शौर्य, वैभव व निमेष शामिल हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम की तैयारियों की जिम्मेदारी मुख्य कोच संदीप कुमार और सहायक कोच सुधीर कुमार के पास रही। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप द स्पाइस होटल ग्राउंड, सैलाकुई में आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस, तकनीकी कौशल और टीम समन्वय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। हिमाचल प्रदेश रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विकास सूद ने टीम के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह टीम प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करती है और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम रोशन करने का माद्दा रखती है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए टीम को हिमाचल प्रदेश आधारित पावर पीएसयू एसजेवीएन लिमिटेड तथा तिरुपति इंडस्ट्रीज लिमिटेड का सहयोग प्राप्त हुआ है। प्रदेश रग्बी एसोसिएशन ने दोनों संस्थानों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे खिलाड़ियों के लिए बड़ा संबल बताया।

### एसडीएम कार्यालय अर्की का घेराव करने की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट कंपनी से प्रभावित, भूमिहीन व मकानहीन किसानों ने एसडीएम कार्यालय अर्की का घेराव करने की चेतावनी दी है। प्रभावित किसान सभा के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1992 से 2008 के दौरान स्थानीय दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसान परिवार अंबुजा सीमेंट कंपनी से प्रभावित हुए हैं, लेकिन आज तक उनका पुनर्वास व पुनर्विस्थापन नहीं किया गया, जबकि इस संबंध में प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व सरकार व कंपनी को प्रभावित किसानों के लिए पुनर्वास योजना लागू करने के आदेश दिए जा चुके हैं। जगदीश शर्मा ने आरोप लगाया कि सैकड़ों किसानों के आवेदन पिछले एक वर्ष से एसडीएम कार्यालय अर्की में लंबित पड़े हैं। किसान कई बार कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो बड़ी संख्या में प्रभावित किसान एसडीएम कार्यालय अर्की का घेराव करेंगे।

# नशे के खिलाफ तैयार कला जत्थे को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सोलन में हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा 'युवाओं में बढ़ते नशे की समस्या' पर तैयार कला जत्थे को डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जत्था जिले की सामुदायिक व शिक्षण संस्थाओं में जाकर नशामुक्ति का संदेश देगा। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों के साथ हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर, सेवानिवृत्त ईएनसी जोगिंद्र चौहान, डॉ. बीएस पंवर, समता राष्ट्रीय संयोजिका सुमित्रा चंदेल, मनोवैज्ञानिक डॉ. रवि भूषण, डॉ. राजीव अग्रवाल, सीता राम ठाकुर, काकू राम भारद्वाज, उर्मिल ठाकुर,



कला जत्थे के कलाकारों के साथ डीसी सोलन मनमोहन शर्मा। अनंत ज्ञान

सुभद्रा, आशा वर्मा, सुदेश ठाकुर, गुलाब सिंह नामधारी, अंकित दुबे, जसपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर डीसी मनमोहन शर्मा ने हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा तैयार नशा-निवारण विषयक वेब सीरीज 'द व्हाइट ट्रुथ' के पोस्टर का भी विमोचन किया। इसका 25 जनवरी को रिलीज होना प्रस्तावित है। डीसी सोलन ने समाज व युवा पीढ़ी को नशे की कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के लिए हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कला जत्थे गांव-गांव जाकर नशे के खिलाफ प्रभावी जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# सोलन जिले में आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों के लिए खुले विशेष शिक्षा केंद्र

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिले में शिक्षा से वंचित आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू हो चुकी है। जिले में कुल 16 विशेष शिक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां वर्तमान में लगभग 1500 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन केंद्रों पर न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है, बल्कि बच्चों को शिक्षण सामग्री के साथ-साथ पौष्टिक मिड-डे मील (एमडीएम) का भोजन भी परोसा जा रहा है। यह योजना समग्र शिक्षा अभियान के तहत चलाई जा रही है, जो शिक्षा के अधिकार को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इन शिक्षा केंद्रों का संचालन एक निजी संस्था को सौंपा गया है, जो बच्चों को प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की उम्रानुसार शिक्षा प्रदान करने में सहयोग कर रही है। निजी संस्था द्वारा कमरे, स्टाफ और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें निकटतम सरकारी स्कूलों में उचित कक्षा में दाखिला दिलाया जा रहा है। प्रत्येक बच्चे के दाखिले का विस्तृत रिकॉर्ड समग्र शिक्षा के प्रबंधक पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इसके अलावा, बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते, किताबें और अन्य आवश्यक सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जा रही है। समग्र शिक्षा के जिला अधिकारी डॉ. राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों को चिह्नित करने के लिए जिले में दोबारा व्यापक सर्वेक्षण किया जा रहा है। 'हमारा उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा और गुणवत्ता पर नजर रखी जाएगी,' वर्तमान में इन 16 केंद्रों पर शिक्षा शुरू हो चुकी है, और मिड-डे मील की व्यवस्था भी प्रभावी रूप से चालू कर दी गई है। बच्चे न केवल पढ़ाई में रुचि ले रहे हैं, बल्कि पौष्टिक भोजन से उनकी सेहत में भी सुधार हो रहा है। यह पहल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक, सामाजिक या भौगोलिक कारणों से स्कूलों से दूर थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी योजनाएं साक्षरता दर बढ़ाने और ड्रॉपआउट दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सोलन जिला प्रशासन ने आगामी दिनों में इन केंद्रों को और मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने की योजना बनाई है।

**आयोजन** रोहित ठाकुर ने किया 69वीं राष्ट्रीय स्तर की अंडर-19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोहित ठाकुर सोलन जिले के नालागढ़ में आयोजित पांच दिवसीय 69वीं राष्ट्रीय स्तर की अंडर-19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों व अन्य को संबोधित कर रहे थे।

इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों एवं यूनिट्स से देश की बेटियां भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में कुल 336 बालिकाएं खिलाड़ी के रूप में तथा 84 ऑफिशियल्स शामिल हैं। इस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 56 मैच खेले जाएंगे। रोहित ने कहा कि कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना और अनुशासन के साथ खेलें। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। खेलों के माध्यम से जहां युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना





रोहित ठाकुर अंडर-19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर। अनंत ज्ञान

बढ़ती है वहीं उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर भी मिलते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के पोषण व प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डाइट मनी में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी 500 रुपए प्रतिदिन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 400 रुपए तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 300 रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रारम्भिक शिक्षा स्तर पर 250 रुपए की डाइट सुविधा भी प्रदान की जा रही है रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान व प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 5 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने या पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को कुल 17.44 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए 3 प्रतिशत खेल कोटे के अंतर्गत अब तक 99 खिलाड़ियों को रोजगार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 9 स्पोर्ट्स होस्टल कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिमला जिले के जुब्बल तथा मंडी जिला के संधोल में नए स्पोर्ट्स होस्टल का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इससे पूर्व अंडर-14 बाल राष्ट्रीय बॉलीवाल प्रतियोगिता पांवटा साहिब में आयोजित हो चुकी है, अंडर-19 गर्ल्स कब्बड्डी प्रतियोगिता नालागढ़ में आयोजित हो रही है तथा घुमारवीं में अंडर-19 गर्ल्स हैडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं पर लगभग एक करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

# एसडीएम अर्की को नंबरदारों की समस्या बारे सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नंबरदार यूनियन के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अर्की।** नंबरदार यूनियन अर्की द्वारा उपमंडल दंडाधिकारी अर्की को नंबरदारों की समस्या बारे अर्की प्रधान जगतराम की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन से पूर्व नंबरदार कल्याण संघ जिला सोलन प्रधान राजेंद्र ठाकुर की अगुवाई में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि नंबरदारों को भू-राजस्व इकट्ठा करने के लिए फर्द आवश्यकता होती है, जो कि लगभग 30-25 वर्षो से फर्द की कॉपी नंबरदारों को नहीं मिल रही है, जिससे ऑनलाइन खरीफ व रबी फसलों का मामला गलत दर्ज हुआ है इसलिए सही दुरुस्त फर्द दिलाने के आदेश की पटवारियों को मांग व उपमंडल में सभी कार्यरत नंबरदारों को सनद नंबरदारी प्रमाण पत्र दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सभी नंबरदार सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में अपना सहयोग अपने-2 क्षेत्र में दे रहे हैं। इसमें भू-राजस्व ई केवाईसी तथा आवादीदेह मालिकाना हक में भी सहयोग दे रहे हैं, लेकिन भू राजस्व जो पूर्व में पंचायतों में जमा होता था, लेकिन हाल ही में सरकार द्वारा भू-राजस्व को कोषागार में जमा कराने के आदेश सरकार द्वारा दिए, लेकिन अभी तक नंबरदारों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। यह जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है उनके द्वारा की गई मांगों को पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को आदेश किए जाएं। बैठक में सचिव राकेश, प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष, मदन कंवर, बलदेब, चमन लाल, आरा राम व अन्य नंबरदार उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदूषण स्तर बढ़ने पर ग्रेप-चार की पाबंदियां लागू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रेवाड़ी में एक बार फिर से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। आबो हवा में घुला जहर शरीर में जाकर नुकसान पहुंचा रहा है। इससे उपायुक्त अभिषेक मीणा ने सोमवार को जीआरएपी-चार की पाबंदियां फिर से लागू कर दी हैं। सोमवार को रेवाड़ी का एक्यूआई 329 पार दर्ज किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने लोगों से अपील की है कि वे ग्रेप स्टेज-4 के अंतर्गत जारी नागरिक चार्टर का पूर्ण रूप से पालन करें और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करें। वायु गुणवत्ता की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आईएमडी, आईआईटीएम के पूर्वानुमानों के आधार पर आवश्यकतानुसार आगे निर्णय लिए जाएंगे। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में ग्रेप के संशोधित शेड्यूल को पूरे दिल्ली-एनसीआर में तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। ग्रेप पर उप-समिति द्वारा आयोजित आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप स्टेज-4 के अंतर्गत सभी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जो पहले से लागू स्टेज-एक, दो एवं तीन के अतिरिक्त होंगी। उन्होंने कहा कि ग्रेप के स्टेज-एक, दो एवं तीन के अंतर्गत सभी उपायों को पूरे एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा सख्ती से लागू, मॉनिटर एवं समीक्षा की जाएगी। सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निरंतर निगरानी रखें और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पुलिस कर्मचारियों पर हमला, दो घायल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के टोहाना उपमंडल के गांव गाजूवाला में सोमवार को पुलिस कर्मचारियों पर हमले का मामला सामने आया है। इस हमले में डायल 112 टीम के दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से एक को गंभीर हालत में अग्रोहा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, डायल 112 भूना टीम को सूचना मिली थी कि गांव गाजूवाला में रामू नामक ग्रामीण अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने पर डायल 112 भूना की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी रामू ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में पुलिसकर्मी सुरेंद्र सिंह के कान पर लाठी लगने से खून बहने लगा। घटना की सूचना डायल 112 टोहाना टीम को दी गई। इंचार्ज रमेश चंद्र के नेतृत्व में टोहाना टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी ने रमेश चंद्र के साथ भी मारपीट की। दोनों घायल पुलिस कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां सुरेंद्र सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अग्रोहा रेफर कर दिया गया है, जबकि रमेश चंद्र का इलाज जारी है। घायल इंचार्ज रमेश चंद्र ने बताया कि डायल 112 भूना की टीम गांव गाजूवाला गई थी, जहां आरोपी ने उन पर हमला किया। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। इस हमले में कई कर्मचारियों को चोटें आई हैं, जिनमें से सुरेंद्र को उपचार के बाद अग्रोहा रेफर किया गया है।

### अप्रैल में प्रारंभिक, तो जून में होगी मुख्य परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की कार्यकारी शाखा एवं संबद्ध सेवाओं के लिए भर्ती परीक्षा का पूरा कार्यक्रम सोमवार को घोषित कर दिया है। प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को होगी, तो 27 से 29 जून तक लगातार तीन दिन मुख्य परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद अगस्त-सितंबर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। एचसीएस अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए एचपीएससी की ओर से जल्द ही विज्ञापन निकालने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार की ओर से हाल में परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा चुका है। प्रारंभिक परीक्षा 400 अंकों की होगी, जिसमें दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र शामिल होंगे। मुख्य परीक्षा कुल 600 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन के चार पेपर होंगे और कुछ वर्णनात्मक प्रश्न पत्र भी शामिल किए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र की अवधि तीन घंटे और अंक 100 तय किए गए हैं। ऐसे में युवाओं को नए पैटर्न के अनुसार ही परीक्षा की तैयारी करनी होगी। पुराने पैटर्न के अनुसार एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षा में 100-100 अंकों के दो पेपर जनरल स्टडीज और सिविल सर्विस एप्टीट्यूड टेस्ट होते थे। मुख्य परीक्षा में चार पेपर होते थे, जिसमें इंग्लिश और हिंदी 100-100 अंक के और जनरल स्टडीज व ऑप्शनल सब्जेक्ट 200-200 अंक के होते थे। कुल मिलाकर मुख्य परीक्षा 600 अंकों की होती थी। अब परीक्षा पैटर्न बदल गया है। प्रारंभिक परीक्षा अब 400 अंकों की होगी और मुख्य परीक्षा में छह पेपर होंगे। इसमें दो नए पेपर शामिल किए गए हैं।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 11वां इंडिया इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल शुरू

# सांस्कृतिक आदान-प्रदान व वैश्विक एकता का संदेश

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 11वें इंडिया इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल की धूमधाम के साथ शुरुआत हो गई है। यह इंडियन काउंसल फॉर कल्चरल रिलेशंस (आईसीसीआर) के सहयोग से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में करवाए जा रहे फेस्टिवल का थीम 'एक दुनिया अनेक सांस्कृतियां' पर आधारित है।

इसमें 33 देशों के 350 से ज्यादा कलाकार हिस्सा ले रहे हैं, जो कि अपने देशों के डांस, संगीत व कला की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। यह समारोह वैश्विक एकता और सांस्कृतिक विविधता का संदेश दे रहा है। समारोह के पहले दिन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर और सांसद (राज्य सभा) सतनाम सिंह संधू के अलावा हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और इंडियन काउंसल फॉर कल्चरल रिलेशंस के डायरेक्टर जनरल के नंदिनी सिंगला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदाान प्रदान कार्यक्रम में दुनिया भर से प्रतिभा व रचनात्मकता देखने को मिल रही है।



इंडिया इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल में प्रस्तुतियां देते हुए। अनंत ज्ञान

इस मौके पर हरियाणा के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक समारोह हमारे लिए बहुत ही ज्यादा जरूरी हैं, क्योंकि इसके साथ हम दूसरे देशों के साथ अपनी संस्कृति का आदान प्रदान कर सकते हैं। यह स्टूडेंट्स के बौद्धिक विकास में भी अपनी अहम भूमिका अदा करतें है, ऐसे प्रोग्राम के साथ स्टूडेंट्स अपनी संस्कृति के साथ जुड़ते हैं और उनके रीति रिवाज के बारे में जानते हैं। इसके साथ ही, भारत पूरी दुनिया में सांप्रदायिक सद्भावना व सार्वभौमिक एकता भावना पैदा होती है।

यह ही हमें ग्लोबल नागरिक बनाती है। 11वां इंडिया इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल प्रधान मंत्री नरिंदर मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के नारे में बिलकुल फिट बैठता है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। इस मौके चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर व सांसद (राज्य सभा) सतनाम सिंह संधू ने कहा कि पीएम मोदी के सराहनीय प्रयास के कारण आज भारत विदेशी सैलानियों के लिए ग्लोबल हब बनकर उभरा है। वर्ष 2014 के बाद हमारे देश में सैलानियों की आमद में भारी इजाफा हुआ है। यह ही नहीं, अब विदेशी स्टूडेंट्स भारत को शिक्षा के हब के रूप में देखते हैं। इसकी सबसे बड़ी उदाहरण मौजूदा समय चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 65 देशों से पढ़ रहे 3000 विदेशी स्टूडेंट्स से मिलता है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी हमेशा इस बात पर यकीन रखती है कि भारत विश्व शक्ति बने और हमारे देश की तरक्की विकास में संस्कृति और कला से ज्यादा कुछ भी नहीं हो सकता है। इसके अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, सूडान, तंजानिया, आइवरी कोस्ट, लाइबेरिया, लेसोथो, म्यांमार, यमन, श्रीलंका, अंगोला, मलावी, कैमरून, सीरिया, जिम्बाब्वे, दक्षिण सूडान, कांगो, थाईलैंड, युगांडा, माली, नामीबिया, केन्या, सोमालिया, घाना और मेडागास्कर के कलाकारों ने भी अपने शानदार परफॉर्मेंस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री समेत बीस नेता बने भाजपा अध्यक्ष के प्रस्तावक

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए सोमवार से शुरू हुई प्रक्रिया में हरियाणा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत 20 नेताओं ने केंद्रीय मंत्री नितिन नवीन का नाम प्रस्तावित किया है। इनमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली समेत हरियाणा भाजपा के इन नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में नितिन नवीन का प्रस्ताव बनने पर खुशी जाहिर की है।

हरियाणा भाजपा के अधिकृत पदाधिकारी, नेता और मंत्री पहले नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन पहुंचे। वहां से वे एक साथ भाजपा मुख्यालय के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बाद में पार्टी कार्यालय पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया को लेकर सभी नेताओं में उत्साह दिखाई दिया। हर किसी ने कहा कि नितिन नवीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। उन्हें जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी इस सोच को आगे बढ़ाया कि आने वाला समय युवाओं का है। नितिन नवीन सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। हरियाणा से अन्यों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, उर्जा मंत्री अनिल विज, हरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, भाजपा की प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी, राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, सांसद धर्मबीर, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल आदि शामिल हैं। भाजपा के संविधान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद व राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया की देखरेख पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जाती है। किसी राज्य के निर्वाचक मंडल के कोई भी 20 सदस्य संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम प्रस्तावित कर सकते हैं, जो चार कार्यकाल तक सक्रिय सदस्य रहा हो, साथ ही जिसकी सदस्यता के 15 वर्ष पूरे हो चुके हों। ऐसा संयुक्त प्रस्ताव कम से कम पांच राज्यों से आना चाहिए, जहां राष्ट्रीय परिषद के लिए चुनाव समाप्त हो चुके हैं।

# ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं से विश्व में शांति और एकता संभव : प्रेमलता

**मोहाली।** ब्रह्माकुमारीज के तत्वाधान में पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन सुख शांति भवन में किया गया।

इस आयोजन में लगभग 400 ब्रह्मा कुमारी एवं ब्रह्मा कुमाारों ने श्रद्धा, भावनाओं और साधना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रात: 3:30 बजे ब्रह्म मुहूर्त से राजयोग ध्यान का शुभारंभ हुआ, जो रात्रि 8:00 बजे तक पूरे दिन निरंतर चलता रहा। अखंड राजयोग साधना से वातावरण अत्यंत शांत, पवित्र एवं दिव्य स्पन्दनों से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर बीके प्रेम लता, इंचार्ज, राजयोग केंद्र मोहाली-रोपड सर्किल ने अपने संदेश में कहा कि पिताश्री ब्रह्मा बाबा की शिक्षाएं समाज में शांति, सद्भाव, एकता और आपसी विश्वास को सुदृढ़ करने का आधार हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने मानवता के लिए संपूर्ण मर्यादाएं- नियम, अधिकार, कर्तव्य, संकल्प, बोल और कर्म स्थापित किए तथा स्वयं उन पर चलकर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे कहा कि पिताश्री ब्रह्मा बाबा आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत थे।

उन्होंने अपना तन-मन-धन पूर्ण रूप से ईश्वरीय कार्य में समर्पित कर दिया। बाबा की इस त्यागमयी जीवनशैली को देखकर अनेक परिवारों ने भी यज्ञ में तन-मन-धन की आहुती दी, जिस से इस महान ईश्वरीय यज्ञ की मजबूत नींव पड़ी। इस अवसर पर बीके रमा, इंचार्ज, राजयोग केंद्र रोपड ने पिताश्री ब्रह्मा बाबा की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि बाबा असीम धैर्य, विनम्रता, त्याग, अटूट निश्चय और गहन ईश्वरीय विश्वास के प्रतीक थे।

# अच्छे कंटेंट के लिए सही माध्यम का चयन आवश्यक : अनिल कुमार

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** विश्व संवाद केंद्र द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में नागरिक पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का विषय 'राष्ट्र निर्माण में नागरिक पत्रकारिता की भूमिका' रहा।




नागरिक पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन पर मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

पंचकूला स्थित माधव कुंज में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि पत्रकारिता अब केवल पेशा नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व के रूप में उभर रही है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उत्तर क्षेत्र के प्रचार प्रमुख अनिल कुमार ने कहा कि अच्छा और प्रभावी कंटेंट स्वत: नहीं मिलता, इसके लिए सही माध्यमों का चयन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कंटेंट लेखन में केवल सूचना नहीं, बल्कि उसका संदेश, दृष्टिकोण और सामाजिक प्रभाव महत्वपूर्ण होता है। अनिल ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श विचारों का उल्लेख करते हुए जातिगत भेदभाव के उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन और 'स्व' के भाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भाषा, भूषा, भोजन और भ्रमण में स्वदेशी और आत्मबोध की भावना को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला मॉड्यूल-वन का हिस्सा है, जिसके बाद मॉड्यूल-टू और मॉड्यूल-थ्री आयोजित किए जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार हरेश वशिष्ठ ने कहा कि नागरिक पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी, स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार, विकास की अनदेखी जैसे मुद्दों पर नागरिक पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि कई बार परंपरागत मीडिया इन मुद्दों तक पहुंच नहीं पाता या उन्हें पर्याप्त स्थान नहीं देता साहित्यकार पी. साईं वैद्यनाथन ने पर्यावरण परिवर्तन के विषय पर युवाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनकूल जीवनशैली सनातन धर्म की मूल शिक्षा है। सनातन परंपरा में प्रकृति संरक्षण के अनेक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि नागरिक पत्रकारिता में पर्यावरण से जुड़े विषयों को उठाने के लिए आज अनेक तकनीकी साधन उपलब्ध हैं। विख्यात आरजे एवं कथाकार पंकज पम्मू ने कहा कि आज मोबाइल फोन के चलते हर व्यक्ति खुद को पत्रकार समझने लगा है, लेकिन स्मार्ट सिटीजन होने के नाते यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम जो भी कंटेंट लिखें, रिकॉर्ड करें या साझा करें, वह जिम्मेदारी के साथ हो।

## देश-विदेश

# हमारा पड़ोसी जरा सिरफिरा, कब क्या कर दे कुछ पता नहीं: राजनाथ

एजेंसी, नागपुर



**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिना नाम लिए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारा पड़ोसी जरा सिरफिरा है, कब क्या हरकत कर दे कुछ कहा नहीं जा सकता है। न जाने कब हमें हथियारों की जरूरत पड़ जाए, इसलिए डिफेंस सेक्टर में हमें आत्मनिर्भर बनन पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने नागपुर में यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर की भूमिका कम से कम 50% तो होनी भी चाहिए, हमने निश्चय किया है कि हमारे प्लेटफार्म सिस्टम, सब सिस्टम धीरे-धीरे स्वदेशी बनाएंगे, यह कहा नही जा सकता कि हथियारों की आवश्यकता कब पड़ जाए, हमारा पड़ोसी जरा सिरफिरा है, कब क्या हरकत कर दे कुछ कहा नहीं जा सकता। रक्षा मंत्री ने कहा कि डिफेंस सेक्टर को हम लोग आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, प्रधानमंत्री बार-बार इसका आग्रह कर रहे हैं। एक समय था कि पूरा का पूरा डिफेंस सेक्टर पब्लिक सेक्टर तक सीमित था, प्राइवेट सेक्टर के बारे में तो कोई सोच भी नहीं सकता था, प्राइवेट सेक्टर की पोटेंशियल पर हमको पूरा भरोसा था, विश्वास था, हर जगह फोक्स्ड डेवलपमेंट की धारा बह रही है, शिक्षक से लेकर तकनीक तक हर क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर अहम भूमिका निभा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## क्रूर भगदड़ मामले में एक्टर विजय से दूसरी बार पूछताछ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्रूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कजगम के चीफ और एक्टर विजय थलापति से सीबीआई 8 दिन में दूसरी बार पूछताछ कर रही है। विजय सोमवार सुबह करीब 10:29 बजे नई दिल्ली स्थित सीबीआई हेडकॉर्टर पहुंचे। उनसे पिछले पांच घंटे से पूछताछ जारी है। 12 जनवरी को उनसे छह घंटे से ज्यादा सवाल-जवाब किए गए थे। एएनआई के मुताबिक, विजय दिल्ली के ताजमहल होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं से वे काली रेंज रोवर में सीबीआई हेडकॉर्टर पहुंचे है। उनसे भगदड़ को लेकर पूछताछ की। दरअसल 27 सितंबर 2025 को क्रूर में विजय की रैली के दौरान भगदड़ हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर पर 1.25 करोड़ लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस जारी

एजेंसी, नई दिल्ली

- **चुनाव आयोग को दिए आदेश गलत नाम और उम्र वाले वोटर्स की जांच निष्पक्षता से करें**

**सुप्रीम** कोर्ट में सोमवार को पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर के तहत 1.25 करोड़ 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नोटिस जारी किए गए हैं। जो पिता-पुत्र की उम्र, नामों की स्पेलिंग (खासतौर पर बंगाली नामों) में अंतर होने पर भेजे जाते हैं।

याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने प्रक्रिया पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- उम्र के अंतर, नामों की स्पेलिंग पर सवाल हैं, इसलिए लिस्ट सार्वजनिक की जाए। साथ ही बीएलओ को सुधार प्रक्रिया में मदद की जाए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को सख्त निर्देश में कहा कि सिर्फ तर्क के आधार पर आम लोगों को परेशान नहीं किया जा सकता। जिन लोगों को 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के आधार पर नोटिस भेजे गए हैं, उनकी लिस्ट पंचायत और ब्लॉक ऑफिस में सार्वजनिक की जाए। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया जरूरी हो सकती है, लेकिन यह पारदर्शी, समयबद्ध और आम लोगों के लिए असुविधाजनक नहीं होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# पुराने लोगों को रिटायर होना चाहिए और नई पीढ़ी को कमान सौंपनी चाहिए : गडकरी

एजेंसी, नागपुर



**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पुराने जनरेशन के लोगों को धीरे-धीरे रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उन्हें नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। गडकरी नागपुर में एसोसिएशन फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इवेंट के दौरान 'एडवांटेज विदर्भ-खासदार औद्योगिक महोत्सव' को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इसे एआईडी के अध्यक्ष आशीष काले ने आयोजित किया था। गडकरी एआईडी के चीफ मेंटर है। उन्होंने कहा- जब नए लोग ठीक से गाड़ी चलाने लगे तो सीनियर लोगों को दूसरा काम करना चाहिए। नागपुर में 6 से 8 फरवरी तक एआईडी के 'एडवांटेज विदर्भ' एक्सपो का आयोजन होगा। इस साल एक्सपो का तीसरा साल है। उन्होंने बताया कि एक्सपो का मकसद भारत के इंडस्ट्रियल मैप पर विदर्भ को एक मजबूत और उभरते विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एक्सपो में टेक्सटाइल, प्लास्टिक, खनिज, कोयला, विमानन, लॉजिस्टिक्स, आईटी, हेल्थकेयर, फार्मा, रक्षा, रियल एस्टेट, रिन्यूएबल एनर्जी और स्टार्टअप्स सहित कई क्षेत्रों की कंपनियां भाग लेंगी। (अनंत ज्ञान)

## मानहानि मामले में बयान दर्ज कराने सुलतानपुर नहीं पहुंचे राहुल गांधी

**एजेंसी, सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ मानहानि मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आज सुनवाई के लिए पेश होना था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। इस कारण कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए 20 फरवरी की तारीख तय की है। राहुल के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने सोमवार को बताया कि राहुल गांधी आज के दिन केरल में हैं, इस कारण वह यहां नहीं आ सके। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप की धमकी के बाद 7 देशों के सैनिक पहुंचे ग्रीनलैंड

## फ्रांस ने 15, जर्मनी ने 13 और ब्रिटेन ने 1 भेजा

एजेंसी, नुउक

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बाद यूरोपीय देश एकजुट हो गए हैं। कई नाटो सदस्य देशों ने ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस नाम से एक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इसके लिए यूरोपीय देशों में फ्रांस ने 15 सैनिक ग्रीनलैंड भेजे हैं, जो 27वीं माउंटेन इन्फेंट्री ब्रिगेड से हैं। जर्मनी ने 13 सैनिकों की एक टीम भेजी है। नॉर्वे, नीदरलैंड और फिनलैंड ने दो-दो सैनिक तैनात किए हैं। ब्रिटेन ने एक सैन्य अधिकारी भेजा है। स्वीडन ने भी सैनिक भेजने की पुष्टि की है, हालांकि, संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है। कुल मिलाकर, डेनमार्क के मौजूदा सैनिकों के अलावा यूरोपीय देशों से लगभग 35-40 सैन्य कर्मी पहुंचे हैं। वहीं, इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इस पूरे ऑपरेशन को मजाक जैसा बताया है। डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्यीय सीरियस डॉग स्लेज पेट्रोल भी वहां मौजूद है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर कहा कि डेनमार्क जो काम नहीं कर पाया है, अब उसे पूरा किया जाएगा



**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को लेकर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है। उन्होंने सोमवार को डेनमार्क पर दशकों से उस समस्या का समाधान करने में विफल रहने का आरोप लगाया, जिसे ट्रंप ने रूसी सुरक्षा खतरे के रूप में वर्णित किया। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर कहा कि डेनमार्क जो काम नहीं कर पाया है, अब उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर संकेत दिया कि अब समय आ गया है कि इस रूसी खतरे से निपटा जाए। हालांकि, उन्होंने अपनी कार्रवाई को लेकर आगे कुछ नहीं बताया। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन पिछले 20 वर्षों से डेनमार्क से कहता आ रहा है कि आपको ग्रीनलैंड से रूसी खतरे को दूर करना होगा। दुर्भाग्य से, डेनमार्क इस बारे में कुछ भी करने में असमर्थ रहा है। अब समय आ गया है, और यह किया जाएगा। ट्रंप के इस बयान से आशय निकाला जा रहा है कि अब वे जल्द ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक का शव बरामद

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जगन्नाथ विश्वविद्यालय (जबी) के एक पूर्व छात्र का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान आकाश चंद्र सरकार के रूप में हुई है। रविवार रात करीब 10 बजे पुरातन ढाका के गेंडारिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टिखाना इलाके में स्थित मेस के कमरे से पंखे से लटका हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आकाश चंद्र सरकार मूल रूप से फरीदपुर जिले के निवासी थे और जगन्नाथ विश्वविद्यालय के 10वें बैच के छात्र रह चुके थे। सहपाठियों ने बताया कि वह लंबे समय से उक्त मेस में रह रहे थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मटिफोर्ड अस्पताल भेजा गया। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गेंडारिया थाना पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंपे जाने की बात कही गई है। (अनंत ज्ञान)

## चीन में इस्पात संयंत्र में विस्फोट होने से दो की मौत, 66 घायल

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन के बाओतौ शहर में एक इस्पात संयंत्र में भीषण विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 66 अन्य घायल हो गए। इस घटना में पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के बाओतौ शहर में विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसके आसपास के इलाकों में 'स्पष्ट झटके' महसूस किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि विस्फोट के कारणों की जांच चल रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो क्लिप में फैक्टरी से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दे रही थीं। शिन्हुआ के अनुसार 66 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वायत्त क्षेत्र और शहर दोनों से बचाव दल घटनास्थल पर भेजे गए।

# संजय राउत का दावा: भाजपा भी अपने पार्षदों को छिपाने की बना रही योजना

एजेंसी, मुंबई

**शिवसेना** (बी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि शिंदे के बाद भाजपा भी अपने पार्षदों को किसी सुरक्षित जगह पर ले जाने की योजना बना रही है। राउत ने कहा- शिंदे अपने पार्षदों को पहले ही पांच सितारा होटल में भेज चुके हैं।

सवाल है- कौन किससे डर रहा है? संजय राउत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखते हुए कोई भी पार्टी आसानी से बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) मेयर पद पर दावा नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री फडणवीस स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की बैठक में हैं और यहां पार्षदों को इधर-उधर भेजा जा रहा है। यह अजीब है। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीएमसी सहित अन्य निगमों के नतीजे 16 जनवरी को आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते। शिंदे गुट को 29 सीटें मिलीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। 29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। इसमें यह तय होगा कि पद ओपन कैटेगरी, अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। कैटेगरी तय होते ही उसी दिन या अगले दिन अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद सात दिन का नोटिस अनिवार्य होने के कारण मेयर चुनाव 29 या 30 जनवरी को होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 324 और निफ्टी 108 अंक गिरा

एजेंसी, मुंबई



**भारतीय** शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 324 अंक गिरकर 83,246 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 108 अंक की गिरावट रही। यह 25,585 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो और एफएमसीजी सेक्टर छोड़ कर सभी सेक्टर्स में बिकवाली देखने को मिली।

मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.84% की गिरावट रही। बाजार में दिन भर भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सुबह की गिरावट के बाद दोपहर के कारोबार में बाजार निचले स्तरों से रिकवर होता नजर आया। सेंसेक्स अपने दिन के निचले स्तर से 350 अंक रिकवर हुआ और निफ्टी 100 अंक से ज्यादा रिकवर हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 82,898 और निफ्टी ने 25,494 का निचला स्तर छुआ था। टंम्प की टैरिफ वाली धमकी से ग्लोबल मार्केट में गिरावट आई है। अमेरिका से लेकर एशिया तक के बाजारों में डर का माहौल है।

जानकारों का कहना है कि अगर ट्रेड वॉर जैसी स्थिति बनती है, तो आने वाले दिनों में बाजार में और ज्यादा अस्थिरता देखने को मिल सकती है। वहीं, रिलायंस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। रिलायंस का मुनाफा उम्मीद के मुताबिक रहा है, लेकिन मार्जिन में हल्की कमी आने से निवेशकों ने प्रॉफिट बुकिंग शुरू कर दी। वहीं आईसीआईसी बैंक के नतीजे भी इन-लाइन रहे, फिर भी शुरुआती कारोबार में शेयर करीब 3% तक टूट गया। भारी वेटेज वाले इन दोनों शेयरों के गिरने से निफ्टी पर दबाव बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

## सब इंस्पेक्टर ने लगाया महिला पुलिस कर्मियों के टॉयलेट में कैमरा, गिरफ्तार

एजेंसी, चेन्नई

**तमिलनाडु** में एक स्पेशल सब-इंस्पेक्टर ने महिला पुलिस अफसरों के टॉयलेट में हिडन कैमरा छिपा दिया। घटना का पता तब चला जब महिला पुलिस कर्मियों ने टॉयलेट में एक मोबाइल फोन देखा। जांच में पता चला कि मोबाइल आरोपी एसएसआई का था। वह टॉयलेट के अंदर महिला पुलिस कर्मियों का वीडियो बना रहा था। घटना शनिवार की है। हैरानी की बात यह है आरोपी ने रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में घटना को उस समय अंजाम दिया जब वहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन स्वतंत्रता सेनानी त्यागी इमैनुएल सेकरन के मणि मंडपम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में राज्य के अलग-अलग इलाकों से महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया था। आरोपी एसएसआई परमकुडी नगर पुलिस थाने में तैनात था और मणि नगर चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था। इसी जगह पर तंजावुर क्षेत्र की महिला पुलिसकर्मी भी तैनात थीं। पुलिस के अनुसार, महिला पुलिसकर्मियों ने टॉयलेट में एक मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड होते हुए देखा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### बांग्लादेश भारत में खेलेगा या नहीं, कल होगा फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को 21 जनवरी तक यह स्पष्ट करने को कहा है कि वह 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा या नहीं और क्या उसकी टीम भारत आकर मैच खेलेगी। ईएसपीएन क्रिक इन्फो के मुताबिक आईसीसी ने 17 जनवरी को ढाका में हुई बैठक में यह समय-सीमा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को बता दी है। यह एक हफ्ते में आईसीसी और बीसीबी के बीच दूसरी बैठक थी। इसमें बीसीबी ने साफ किया कि वह टी-20 वर्ल्ड कप खेलना चाहता है, लेकिन भारत के बाहर। भारत में खेलने को लेकर टीम की सुरक्षा को लेकर चिंता है। बीसीबी ने सुझाव दिया कि टूर्नामेंट के को-होस्ट श्रीलंका में उनके मैच कराए जाएं। हालांकि, आईसीसी अपने फैसले पर अड़ा हुआ है। आईसीसी ने साफ कहा कि टूर्नामेंट का शेड्यूल नहीं बदला जाएगा और बांग्लादेश को ग्रुप सी में ही खेलना होगा। अगर बांग्लादेश ने इनकार किया तो विकल्प तैयार मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब आईसीसी अंतिम फैसला बीसीडी पर छोड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### सनराइजर्स की क्वालीफायर एक में जगह पक्की, एमआई केपटाउन बाहर

**एजेंसी, गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई केपटाउन को सात विकेट से हराकर एसए-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया। सनराइजर्स की इस जीत से एमआई केपटाउन की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद पर भी पानी फिर गया। उसे आगे बढ़ने के लिए बोनस अंक के साथ जीत की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। एमआई केपटाउन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए। उसकी तरफ से रीज़ा हेंड्रिक्स ने नाबाद 70 रन (44 गेंदें, आठ चौके, एक छक्का) और जॉर्ज लिंडे ने 17 गेंदों में 30 रन (चार छक्के) का योगदान दिया लेकिन यह बोनस अंक के साथ जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। सनराइजर्स की तरफ से क्रिस ग्रीन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### एचआईएल ने मुझे एक बेहतर स्ट्राइकर बनाया: लालरेमसियामी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** श्राची बंगाल टाइगर्स की फॉरवर्ड लालरेमसियामी ने वुमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी टीम के रनर-अप रहने पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे व्यक्तिगत और टीम दोनों स्तर पर सीख से भरा सीजन बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि टीम अगले सीजन में एक कदम और आगे बढ़ते हुए खिताब जरूर जीतेगी। लालरेमसियामी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 'हमारे लिए यह सीजन काफी अच्छा रहा। हम जरूर चैंपियन बनना चाहते थे, लेकिन एक टीम के तौर पर हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कई बार नतीजे आपके नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन इस बार हीरो एचआईएल का अनुभव मुझे बहुत पसंद आया। हमने खेल का आनंद लिया और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा।' श्राची बंगाल टाइगर्स ने टूर्नामेंट में कई मुकाबले खेले, जो पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचे, जिसमें एसजी पाइपर्स के खिलाफ खेला गया फाइनल भी शामिल रहा। इन दबाव भरे मुकाबलों पर बात करते हुए लालरेमसियामी ने कहा कि टीम ने नतीजों से ज्यादा अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखा। (अनंत ज्ञान)

### सामिया आरजू का दिलकश अंदाज

**पाकिस्तान।** हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू फ्लाइट अटेंडेंट भी रही हैं। इसी दौरान दुबई में उनकी मुलाकात हसन अली से हुई थी। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।



## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान दौरे के लिए 17 सदस्यीय टी-20 टीम की घोषित

# कमिंस-हेजलवुड और डेविड का कटा पत्ता

**एजेंसी, मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलिया** ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर दिया है। चोट से जूझ रहे कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड को आराम दिया गया है, ताकि वे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट हो सकें।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले जाने वाले तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण चुना है। बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन के दम पर पर्थ स्कॉर्चर्स के तेज गेंदबाज माहली बीर्डमैन और सिडनी सिक्सर्स के युवा ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को पहली बार टी-20 टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू नहीं कर पाए हैं, लेकिन



◆ तेज गेंदबाज बीर्डमैन और ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को पहली बार मिला मौका

इससे पहले भारत दौरे के दौरान वे व्हाइट-बॉल स्क्वॉड का हिस्सा रह चुके हैं। ब्रिस्बेन हीट के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ भी पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के दावेदार हैं। हाल के बिग बैश सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन को इसका इनाम मिला है। रेनशॉ ने पिछले दो बीबीएल सीजन में 604 रन बनाए हैं और उनका औसत 35.53 रहा है। जैक एडवर्ड्स इस समय सिडनी सिक्सर्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा बिग बैश में 15 विकेट झटके हैं। वहीं, 20 वर्षीय माहली बीर्डमैन ने अपने पहले फुल बीबीएल सीजन में 8 विकेट लेकर पर्थ स्कॉर्चर्स को शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बीबीएल 15 के फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ी टूर्नामेंट खत्म होने के बाद पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए शानदार मौका है जो चयन की दहलीज पर हैं।

साथ ही कुछ युवा खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप ग्रुप के साथ अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा। पाकउ के खिलाफ सीरीज के तीनों टी-20 मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 29 जनवरी, 31 जनवरी और 1 फरवरी को खेले जाएंगे। इस दौरे पर जाने वाले 17 में से 10 खिलाड़ी टी-20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का भी हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया को भरोसा है कि जोश हेजलवुड (हैमस्ट्रिंग और एचिलीज चोट) और टिम डेविड (हैमस्ट्रिंग) टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत तक फिट हो जाएंगे। कमिंस की पीठ की चोट से उबरने को लेकर टीम प्रबंधन धैर्य बरत रहा है और उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीम**

**मिचेल** मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, माहली बीर्डमैन, कूपर कॉनॉली, बेन ड्वार्शुइस, जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मिच ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

## मुंबई इंडियंस व दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी करने पर

**एजेंसी, वडोदरा**

**मुंबई** इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं।

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी। गुजरात जायंट्स पर सात विकेट से मिली जीत ने मुंबई इंडियंस के अभियान को कुछ गति प्रदान की, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ लगातार दो हार से उसकी टीम बैकफुट पर चली गई। मुंबई हालांकि अभी पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी चिंता पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। हेली मैथ्यूज के चोटिल होने और शीर्ष क्रम में अमेलिया केर और जी कमलिनी के साथ किए गए असफल प्रयोगों के कारण मुंबई इंडियंस का टूर्नामेंट में पावरप्ले में रन रेट सबसे कम (6.50) रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नहीं चल पाने के कारण कप्तान हरमनप्रीत और नैट साइवर-ब्रंट पर बोझ बढ़ गया। जब भी इन दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तब मुंबई इंडियंस को संघर्ष करना पड़ा। मुंबई इंडियंस में इस बीच अपनी अंतिम एकादश में लगातार बदलाव किए जिससे टीम के अंदर अस्थिरता की भावना बढ़ गई। उसकी फील्डिंग भी निराशाजनक रही है। पांच मैचों में 10 कैच छोड़ने से उसे महत्वपूर्ण मौकों पर नुकसान हुआ है। दूसरी ओर पिछले सत्र की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में तीन हार के साथ तालिका में सबसे नीचे है। उसने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की। (अनंत ज्ञान)

## भारत के खिलाफ वनडे शृंखला में ऐतिहासिक जीत पर है गर्व: मिचेल

**एजेंसी, इंदौर।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा कि भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शृंखला में ऐतिहासिक जीत दबाव में शांति के साथ फैसले लेने और एक दूसरे पर विश्वास करने के कारण मिली। न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में 41 रन से जीत दर्ज करके भारतीय धरती पर पहली द्विपक्षीय वनडे शृंखला जीती। भारत ने शतकवीर विराट कोहली और हर्षित राणा की अहम साझेदारी के दम पर 338 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने की उम्मीद जगाई, लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया। मिचेल ने स्वीकार किया कि तब उनकी टीम दबाव में थी लेकिन उन्होंने अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की जिन्होंने संयम बनाए रखा। तीसरे मैच में 137 रन बनाने वाले मिचेल ने कहा कि उन्होंने बहुत अच्छी साझेदारी निभाई और तब इस मैदान की प्रकृति, विकेट और छोटे आकार के कारण हम पर काफी दबाव था। मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने शांति से काम लिया और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। उन्होंने कहा कि यह शानदार मैच था जो रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था। मुझे लगता है कि दोनों टीमों को अपने प्रदर्शन पर बहुत गर्व होना चाहिए। मिचेल ने इसके साथ ही कहा कि श्रृंखला की मिली यह जीत उनके लिए काफी मायने रखती है। (अनंत ज्ञान)

# प्रज्ञाननंदा की एक और हार, गुकेश ने फिर ड्रॉ खेला

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है।

प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा। एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान



गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली। वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में खेल रहे चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमुस के साथ ड्रॉ खेला और इस तरह उन्होंने भी संभावित दो अंकों में से एक अंक हासिल कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

## हमें अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा और कैचिंग में सुधार करना होगा: गिल

एजेंसी, इंदौर। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे शृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। शृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, 'दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।' गिल ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की।

बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा। भारत पूरी शृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया, जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। इस मैच में विराट कोहली के शतक ने कुछ समय के लिए मैच का रुख पलटने की उम्मीद जगाई थी। (अनंत ज्ञान)

## साउथ अफ्रीका को बड़ा झटका, डोनोवन फरेरा के कंधे में फ्रैक्चर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा झटका लगा है। जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच खेले गए एसए-20 मैच के दौरान डोनोवन फरेरा के कंधे में फ्रैक्चर हो गया है। इस खतरनाक बैटिंग ऑलराउंडर को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फिनिशर और बैकअप विकेटकीपर के तौर पर चुना गया था। फरेरा का अब 7 फरवरी से खेले जाने वाले मेगा इवेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक प्रोटियाज की तरफ से उनके बाहर होने की पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल शनिवार रात कैपिटल्स की पारी की आखिरी गेंद पर हुई। फरेरा कवर बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे, इसी दौरान उन्होंने एक चौका रोकने के लिए पूरी ताकत से छलांग लगाई, लेकिन वह अजीब तरह से अपने बाएं कंधे पर गिरे और तुरंत दर्द से कराहते नजर आए। चोट के बावजूद वह बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन एक गेंद ही खेल पाए। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की निगाह इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने पर

**एजेंसी, जकार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में इंडिया ओपन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। भारत का कोई भी खिलाड़ी किसी भी वर्ग में अंतिम आठ से आगे नहीं बढ़ पाया था। चीनी ताइपे के लिन चुन यी और कोरिया की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। अब सारा ध्यान जकार्ता पर केंद्रित हो गया है, जहां भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली जी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। सिंधू को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से होगा। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: कोको गॉफ अनिसिमोवा व मेदवेदेव दूसरे दौर में

**एजेंसी, मेलबर्न**

**तीसरी** वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं।

पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था। महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया ज़खारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया। इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी



रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा। एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था। अमेरिका के 19वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हमवतन अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर रेली ओपेल्का और 13वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

## युवा खिलाड़ियों को कोहली से सीख लेने की जरूरत: गावस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए। भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए। गावस्कर ने एक कार्यक्रम में कहा कि विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है। उन्होंने बताया कि भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था। भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था। गावस्कर ने कहा कि जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था, और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है। भारत को ठीक इसी स्थिति का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)



**एफकॉन** विवादों से भरे फाइनल में अतिरिक्त समय में पापे गुएये के निर्णायक गोल ने दिलाई जीत

# सेनेगल ने मोरक्को को हराकर जीता अफ्रीका कप

**एजेंसी, रबात**

**सेनेगल** ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एफकॉन) 2025 के फाइनल में मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। अतिरिक्त समय में पापे गुएये के निर्णायक गोल ने सेनेगल को जीत दिलाई, लेकिन यह मुकाबला एक विवादास्पद पेनल्टी और मैदान के बाहर-भीतर हुई बदसूरत घटनाओं के कारण चर्चा में रहा।

मैच का सबसे नाटकीय पल तब आया, जब इंजरी टाइम के 24वें मिनट में मोरक्को को पेनल्टी मिली। ब्राहिम डियाज के खिलाफ बॉक्स में फाउल को लेकर वीएआर जांच के बाद रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने स्पॉट-किक दी। हालांकि, करीब 20 मिनट तक चले हंगामे और विरोध के बाद डियाज जब पेनल्टी लेने पहुंचे तो उनका कमजोर चिप शॉट सेनेगल के गोलकीपर एडुआर्ड मेंडी ने आसानी से बचा लिया। पेनल्टी के फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी





और फैंस भड़क गए थे। कई खिलाड़ी मैदान छोड़ने लगे, जबकि स्टेडियम के एक हिस्से में मौजूद सेनेगल समर्थकों ने कुर्सियां और अन्य वस्तुएं फेंक दीं और मैदान में घुसने की कोशिश की। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस और स्टूवर्ड्स को दखल देना पड़ा। इससे पहले भी सेनेगल का एक गोल विवाद में रहा था, जब इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में अब्दुलाये सेक के हेडर के बाद इस्माइला सार्र के रिबाउंड गोल को फाउल बताकर रद्द कर दिया गया। पेनल्टी बचने के बाद सेनेगल का आत्मविश्वास बढ़ गया और अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में उसने विजयी गोल दाग दिया। सादियो माने ने मिडफील्ड में गेंद जीती और इद्रिस्सा गाना गुएये के जरिए पापे गुएये को पास दिया। विल्लारियल के मिडफील्डर पापे गुएये ने मोरक्को के कप्तान अशरफ हकीमी को पीछे छोड़ते हुए शानदार शॉट से गेंद को टॉप कॉर्नर में डाल दिया। 66,526 दर्शकों से खचाखच भरे प्रिंस मौले अब्देल्लाह स्टेडियम में यह गोल मेजबान फैंस के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। ब्राहिम डियाज़ को इसके बाद तुरंत बदल दिया गया। हालांकि मोरक्को के पास बराबरी का मौका भी था, लेकिन अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में नायफ अगुएर्द का हेडर क्रॉसबार से टकरा गया। मोरक्को अपने घरेलू मैदान पर 50 साल बाद दूसरा एफकॉन खिताब जीतने का सपना देख रहा था, लेकिन यह सपना टूट गया। वहीं, सेनेगल ने आखिरी मिनटों में 2-0 करने का मौका गंवाया, जब चेरीफ एनडियाए गोल नहीं कर पाए, लेकिन टीम ने बढ़त बनाए रखी। यह सेनेगल का पिछले तीन संस्करणों में दूसरा एफकॉन खिताब है। इससे पहले 2022 में उसने मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। मैच के दौरान हुई बदसूरत घटनाओं की जांच अब सेनेगल टीम, उसके समर्थकों और मोरक्को के आयोजकों की भूमिका पर केंद्रित होगी। (अनंत ज्ञान)

## ला लीगा: रियल सोसिएदाद ने बार्सिलोना को 2-1 से हराकर किया उलटफेर

**एजेंसी, सान सेबेस्टियन**

**रियल** सोसिएदाद ने बारिश से भीगे सान सेबेस्टियन में खेले गए रोमांचक मुकाबले में ला लीगा 2025-26 की टेबल टॉपर बार्सिलोना को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इस हार के साथ ही बार्सिलोना का सभी प्रतियोगिताओं में चला आ रहा 11 मैचों का जीत का सिलसिला भी टूट गया। मैच के दौरान बार्सिलोना ने जबरदस्त दबाव बनाया, खासकर दूसरे हाफ में, लेकिन टीम की बदकिस्मती यह रही कि उसके खिलाड़ी पांच बार गोलपोस्ट या क्रॉसबार पर गेंद मार बैठे।

वहीं सोसिएदाद ने अपने सीमित मौकों का शानदार तरीके से फायदा उठाया। मेजबान टीम के लिए मिकेल ओयारजाबाल ने 32वें मिनट में जोरदार वॉली के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद 70वें मिनट में बार्सिलोना के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मार्क्स रैशफोर्ड ने करीबी दूरी से हेडर लगाकर





बराबरी कर दी। हालांकि, खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी और महज एक मिनट बाद गोंकालो गुएडेस ने बॉक्स के अंदर से शानदार वॉली मारकर सोसिएदाद को फिर से बढ़त दिला दी। मैच के अंतिम क्षणों में रियल सोसिएदाद को बड़ा झटका लगा, जब 88वें मिनट में कार्लोस सोलर को पेड्री पर खतरनाक स्लाइडिंग टैकल के लिए सीधा रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे मेजबान टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। हार के बावजूद हांसी फ्लिक के कोचिंग में खेल रही बार्सिलोना 49 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर बनी हुई है और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से वह सिर्फ एक अंक आगे है। विल्लारियल और एटलेटिको मैड्रिड दोनों के 41-41 अंक हैं और वे काफी पीछे हैं। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच तेज और आक्रामक खेल देखने को मिला। सातवें मिनट में फर्मिन लोपेज का गोल वार के बाद रद्द कर दिया गया, क्योंकि बिल्ड-अप में ताकेफुसा कुबो पर फाउल पाया गया। इसके अलावा, दोनों टीमों के शुरुआती गोल ऑफसाइड के चलते अमान्य करार दिए गए। दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने बराबरी के लिए पूरी ताकत झोंकी। (अनंत ज्ञान)